सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
28.07.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 18



12 चमेली जान की भूमिका निभायेंगी अंगूरी भाभी

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### टेरर फंडिंग: दूसरी बेंच में अग्रवाल की याचिका

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आधुनिक पावर कंपनी की तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर अब हाईकोर्ट के दूसरी बेंच में सुनवाई होगी।

### मणिपुर मामले की जांच करेगी सीबीआइ

**इंफाल।** मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। अधिकारियों ने बताया कि सरकार राज्य से बाहर सुनवाई का अनुरोध करेगी। गृह मंत्रालय मैतेई और कुकी दोनों समुदायों के संपर्क में है।

### झारखंड में अग्निवीर की भर्ती प्रक्रिया शुरू

**रांची।** राज्य के युवाओं के पास इंडियन एयरफोर्स में अग्निवीर बनने का सुनहरा मौका है। भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गयी है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 17 अगस्त तक आवेदन दे सकते हैं। ऑनलाइन परीक्षा 13 अक्टूबर से आयोजित की जायेगी।

### मिड डे मील घोटाले में आरोप गठन एक को

**रांची।** मिड डे मील में करोड़ों रुपये की राशि घोटाले के आरोपी संजय तिवारी, राजू वर्मा और सुरेश कुमार के खिलाफ एक अगस्त को आरोप गठन किया जायेगा। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया।

### भाजपा-आरएसएस को सिर्फ सत्ता से प्रेम: राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर गुरुवार को फिर तीखा हमला किया। कहा कि मणिपुर जले, देश टूटे, हिंसा फैले, इन सबसे उनका मतलब नहीं है क्योंकि उन्हें सिर्फ सत्ता चाहिए।

### मानवता के लिए भौतिक विकास जरूरी: राष्ट्रपति

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि भौतिकवादी परिवर्तन खुशी का कारक हो सकती है, लेकिन यह मानसिक शांति आध्यात्मिक मार्ग पर चलकर ही प्राप्त की जा सकती है, इसलिए मानवता के लिए भौतिक और आध्यात्मिक विकास आवश्यक है।

### पायरेसी रोकने वाला विधेयक पारित

**नयी दिल्ली।** भारतीय फिल्म उद्योग को पायरेसी (सामग्री चोरी) से होने वाली हानि को रोकने के लिए सिनेमेटोग्राफ (संशोधन) विधेयक 2023 बृहस्पतिवार को राज्य सभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

#### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## गम और आक्रोश के बीच पैतृक गांव में सुभाष मुंडा की अंत्येष्टि, उमड़ी भीड़

# यह गंभीर मामला, अपराधियों को शीघ्र दबोचें : सीएम

### हत्या के विरोध में दूसरे दिन भी बवाल, एक दर्जन हिरासत में, सिटी एसपी के नेतृत्व में एसआइटी गठित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के नगड़ी एरिया के दलादिली चौक में बुधवार की रात माकपा नेता सह आदिवासी नेता सुभाष मुंडा की हत्या से आक्रोशित लोगों का प्रदर्शन दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा। विभिन्न आदिवासी संगठनों ने हत्या के विरोध में रिंग रोड, नगड़ी-गुमला, रांची-डालटनगंज पथ को घंटों जाम रखा। इस हत्या को सीएम हेमंत सोरेन ने गंभीर अपराध करार दिया और पुलिस को शीघ्र अपराधियों को पकड़ने का निर्देश भी दिया। सीएम के निर्देश के आलोक में सिटी एसपी के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया है। इस बीच गुरुवार को दोपहर गम और आक्रोश के बीच सुभाष मुंडा की उनके पैतृक गांव में अंत्येष्टि की गयी। अंत्येष्टि में कई नेता समेत हजारों की संख्या में उनके समर्थक उमड़ पड़े।

**अंत्येष्टि में हजारों उमड़े :** गुरुवार की दोपहर सुभाष मुंडा की अंत्येष्टि उनके पैतृक गांव दलादिली बगीचा टोली में की गयी। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, माकपा विधायक विनोद सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, महिला मोर्चा नेता आरती कुजूर समेत सैकड़ों युवा, बुजुर्ग, ग्रामीण शामिल हुए।

**सीएम ने दिया आदेश, अपराधी को शीघ्र पकड़ें :** आदिवासी नेता सुभाष मुंडा की हत्या को सीएम हेमंत सोरेन ने गंभीर अपराध माना है। सीएम ने डीजीपी अजय कुमार सिंह को जल्द हत्या के कारणों, वांटेड अपराधियों की धर-पकड़ करने का निर्देश दिया है। निर्देश के आलोक में पुलिस मुख्यालय ने डीआइजी अनूप बिरथरे, एसएसपी किशोर कौशल को मामले का उद्भेदन करने का जिम्मा देते हुए एसआइटी गठित की है। गठित एसआइटी का मुखिया सिटी एसपी को बनाया गया है।

(शेष पेज 11 पर)





#### नगड़ी थानेदार सस्पेंड रोहित को कमान

इसके पूर्व लापरवाही के आरोप में नगड़ी के थानेदार ओमप्रकाश को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। उसके स्थान पर 2018 बैच के दारोगा रोहित कुमार को नया थानेदार बनाया गया है। डीआइजी ने बताया कि थानेदार को आधे घंटे तक हत्या की कोई जानकारी नहीं थी, इससे यह प्रतीत होता है कि वह क्षेत्र में हो रही घटनाओं पर नजर नहीं रख रहे हैं।

# मानसून सत्र आज से, हंगामे के आसार

### मणिपुर पर आवाज उठायेगी कांग्रेस, विस के आसपास 144 लागू, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

- यूपीए की बैठक में विपक्ष को जवाब देने की रणनीति पर चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गुरुवार से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र की सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गयी है। मॉनसून सत्र को लेकर पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से रणनीतिक बैठक की गयी है। सत्तारूढ़ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा है कि मणिपुर की घटना को लेकर उनकी पार्टी सदन में आवाज उठायेगी। वहीं, बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में एनडीए की बैठक में सरकार को घेरने की रणनीति बनायी गयी। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के अनुसार मॉनसून सत्र को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। विधानसभा परिसर के आस-पास दंडाधिकारियों के नेतृत्व में सुरक्षा बल तैनात किये गये हैं।

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन दिन शोक प्रकाश के बाद सदन स्थगित हो जायेगा। 29 एवं 30 जुलाई को अवकाश है। इसके बाद मॉनसून सत्र के दूसरे दिन 31 जुलाई को वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन होगा। वहीं, एक अगस्त को प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी पर सामान्य वाद-विवाद, मतदान, तत्संबंधी विनियोग विधेयक का उपस्थापन एवं पारण होगा। 2 अगस्त को प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य होंगे। 3 अगस्त को प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य किया जायेगा। मॉनसून सत्र के आखिरी दिन 4 अगस्त को प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य, गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे।

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई।

(शेष पेज 11 पर)



### भाजपा की बैठक में नहीं हो सका नेता प्रतिपक्ष का चयन

## सदन में सरकार को घेरने की बनी रणनीति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक दल की बैठक में गुरुवार को मॉनसून सत्र को लेकर रणनीति बनी। पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय पर्यवेक्षक अश्विनी चौबे व प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी की मौजूदगी में भी नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा नहीं हो सकी। अब नये सिरे से केंद्रीय पर्यवेक्षक विधायकों से राय लेकर आलाकमान को रिपोर्ट सौंपेंगे। इसी के बाद पार्टी आलाकमान नये विधायक दल के नेता का चयन करेगी।



बैठक की अध्यक्षता बाबूलाल मरांडी ने की। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के अलावा विधायक सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, नवीन जायसवाल, कोचे मुंडा, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, रामचंद्र चंद्रवंशी, भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, शशि भूषण मेहता, पुष्पा देवी, नीरा यादव, मनीष जायसवाल, अमर बाउरी, राज सिन्हा, अपर्णा सेन गुप्ता, ढुल्लू महतो, किशुन दास, केदार हाजरा, नारायण दास,अमित मंडल, जेपी पटेल, समरी लाल उपस्थित थे।

(शेष पेज 11 पर)

### इडी निदेशक का कार्यकाल बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# ...क्या पूरा विभाग अक्षम अफसरों से भरा हुआ है

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इडी निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल 15 सितंबर तक बढ़ा दिया। इडी निदेशक एसके मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने के सरकार के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्या पूरा विभाग अक्षम अधिकारियों से भरा हुआ है? केंद्र ने कोर्ट से कहा कि वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की समीक्षा को देखते हुए प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के नेतृत्व में निरंतरता जरूरी है।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इडी निदेशक मिश्रा अपरिहार्य नहीं हैं, लेकिन वित्तीय कार्रवाई कार्य बल समीक्षा कवायद के लिए उनकी मौजूदगी जरूरी है। आगे केंद्र ने कहा कि कुछ पड़ोसी देशों की मंशा है कि भारत एफएटीएफ की 'संदिग्ध सूची' में आ जाये और इसलिए इडी प्रमुख पद पर निरंतरता जरूरी है।

**आगे कार्यकाल में और विस्तार नहीं होगा :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह व्यापक सार्वजनिक और राष्ट्रीय हित में इडी निदेशक का कार्यकाल बढ़ा रहा है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 15 सितंबर के बाद ईडी प्रमुख संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल में और विस्तार नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि मिश्रा 15 सितंबर की मध्य रात्रि के बाद इडी के प्रमुख नहीं रहेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### पहला वनडे भारत ने 5 विकेट से जीता

**बारबाडोस।** स्टार बल्लेबाज ईशान किशन की शानदारी पारी (52) के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज को पहले वनडे में 5 विकेट से हरा दिया। किशन का यह चौथा वनडे अर्धशतक है। तीन मैचों के वनडे सीरीज के पहले मैच में गुरुवार को टास हार कर वेस्टइंडीज टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। 23 ओवर में 114 पूरी टीम सिमट गयी। भारत को जीत के लिए 115 रनों का मामूली का लक्ष्य मिला था। वेस्टइंडीज की ओर से कप्तान शाई होप में सबसे ज्यादा 43 रन बनाये। कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके। रविंद्र जडेजा को 3 विकेट मिले। भारत ने 22.5 ओवर में 118 रन बना कर यह मैच जीता। कप्तान रोहित शर्मा (12) और रवींद्र जडेजा (16) नाबाद रहे।

## संविदाकर्मियों के स्थायीकरण पर 23 को महाधिवक्ता देंगे जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संविदा पर नियुक्त कर्मियों और दैनिक कर्मियों की ओर से दायर 84 अलग-अलग याचिकाओं की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से पक्ष रखा गया। अब 23 अगस्त को राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन पक्ष रखेंगे। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में हुई। याचिकाकर्ताओं में संविदा कर्मी एवं दैनिक कर्मी शामिल है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वह 10 वर्षों से अधिक समय से संविदा पर या दैनिक कर्मी के रूप में काम करते आ रहे हैं।

उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट के कई जजमेंट सहित राज्य सरकार की नियमावली का जिक्र करते हुए कहा गया कि उनकी नियुक्ति नियमित की जानी चाहिए। वहीं जिन मामलों में राज्य सरकार का जवाब नहीं आया है, उस मामले में कोर्ट ने सरकार को 4 सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए ऐसे सभी मामलों को अलग करते हैं उनकी सुनवाई अलग करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण, मनोज टंडन, इंद्रजीत सिन्हा, सुमित गड़ोदिया, सौरभ अरुण, अमृतांश वत्स आदि ने पैरवी की। याचिकाकताओं में धारों उड़ान, नूतन कुमारी सहित 84 अलग-अलग याचिकाएं दायर की गयी है।

### सवा लाख से ज्यादा पीएम किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित

# गांवों के विकास से ही समृद्ध होगा भारत: मोदी

- दशकों बाद आयी है किसानों का दुख दर्द समझने वाली सरकार
- पीएम किसान सम्मान निधि में 18 हजार करोड़ रुपये भेजे

**एजेंसी**

**सीकर (राजस्थान)।** भारत विकसित भी तभी बन सकता है, जब भारत के गांव विकसित हों। इसलिए हमारी सरकार भारत के गावों में हर वो सुविधा पहुंचाने का काम कर रही है, जो शहरों में मिला करती है। पीएम मोदी गुरुवार को देश भर में सवा लाख से ज्यादा पीएम किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित करने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा, गांव और ब्लॉक लेवल पर बने इन पीएम किसान समृद्धि केंद्रों से करोड़ों किसानों को सीधा लाभ होगा।


(शेष पेज 11 पर)



#### पौने दो लाख से ज्यादा और केंद्र बनेंगे

पीएम ने कहा कि इस साल के अंत तक देश में पौने दो लाख से ज्यादा पीएम किसान समृद्धि केंद्र और बनाये जायेंगे। केंद्र में जो सरकार है, वो किसानों के खर्चे कम करने के लिए, उनके खर्चों में हाथ बंटाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम कर रही है। पीएम किसान सम्मान निधि, दुनिया की सबसे बड़ी योजना है जिसमें किसानों के बैंक खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर किये जाते हैं। आज की चौदहवीं किश्त को जोड़ दें तो अब तक 2 लाख 60 हजार करोड़ से भी ज्यादा रुपये किसानों के बैंक खातों में सीधे भेजे गये हैं। इन पैसों ने छोटे-छोटे अनेक खर्च निपटाने में किसानों की बड़ी मदद की है।

संदेश



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

समस्त झारखण्डवासियों को
74वें वन महोत्सव 2023
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

वन एवं वृक्ष की महत्ता और आवश्यकता से हम सभी परिचित हैं। वृक्ष हमारे जीवन हेतु अति आवश्यक ऑक्सीजन, तरह-तरह की औषधियाँ, फल, फूल, बीज आदि देते हुए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से भू एवं जल तथा जैव विविधता का संरक्षण करते हुए काफी लाभ पहुँचाते हैं।

वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य हमारी पृथ्वी की घटती हरियाली को पुन: जीवित जैव विविधता संरक्षण एवं पारिस्थितिक तंत्र के मूल रूप में वापसी में सहायता प्रदान करना है।

आज घटती हरियाली के वजह से हमारी पृथ्वी व मानव जाति पर बढ़ते मरुस्थलीकरण, पारिस्थितिक तंत्र का ह्रास और बढ़ता वायु प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग का खतरा सामने है।

हमारे झारखण्ड के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि ईश्वर द्वारा हमें प्राकृतिक रूप से जल, जंगल, जमीन प्रचुर संपदा के रूप में प्रदान किया गया है। झारखण्डवासियों के अमूल्य प्रयास एवं सहयोग के द्वारा यहाँ के वनों के क्षेत्रफल एवं उसकी गुणवत्ता में वृद्धि हो रही है। झारखण्ड सरकार पर्यावरण के नुकसान, पारिस्थितिकी तंत्र, वायु और जल प्रदूषण तथा ग्लोबल वार्मिंग की समस्याओं को कम करने को लेकर सतत् प्रयत्नशील है।

आईये, वन महोत्सव के अवसर पर हम संकल्प लें कि हम सभी इस वर्ष कम से कम दो पौधा लगायेंगे तथा उसकी देखभाल करते हुए उसे एक पूर्ण वृक्ष के रूप में विकसित करने हेतु किये जा रहे प्रयासों में अपना योगदान देंगे।

जोहार!

PRNO 303472 (Forest,Environment and Climate Changes)IPRD 23-24

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

# पेड़ों की अवैध कटाई का मामला 11 साल बाद फिर से पहुंचा हाइकोर्ट

## वायु प्रदूषण मामले के साथ होगी सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** धनबाद में पेड़ों की अवैध कटाई के खिलाफ ग्रामीण एकता मंच की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने धनबाद में वायु प्रदूषण से संबंधित जनहित याचिका को इसके साथ संलग्न करते हुए दोनों मामलों की सुनवाई एक साथ 6 सितंबर को करने का निर्देश दिया।

दरअसल, ग्रामीण एकता मंच की ओर से सबसे पहले वर्ष 2008 में धनबाद में पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर ग्रामीण एकता मंच की ओर से एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी। जिसमें हाईकोर्ट ने धनबाद में पौधारोपण करने, बीसीसीएल को पेड़ पौधों को संरक्षित रखने सहित कई दिशा -निर्देश दिए थे। साथ ही मामले को वर्ष 2012 में यह कहते हुए निष्पादित कर दिया था कि अगर भविष्य में प्रार्थी को लगता है कि यदि पेड़ों की अवैध कटाई जारी है तो वह फिर से जनहित याचिका दाखिल कर सकता है।

कोर्ट के इस आदेश के आलोक में ग्रामीण एकता मंच द्वारा 11 साल बाद फिर से धनबाद में अवैध पेड़ कटाई को रोकने को लेकर जनहित याचिका दाखिल की है। इसकी सुनवाई गुरुवार को हुई। इस दौरान प्रार्थी की ओर से बताया गया कि धनबाद में वायु प्रदूषण की विकट स्थिति को नियंत्रित करने को लेकर ग्रामीण एकता मंच, धनबाद की ओर से एक और जनहित याचिका दायर की गई है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सौमित्र बारोई ने पैरवी की।

### लॉकडाउन के समय झारखंड में पेड़ कटाई मामले में सीआइडी का जवाब नहीं हुआ दाखिल, समय की मांग की गयी

**रांची।** लॉकडाउन के समय में झारखंड में वन विभाग द्वारा राज्य के कई जिलों में पेड़ काट दिए जाने की सीआईडी जांच की रिपोर्ट देने का आग्रह करने वाली कमलेश कुमार सिंह की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में सीआईडी की ओर से जवाब दाखिल नहीं हुआ, जवाब दाखिल करने के लिए सरकार की ओर से समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 6 सितंबर निर्धारित की है। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पिछली सुनवाई में सीआईडी से लॉकडाउन के समय पूरे राज्य में काटे गए पेड़ के संबंध में रिपोर्ट मांगी थी।

#### क्या है मामला

लॉक डाउन के समय झारखंड के जामताड़ा, पलामू, चाईबासा, रांची आदि जिलों में वन विभाग की ओर से पेड़ काट दिए गए थे। इन काटे गए पेड़ों को 200 से अधिक ट्रकों में भरकर ले जाया गया था। कोर्ट को यह भी बताया गया था कि प्रार्थी ने पत्र लिखकर सीएम को लॉकडाउन में झारखंड में पेड़ काटे जाने की जानकारी दी थी, जिसके बाद सीएम ने डीजीपी को मामले में जांच करने का आदेश दिया था। लेकिन इसपर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। बाद में प्रार्थी द्वारा कई अन्य जगहों पर भी इसके संबंध में शिकायत की गई। जिसके बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई, सीएम ने इसकी जांच सीआईडी से करने की बात कही थी। लेकिन अब तक सीआईडी ने लॉकडाउन के समय राज्य के जिलों में काटे गए पेड़ के संबंध में रिपोर्ट नहीं दी है।

**क्या कहा है प्रार्थी ने याचिका में**
याचिका में कहा गया है कि धनबाद के माइनिंग इलाकों में अवैध रूप से पेड़ काटे काटे जा रहे हैं। धनबाद में सघन वन नहीं है। ऐसे में अवैध रूप से पेड़ कटाई से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा और पर्यावरण पर भी असर पड़ेगा।

# प्रोत्साहन राशि मानहानि मामले में विधायक सरयू राय को मिला 41 का नोटिस

## नोटिस जारी होने की तिथि से एक हफ्ते के भीतर दें जबाव

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और उनके अधीनस्थ कार्य करने वाले कर्मियों पर गलत तरीके से कोरोना प्रोत्साहन राशि लेने का विधायक सरयू राय ने लगाया था आरोप



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रोत्साहन राशि मानहानि मामले में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय को कॉलम 7 में आरोपी के नाम के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में सरयू राय को 41 का नोटिस मिला है। नोटिस मिलने के बाद नोटिस में दी गई तारीख और समय पर थाने में इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर के समक्ष विधायक सरयू राय को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। धारा 41 के मुताबिक यदि इस धारा के तहत दिए गए नोटिस का पालन नहीं किया जाता है और वे अदालत में उपस्थित होकर जवाब नहीं देते हैं तो पुलिस द्वारा कानूनी कार्यवाई की जा सकती है और आरोपी को गिरफ्तार किया जा सकता है।

मालूम हो कि विधायक सरयू राय ने प्रोत्साहन राशि मामले में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और उनके अधीनस्थ कार्य करने वाले कर्मियों पर गलत तरीके से कोरोना प्रोत्साहन राशि लेने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में मंत्री बन्ना गुप्ता ने चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट के जज ऋषि कुमार ने वारंट जारी किया था, जिसमें विधायक सरयू राय जमानत पर हैं।

वहीं, दूसरी तरफ डोरंडा थाना में भी ऑफिस ऑफ सीक्रेट के तहत गोपनीय दस्तावेज चोरी करने का मामला दर्ज कराया गया था, जिसमें दर्ज प्राथमिकी में सरयू राय का नाम वाइटनर लगा कर हटा दिया गया था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के ऑब्जेक्शन के साथ रांची सिविल कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कॉलम 7 में आरोपी के रुप में विधायक सरयू राय का नाम जोड़ने का निर्देश दिया था, उसी के तहत अपना जवाब देने के लिए 41 का नोटिस दिया गया है। विधायक सरयू राय को नोटिस देते हुए कहा गया है कि आपके ऊपर विभिन्न धाराओं के साथ जो भी आरोप लगाए गए हैं, उसपर आपको नोटिस जारी होने की तिथि यानि 26 जुलाई के एक सप्ताह के अंदर जवाब देना है।

## मणिपुर हिंसा के खिलाफ विधानसभा में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस : आलमगीर आलम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 28 जुलाई से शुरू होने वाले मॉनसून सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और बादल पत्रलेख के अलावा कांग्रेस के विधायकों ने हिस्सा लिया। विधायक दल की बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता और संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा की विधानसभा का मॉनसून सत्र सुचारू रूप से चले कांग्रेस यही चाहती है, साथ ही विपक्ष के आरोपों और उसकी रणनीति को नाकाम करने पर पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में मणिपुर की घटना को लेकर कांग्रेस धरना और प्रदर्शन करेगी और इसका विरोध करेगी। साथ ही स्थानीयता, मॉब लिंचिंग और ओबीसी आरक्षण विधेयक फिर से सदन में प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि सभी विधायकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में जरूर उठाएं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि बैठक में राज्य की कानून व्यवस्था पर भी चर्चा हुई और बुधवार को सीपीएम नेता सुभाष मुंडा की हत्या के बाद की स्थिति पर भी चर्चा हुई। शाम को यूपीए की बैठक है उसमें भी इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। आज की बैठक में कांग्रेस के दो निलंबित विधायक डॉ इरफान अंसारी और नमन विक्सल कोंगाड़ी भी शामिल हुए।

# राज्यपाल की ओर से वापस किये गये विधेयक फिर सदन पटल पर रखेगी सरकार

**जनहित में खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण और मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक पुनः विधानसभा के पटल पर लायेगी सरकार, वापस किये गये विधेयकों से संबंधित राज्यपाल का संदेश उपलब्ध कराने का आग्रह**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार मॉनसून सत्र में फिर से खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण व मॉब लिंचिंग विधेयक लायेगी। इसकी तैयारी कर ली गयी है। मालूम हो कि तत्कालीन राज्यपाल द्वारा स्थानीय व्यक्तियों की झारखंड परिभाषा और ऐसे स्थानीय व्यक्तियों को परिणामी, सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभ प्रदान करने के लिए विधेयक, 2022, भीड़ हिंसा और मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक 2021 एवं पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिये सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सीमा 27 प्रतिशत करने संबंधी विधेयक को वापस करने के बाद राज्य सरकार पुनः इसे विधानसभा के पटल पर रखने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके लिये राज्यपाल सचिवालय द्वारा लौटाये गये उक्त विधेयक को भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 एवं झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-98, 1 के तहत राज्यपाल के संदेश के साथ राज्य सरकार एवं विधानसभा को उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध राज्यपाल सचिवालय से किया है। उल्लेखनीय है कि विधान सभा से पारित किसी भी विधेयक पर राज्यपाल की सहमति के लिये राज्य सरकार द्वारा राज्यपाल सचिवालय को भेजा जाता है। विधेयक पर राज्यपाल की सहमति या असहमति होने पर राज्यपाल द्वारा उक्त विधेयक को लेकर एक संदेश भी संलग्न रहता है। लेकिन वापस किये गये उपरोक्त विधेयक में राज्यपाल सचिवालय द्वारा संदेश संलग्न नहीं किया गया है। राज्य सरकार इन विधेयकों को विधिवत पुनः विधान सभा में लाने हेतु कार्य कर रही है। इसलिये, राज्यपाल सचिवालय से उक्त संदेश को उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। ताकि सरकार पूरी मजबूती के साथ जनहित के इन विधेयकों को पुनः विधानसभा के पटल पर उपस्थापित कर सके।

### सीएम ने गरीब छात्र को दी डेढ़ लाख की आर्थिक सहायता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आईआईटी,खड़गपुर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के लिये चयनित अत्यंत गरीब परिवार के प्रतिभावान छात्र प्रवीण उरांव को आर्थिक सहयोग के रूप में एक लाख पचास हजार रुपये का चेक सौंपा। सीएम ने गरीब छात्र-छात्राओं को हरसंभव आर्थिक मदद का भरोसा भी दिया है।

### सीएम ने धीरज साहू की भाभी को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरूवार को राज्यसभा सांसद धीरज साहू के बड़े भाई उदय शंकर प्रसाद साहू की दिवंगत धर्मपत्नी अरुणा साहू की श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुये । मुख्यमंत्री ने दिवंगत अरुणा साहू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बच्चू यादव पर सीसीए लगाने के मामले में हाइकोर्ट ने गृह विभाग से मांगा मूल दस्तावेज



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव के खिलाफ क्राइम कंट्रोल एक्ट( सीसीए) लगाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में गृह विभाग को बच्चू यादव के खिलाफ सीसीए लगाने से संबंधित मूल दस्तावेज को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 10 अगस्त निर्धारित की है। दरअसल राज्य सरकार ने सीसीए के तहत बच्चू यादव के खिलाफ डिटेंशन आर्डर पास किया था। बच्चू यादव के खिलाफ सरकार ने साहिबगंज के डीसी के आदेश के आलोक में 4 मार्च 2023 को सीसीए लगाया था। बाद में इसकी अवधि 3 महीना बढ़ा कर 3 जून 2023 की गई थी। उसके बाद फिर से 3 माह की अवधि विस्तार दिया गया है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि बच्चू यादव के खिलाफ सीसीए का मामला नहीं बनता है उनके रिप्रेजेंटेशन पर किसी तरह का गौर नहीं किया गया। उनके खिलाफ लगाया गया सीसीए नियम के विरुद्ध है, इसलिए इसे निरस्त किया जाना चाहिए।

# भाजपा ने राज्यपाल को सौंपी रुबिका पहाड़िन हत्याकांड की जांच रिपोर्ट



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा ने रुबिका पहाड़िन हत्याकांड की जांच रिपोर्ट राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को सौंप दी है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की 6 सदस्यीय टीम ने राज्यपाल से मिलकर उन्हें रिपोर्ट सौंपा। दिसंबर 2022 में साहिबगंज के बोरियो की रूबिका पहाड़िन की हत्या के बाद प्रदेश भाजपा की ओर से मामले की जांच के लिए 21 सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी। कमिटी ने जांच के बाद रिपोर्ट तैयार की है। जांच कमिटी के अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने राज्यपाल को बताया कि 21 सदस्यीय कमिटी ने बोरियो जाकर हत्याकांड वाले स्थल और मृतका के गांव जाकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया था। इस दौरान रुबिका के परिजनों और गांव वालों से बातचीत के दौरान पता चला कि एक साजिश के तहत बांग्लादेशी घुसपैठिए वहां आदिवासी लड़कियों को प्यार के जाल में फंसा कर उनका शारीरिक मानसिक शोषण कर रहे हैं। साथ ही उनकी संपत्ति पर कब्जा जमा कर उन्हें देह व्यापार में धकेल रहे हैं।

### पहाड़ी, संथाली बच्चियों के आवासीय विद्यालयों में घुसपैठियों का है कब्जा

वहीं शिवशंकर उरांव ने राज्यपाल को बताया कि पहाड़ी, संथाली बच्चियों के आवासीय विद्यालयों में भी घुसपैठियों का अवैध कब्जा रहता है। वहीं से यह बच्चियों को बहला–फुसलाकर प्यार के जाल में फंसाते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से राज्य के जनजाति समाज के माटी, रोटी और बेटी को बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में शिवशंकर उरांव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, मोर्चा प्रभारी एवं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व विधायक ताला मरांडी, अशोक बड़ाईक, दुर्गा मरांडी, सलखु सोरेन और राजेन्द्र मुंडा शामिल थे।

## हर्ष जोहार पाठ्यक्रम के जरिये विकास की ओर अग्रसर सरकारी स्कूल के बच्चे

**रांची।** राज्य में शुरू हुये उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चे हर्ष जोहार के जरिये अब अपने पाठ्यक्रम के महत्व के साथ-साथ रचनात्मकता और भावनात्मक तर्क विकसित करने की ओर अग्रसर हो रहें हैं। राज्य सरकार ने कक्षा 1 से कक्षा 12 तक की आवश्यकता और सामाजिक,सांस्कृतिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर इसको शुरू किया है। हर्ष जोहार पाठ्यक्रम का उद्देश्य राज्य के बच्चों को नकारात्मक भावनात्मक अनुभवों से उबरने की कला सीखना, जटिल समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करने में सक्षम बनाना, आत्म विकास के लिए उनके प्रयास को बल देना, एक दूसरे से सकारात्मक संबंध बनाने एवं दूसरों के प्रति सहानुभूति के महत्व को समझाना है। दरअसल, हर्ष जोहार सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और राज्य के 5 जिलों चतरा, पलामू, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह और दुमका के अन्य 60 स्कूलों में विगत 2 साल से चल रहा है। आने वाले दिनों में झारखंड के सभी प्रखंडों में 360 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बच्चे हर्ष जोहार से जुड़ेंगे। राज्य सरकार ने 80 उत्कृष्ट विद्यालय में से प्रत्येक से दो शिक्षकों का प्रशिक्षण हर्ष जोहार के लिये पूरा हो चुका है।

**झारखंड की संस्कृति की झलक मिलेगी :** हर्ष जोहार पाठ्यक्रम में झारखण्ड के प्रासंगिक क्षेत्र और संस्कृति की झलक है। जहां लोककथाओं, वास्तविक अनुभवों, क्षेत्रीय गतिविधियों को एकीकृत किया गया है। जिससे बच्चे रूबरू हो रहें हैं। इस पाठ्यक्रम को बदलते समय के अनुरूप नये तरीके से डिजाइन किया गया है। जो हमेशा खुश रहने की गतिविधियों से शुरू होगा। संकल्पना और अभिव्यक्ति के साथ समाप्त होगा। हर्ष जोहार का शत प्रतिशत लाभ बच्चों को देने के लिये सभी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के शिक्षकों और हेड मास्टर के प्रशिक्षण की एक श्रृंखला इस शैक्षणिक वर्ष से शुरू की जायेगी। जो प्रशिक्षण हर्ष जोहार पाठ्यक्रम पर आधारित होगी।

### राज्य के सात जिलों में अलर्ट अतिरिक्त फोर्स की तैनाती

**रांची।** मुहर्रम के मददेनजर पुलिस मुख्यालय ने सात जिलों को अलर्ट घोषित किया है। अलर्ट घोषित वाले जिले में रांची, जमशेदपुर, पलामू, बोकारो, गिरिडीह, लोहरदगा, हजारीबाग शामिल हैं। इन जिलों में अतिरिक्त बलों की नियुक्ति की गई है। आईजी ऑपरेशन सह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से निर्देश जारी किया गया है। इस मामले को लेकर कई जगहों पर शांति समिति की बैठक भी आयोजित की जा रही है। जुलूस का मार्ग का सत्यापन किया गया है। असमाजिक तत्वों के विरूद्व निरोधात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। बांड डाउन कराया जा रहा है औश्र इलेक्टॉनिक सर्विलांस रखने के लिए एसएसपी और एसपी को निर्देश दिया गया है। आईजी ने बताया कि जिला स्तर पर सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है, ताकि त्योहार के दौरान असमाजिक तत्वों द्वारा व्हाट्सएप्प ग्रुप, ट्विटर, फेसबुक एवं अन्य संससधनों द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## खबर एक नजर में

### बाबूलाल मरांडी ने पीएम नमो का जताया आभार

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। श्री मरांडी ने कहा कि किसानों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रधानमंत्री ने 1.25लाख किसान समृद्धि केंद्र का राष्ट्र को समर्पित किया है। इससे झारखंड समेत देश भर के किसानों का भला होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के 1607 किसान समृद्धि केंद्र किसानों के आय दोगुनी करने में अत्यंत सहायक होंगे। साथ ही, किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त सुखाड़ की स्थिति में लाखों किसानों केलिये वरदान साबित होगा।

### वन महोत्सव के लिए सीएम को दिया आमंत्रण

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव एल खियांगते एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव ने शिष्टाचार मुलाकात की । इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को 28 जुलाई को आयोजित होने वाले 74 वें महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। वन महोत्सव का आयोजन ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली, नामकुम में होगा।

### झारखंड लेखक संघ ने युवा लेखकों को किया सम्मानित



**रांची।** झारखंड़ लेखक संघ के सफलतापूर्वक 8 साल पूरे होने पर संघ की ओर से गुरूवार को कलमोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उभरते हुए युवा कवियों एवं लेखकों को सम्मानित किया गया। संगठन के अध्यक्ष चंदन प्रजापति ने कहा कि लेखनी के क्षेत्र में युवा अपनी पहचान बना रहे है। संघ की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये गए है जिसमे युवक युवतियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस कार्यक्रम में अमन प्रियदर्शी, हर्षित राजधिर सिंह, आर्यन लाल तिवारी, सच्ची त्रिपाठी, नूपुर दुबे, संस्कृति श्री, बाला शंकर, प्रकाश बड़ाइक व अन्य सदस्यों को सम्मानित किया गया। मौके पर वैभव मनी त्रिपाठी, ललित ओझा, संजय जायसवाल व अन्य सदस्य मौजूद थे।

### साइबर अपराधियों ने सीबीआइ का बनाया फर्जी मेल

**अधिकारियों के नाम पर मांग रहे हैं पैसे**

**रांची।** साइबर अपराधियों द्वारा उइक के फर्जी ईमेल से अधिकारियों के नाम पर पैसे मांगे जा रहे हैं। इसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय प्रेस रिलीज जारी किया है। जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि ऐसी कई फर्जी ईमेल में सीबीआई के अधिकारी होने का दावा किया जा रहा है और पैसे जमा करने की धमकी दी जा रही है। भारत सरकार ने ऐसा कोई ईमेल जारी नहीं किया है। यह दावा फर्जी है। सीबीआई ने इस तरह का मामला सामने आने पर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा है।

**पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की दी रहे चेतावनी**
साइबर अपराधियों ने सीबीआई का फर्जी ईमेल बनाया है। इस ईमेल के जरिये आम लोगों को कहा जाता है कि आपने नाबालिक बच्चे की तस्वीर वायरल की है। पोक्सो एक्ट के तहत आप पर कार्रवाई हो सकती है। कहा जा रहा है कि मामला दर्ज करने से पहले हमने निजी तौर पर आपसे संपर्क करने का निर्णय लिया। आप 24 घंटे के अंदर जवाब दें। नहीं तो आप पर कार्रवाई की जायेगी। इस तरह साइबर अपराधी मामले को रफा-दफा करने के नाम पर लोगों से पैसे की मांग की जा रही है। सीबीआई हेडक्वार्टर ने रांची सीबीआई को भी इस संबंध में लोगों को सचेत रहने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ कहा है कि यदि उन्हें वहां पैसे मांगने की सूचना की शिकायत आती है तो वे साइबर अपराध की श्रेणी के तहत मामला दर्ज कराएं।

## मंत्रिमंडल निर्वाचन पदाधिकारियों का पदस्थापन, अधिसूचना जारी

### देव प्रिया बनायी गयीं हजारीबाग की उप निर्वाचन पदाधिकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मंत्रिमंडल निर्वाचन के 9 पदाधिकारियों का पदस्थापन किया गया है। इसे लेकर कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इन्हें मिली इस जिले की जिम्मेवारी।

### मंत्रिमंडल निर्वाचन के पदाधिकारियों का पदस्थापन

- मां देव प्रिया – उप निर्वाचन पदाधिकारी, हजारीबाग
- हीरा कुमार – उप निर्वाचन पदाधिकारी, कोडरमा
- धीरेन्द्र कुमार – उप निर्वाचन पदाधिकारी, बोकारो
- संजय कुमार – उप निर्वाचन पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन)
- विभाग, झारखंड, रांची (मुख्यालय)
- विनय प्रकाश तिग्गा – उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिमडेगा
- सुषमा लकड़ा– उप निर्वाचन पदाधिकारी, पलामू
- अमित कुमार – उप निर्वाचन पदाधिकारी, लातेहार
- रविन्द्र कुमार गुप्ता – उप निर्वाचन पदाधिकारी, रामगढ़
- संतोष गुप्ता – उप निर्वाचन पदाधिकारी, चतरा

## योजना और विकास विभाग के 14 अधिकारी बदले, अधिसूचना जारी

### अरुण कुमार सिंह बने रांची के जिला योजना पदाधिकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** योजना और विकास विभाग के अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की गई है। इसे लेकर कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

#### जानें कौन अधिकारी कहां थे और कहां गये

- राजीव रंजन सिन्हा - संयुक्त निदेशक-सह- जिला योजना पदाधिकारी, पश्चिमी सिंहभूम को संयुक्त निदेशक सह संयुक्त सचिव, योजना एवं विकास विभाग, रांची बनाया गया है।
- विनय कुमार -उप निदेशक सह जिला योजना पदाधिकारी, रांची- उप निदेशक सह उपसचिव, योजना एवं विकास विभाग, रांची बनाए गये।
- अरूण कुमार द्विवेदी, उप निदेशक-सह- जिला योजना पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम- जिला योजना पदाधिकारी, सरायकेला-खरसावां (अतिरिक्त प्रभार)
- धकारी, लोहरदगा - जिला योजना पदाधिकारी, रांची।
- कुन्दन कुमार - सहायक योजना पदाधिकारी, रांची - प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, खूंटी (अतिरिक्त प्रभार)
- फैजान सरवर, सहायक योजना पदाधिकारी, सरायकेला-खरसावां- योजना पदाधिकारी, गोड्डा।
- पंकज कुमार तिवारी- सहायक योजना पदाधिकारी, जामताड़ा- प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया जाता है।
- कुमार अविनाश- सहायक योजना पदाधिकारी, दुमका- प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, पलामू।
- शिशिर कुमार पंडित- सहायक योजना पदाधिकारी, साहेबगंज - प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, चतरा।
- राजकुमार शर्मा, सहायक योजना पदाधिकारी, गोड्डा- प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, बोकारो।
- अनुप कुमार- सहायक योजना पदाधिकारी, चतरा- प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, साहेबगंज।
- रमण कुमार - सहायक योजना पदाधिकारी, पलामू - प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, सिमडेगा (अतिरिक्त प्रभार) भी सौंपा गया।
- मुकेश कुमार, सहायक योजना पदाधिकारी, सिमडेगा - प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, देवघर, प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी (जामताड़ा)।
- फ्रांसिस कुजूर - सहायक योजना पदाधिकारी, बोकारो - को अगले आदेश तक प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, पश्चिमी सिंहभूम बनाया गया है।
- शिशिर तिग्गा - सहायक योजना पदाधिकारी, लोहरदगा थे। अब प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी बने।
- अनुप कुजूर - सहायक योजना पदाधिकारी, पाकुड़ थे। अब प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी बने।

# लाल सलाम के नारे के साथ कामरेड सुभाष मुंडा को दी गयी अंतिम विदाई









## घटना दुर्भाग्यपूर्ण : बृंदा करात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कामरेड सुभाष मुंडा को अश्रुपुरित आंखों और लाल सलाम के नारे के साथ अंतिम विदाई दी गयी। उनके सम्मान में अगले तीन दिनों तक पूरे राज्य के माकपा कार्यालयों में लाल झंडा झुका रहेगा। सीपीआई (एम) के राज्य कमिटी सदस्य सुभाष मुंडा के पार्थिव शरीर को सुबह सात बजे पार्टी के मेन रोड स्थित राज्य कार्यालय ले जाया गया। जहां राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, जिला सचिव सुखनाथ लोहरा, आदिवासी अधिकार मंच के प्रफुल्ल लिंडा, शिव बालक पासवान, किसान सभा के सुफल महतो, विरेंद्र कुमार, सीपीआई के अजय सिंह, माले के मनोज भक्त, सीटू के अनिर्वाण बोस,

**निवास स्थान से शव यात्रा निकली**

पार्टी कार्यालय से सुभाष मुंडा के पार्थिव शरीर को दलादली चौक ले जाया गया। जहां हजारों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुषों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान महिलाओं की आंखें नम थीं। करीब 12 बजे सुभाष मुंडा के पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान ले जाया गया। इसके बाद दोपहर 2 बजे सुभाष मुंडा की शव यात्रा निकाली गयी। शवयात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। इसके बाद सुभाष मुंडा का अंतिम संस्कार किया गया।

एक्टू के शुभेंदु सेन, साझा मंच के अमल आजाद, एडवा की वीणा लिंडा, पार्टी के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य गोपी कांत बक्सी सहित पार्टी के सदस्यों ने सुभाष मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की। सीपीआईएम के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद बृंदा करात ने कहा कि आदिवासियों की हत्या होना पूरे राज्य के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।







## दलादिली में छह घंटे तक पुलिस ने दुकानदारों को बनाया था बंधक!

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड के बाद जब लोग दलादिली में तोड़फोड़ कर रहे थे। बुधवार को दलादिली में बाजार लगा हुआ था। फायरिंग की घटना के बाद हुई तोड़फोड़ में कुछ दुकानदारों के भी सामानों को फेंक दिया गया था। जब वहां पुलिस फोर्स के साथ वहां पहुंची तो बाजार में ग्राहक और दुकानदार सामान की खरीददारी कर रहे थे। फायरिंग की घटना के बाद सभी अपने सामान के साथ जाने लगे तो उनलोगों को पुलिस ने रोक दिया। छह घंटे तक पुलिस उन दुकानदारों को बंधक बनाकर रखे हुए थे। जब लोग जाना चाह भी रहे थे, लेकिन उन्हें वहां से हिलने तक नहीं दिया जा रहा था।

इधर, आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा देर रात शराब दुकानों, प्रतिष्ठानों में आगजनी करते रहे। लोगों को समझाने गए सिटी एसपी शुभांशु जैन समझाने गए तो उन्हें भी वहां से खदेड़ दिया गया और उनकी स्कॉरपियो गाड़ी का शीशा तोड़ दिया गया।

**हर दिन ऊपर में मिलते थे लोगों से, घटना के दिन नीचे ही कर रहे थे मीटिंग**

बताया जाता है कि सुभाष मुंडा हर दिन अपने कांम्पलेक्स में ऊपरी तल्ले पर बैठे थे। लेकिन, घटना के दिन नीचे वाले फ्लोर पर बैठकर मीटिंग कर रहे थे। मीटिंग के वक्त चार लोग अंदर थे। इनमें सुभाष मुंडा का छोटा भाई अमित मुंडा भी शामिल था। दो बाइक पर सवार होकर चार अपराधकर्मी वहां पहुंचे, जहां एक ने अंदर में घुस कर ताबड़तोड़ फायरिंग कर सात राउंड गोलियां चलाई। गोली लगने से सुभाष मुंडा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**लापुंग के जयनाथ गिरोह व हाजी चौक के कमरूल गोलीकांड की जांच कर रही है पुलिस**

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हाल के दिनों में हाजी चौक में गोली से जख्मी कमरूल गोलीकांड की भी छानबीन की जा रही है। साथ ही साथ लापुंग के जयनाथ गिरोह की भूमिका की भी जांच हो रही है। पुलिस ने आशंका व्यक्त की है सुभाष मुंडा से भी कहीं रंगदारी या लेवी तो नहीं मांगी गई थी। उसी गिरोह ने सुभाष मुंडा पर हमला तो नहीं बोला है। पुलिस की एक टीम कमरूल गोली कांड में गिरफ्तार किए गए और जेल में बंद शूटरों से भी पूछताछ की है। पुलिस को कुछ क्लू मिले हैं, जिसके आधार पर संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है। इस हत्याकांड में रांची के कुछ जमीन कारोबारी के संलिप्त होने की आशंका जाहिर की जा रही है।

## दिल्ली में बंधक बनी नाबालिग मुक्त

**रांची।** 17 महीने से दिल्ली में बंधक नाबालिग लड़की को चाइल्ड राइट फाउंडेशन रांची, दिल्ली पुलिस, महिला आयोग दिल्ली, शक्ति वाहिनी एनजीओ के सहयोग से मुक्त कराया गया है। एएचटीयू थाना रांची में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। जिसमें कहा गया था कि लड़की को जबरन घर में बंधक बनाकर के रखा गया है। 17 महीने से उनको किसी भी प्रकार का पैसा का भी भुगतान नहीं किया गया।

**परिजनों ने दर्ज कराया था मामला :** रांची की एक लड़की दिल्ली के आदर्श नगर के एक मकान में पिछले 17 महीने से बंधक थी। उसे काम दिलाने के बहाने रांची से दिल्ली ले जाया गया था। एक महिला और कुछ लोग ले गए थे दिल्ली एफआईआर के मुताबिक रांची के धुर्वा क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग लड़की को 6 दिसंबर 2021 को एक महिला और कुछ लोग अपने साथ दिल्ली ले गए थे। उसे दिल्ली में किसी व्यक्ति को बेच दिया गया है। लड़की ने अपने भाई को फोन पर बताया है कि वह आदर्श नगर शनिचरिया रोड में एक घर में काम करती है। लड़की की उम्र 17 वर्ष बताई जाती है। लड़की के भाई ने इसकी जानकारी एक सामाजिक संस्था को दी। इसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। लड़की के परिजनों ने उसे मुक्त करने की गुहार लगाई है।

## हत्या कर शव छिपाने के मामले में युवक दोषी करार

**रांची।** चिल्ड्रेन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को हत्या कर लाश छिपाने के मामले के अभियुक्त अनमोल कुमार वर्मा उर्फ सन्नी वर्मा उर्फ काठी को दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 31 जुलाई की तारीख निर्धारित की गई है। अभियुक्त पर युवती की हत्या करने का आरोप है। इस घटना को लेकर मृतका के पिता ने गोंदा थाना में 11 जनवरी 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच के क्रम में युवक को गिरफ्तार किया गया था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से ठोस गवाह प्रस्तुत किया गया। जिसके आधार पर अदालत ने युवक दोषी ठहराया है।

## रांची सिविल कोर्ट के वकील करने जा रहे चौथी शादी ! दो पत्नी पहुंची महिला थाना

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता नईमुद्दीन अंसारी का घरेलू विवाद महिला थाना तक जा पहुंचा है। उनकी पत्नी शमा परवीन और शहला तबस्सुम ने आरोप लगाया है कि उनके पति तीन-तीन पत्नियों के रहते चौथी शादी करने जा रहे हैं। जिस युवती से अधिवक्ता नईमुद्दीन अंसारी शादी करने जा रहे हैं, वह भी रांची सिविल कोर्ट में ही प्रैक्टिस करती है। शमा परवीन और शहला तबस्सुम ने महिला थाना में दिए गए लिखित शिकायत में कहा है कि नईमुद्दीन अंसारी उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। थाना में शिकायत दर्ज होने के बाद अधिवक्ता नईमुद्दीन को नोटिस जारी किया गया है। महिला थाना ने अधिवक्ता को 2 अगस्त को अपना पक्ष रखने के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया है।


झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड वन

वन है तो जीवन है

74वां वन महोत्सव, 2023

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्रीमती महुआ माजी

माननीया सदस्य, राज्यसभा

श्री संजय सेठ

माननीय सांसद, लोकसभा रांची

गरिमामयी उपस्थिति

श्री राजेश कच्छप

माननीय विधायक, खिजरी विधानसभा



दिनांक - 28.07.2023 | समय - अपराह्न 01:00 बजे

स्थान - ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली (कुटियातु चौक) नामकुम, रांची

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 303473 ( Forest,Environment and Climate Changes) IPRD 23-24

## कांटाटोली फ्लाईओवर के निर्माण में बाधा पहुंचा रहे हैं कुछ स्थानीय

# अब अधिग्रहित भूमि पर पुलिस बल के साथ होगा काम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण समय पर पूरा करा कर आम जनता को राहत पहुंचाने की पूरी कोशिश सरकार के स्तर पर की जा रही है, ताकि यातायात सुगम हो और आमजनता को जाम की समस्या नहीं झेलनी पड़े। लेकिन इसके विपरीत पूर्व के एचपीसीएल पेट्रोल पंप के संचालक राबर्ट मिंज और उनके परिवार द्वारा निर्माण कार्य मे लगातार बाधा पहुंचायी जा रही है। यहां तक जान से मारने और एसटीएससी केस करने की धमकी तक दी जा रही है। ऐसी परिस्थिति में अब जिला प्रशासन और पुलिस बल की पर्याप्त प्रतिस्थापना पर ही काम कराया जायेगा।

इससे पहले, गुरुवार की सुबह नगर प्रशासन की सहायता से पेट्रोल पंप और सटे आवासीय परिसर स्थित संरचनाओं को हटाने एवं अधीग्रहित भूमि पर स्थित वृक्षों को काटने के लिए जुडको एवं नगर निगम के इनफोर्समेंट टीम द्वारा संयुक्त रूप से स्थल पर पहुंची, परंतु राबर्ट मिंज की पत्नी एवं अन्य सदस्यों के द्वारा जुडको एवं नगर निगम इनफोर्समेंट के पदाधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। जान से मारने तथा झूठा केस दर्ज करने की धमकी दी गई। संरचनाओं को हटाने गया दल मिंज परिवार की विरोध के कारण वापस चला गया।

काटाटोली फ्लाईओवर कार्यक्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप एवं पेट्रोल पम्प से सटे पंप संचालक के आवासीय परिसर से संबंधित वर्ष 2018 में ही अर्जित भू-खण्ड पर कार्य करने में निरंतर बाधा पहुंचायी जा रही है जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में विगत पांच वर्षों से कई बार जुडको, नगर प्रशासन एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारियों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा नहीं उत्पन्न करने हेतु आग्रह किया जाता रहा है। परन्तु संचालक राबर्ट मिंज एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा कार्यकारी एजेंसी के अभियंताओं एवं कार्मियों को धमकाने, गाली देने के साथ अभद्र टिप्पणी की जाती रही है। कार्य करते समय हिंसात्मक प्रवृति अपनाते हुए लगातार निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है।

**भूअधिग्रहण व मुआवजे की कार्रवाई पूरी होने के बाद भी भूखंड पर नहीं हो पा रहा कब्जा**

**ससमय निर्माण से ही मिलेगी जाम की समस्या से निजात**

निर्माण में लगी एजेंसी की सूचना के अनुसार पिछले अप्रैल माह में पंप संचालक रार्बट मिन्ज एवं उनकी पत्नी के द्वारा कार्य में लगे सुपरवाईजर को बीच शहर में बंदूक निकालकर खदेड़ने जैसी दुस्साहस पूर्ण कारवाई की गई थी। संचालक की ऐसी कृत की वजह से कार्य में लगे अभियंता एवं कर्मियों में भय की स्थिति बनी हुई है। सभी डरे सहमें हुए है। जुडको द्वारा पेट्रोल पम्प संचालक की इस गैरसंवैधानिक रवैये के मद्देनजर संबंधित भू-खण्डों में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों को पर्याप्त सुरक्षा बल के देख रेख में ही कराने की योजना तैयार की जा रही है, ताकि विधि व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए जिला प्रशासन से कुछ लंबी अवधि के लिए उस भू-खण्ड पर कार्य कराने के लिए बल एवं दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्त हेतु अनुरोध किया गया है।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को श्री दिगंबर जैन पंचायत का शिष्टमंडल राज भवन में मिला। उनसे मिलकर कर्नाटक के बेलगावी में जैनाचार्य कामकुमार नंदी महाराज की निर्मम हत्या की भर्त्सना करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन समर्पित किया। प्रतिनिधिमंडल में नरेंद्र जैन, प्रदीप वाटलीवाल, पंकज पांड्या, नरेंद्र जैन पांड्या और संजय पापड़ीवाल शामिल थे।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को डॉ नीलू सिंह, सहायक प्राध्यापक, रांची विश्वविद्यालय द्वारा लिखित दो पुस्तकों अर्थशास्त्र का परिचय एवं उच्चतर आर्थिक सिद्धांत व्यष्टि विश्लेषण का विमोचन किया।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को डॉ देवरानी चौधरी, पूर्व विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान एवं डॉ सरवत जबीन, सहायक प्राध्यापक, रांची विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से लिखित पुस्तक मनोविज्ञान में प्रयोग एवं परीक्षण का विमोचन किया।

## पीएम किसान समृद्धि केंद्र पिठोरिया में कृषक गोष्ठी आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1.25 लाख प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएम केएसके) राष्ट्र को समर्पित करने एवं अन्य जनकल्याण के कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर गुरुवार को पीएम केएसके पिठोरिया, रांची में एक बृहत कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, रांची, पिठोरिया पंचायत सरपंच, सरबन कुमार, एटीएम, बीटीएम सहित 150 से अधिक पुरुष एवं महिला किसान उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री द्वारा दिये गये अभिभाषण को टीवी के माध्यम से लोगों को दिखाया गया। इस मौके पर नैनो यूरिया एवं डीएपी का प्रबंधन आने वाले खरीफ फसल धान व अन्य फसलों में कैसे करना है, उसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। एक किसान ने नैनो यूरिया का इस्तेमाल करके अपने अनुभव को सबके सामने साझा किया।

इस अवसर पर इफको के अधिकारी सौरभ माझी ने उपस्थित किसानों को इफको नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के विभिन्न फसलों में प्रयोग करने के तरीके एवं इससे मिलने वाले फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही, किसानों को प्रेरित किया कि इनका प्रयोग अपने सभी फसलों में पारंपरिक यूरिया एवं डीएपी की मात्रा को आधा कम करते हुए उनके स्थान पर करना चाहिए। इससे खेती में प्रयुक्त रासायनिक उर्वरकों के कम प्रयोग और नैनो उर्वरकों के प्रयोग से जहां खेती में लागत कम होगी, वहीं उत्पादन भी अच्छा और अधिक होगा। इससे मिट्टी, पानी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।

## एक क्लिक में लें भविष्य निधि जमा से संबंधित सारी जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय रांची की ओर से बीएयू के प्रसार शिक्षा निदेशालय सभागार में निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को कियास गया। कार्यक्रम में कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़े करीब 100 सदस्यों ने भाग लिया। मौके पर कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय के जिला नोडल पदाधिकारी राकेश रंजन सहाय एवं टीम मेंबर नीली किसपोप्ता ने सदस्यों को भविष्य निधि की विभिन्न योजनाओं एवं उनसे सदस्यों को मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़े सदस्यों की समस्यायों एवं शंकाओं का समाधान किया। जिला नोडल पदाधिकारी राकेश रंजन सहाय ने बताया कि निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय द्वारा प्रत्येक माह की 27 तारीख को सभी जिलों में आयोजित किया जाता है।

## मथुरा महतो ने खोरठा गाइड सह प्रैक्टिस वर्क का किया लोकार्पण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनोरंजन दास की अथक मेहनत से तैयार संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा , स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य , नगरपालिका , औद्योगिक प्रशिक्षण परीक्षा में उपयोगी , खोरठा गाइड सह प्रैक्टिस वर्क बुक नामक पुस्तक का लोकार्पण टुंडी के विधायक सह पूर्व मंत्री सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने सिजुआ स्थित अपने आवास पर गुरुवार को किया। मथुरा महतो ने मनोरंजन दास की इस नई कृति को विद्यार्थियों को समर्पित करते हुए कहा कि झारखंड की प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सम्पूर्ण जानकारी से भरी यह पुस्तक निशचय ही विद्यार्थियों के लिए पठनीय है। मनोरंजन दास का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर झारखण्ड सरकार से सम्मानित खोरठा के साहित्यकार,कवि, गीतकार विनय तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप से उपस्थित थे। खोरठा गीतकार विनय तिवारी ने कहा कि मनोरंजन दास जी का प्रयास काफी सराहनीय है। उम्मीद है कि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह पुस्तक काफी उपयोगी साबित होगी।

इस मौके पर पुस्तक के लेखक मनोरंजन दास ने कहा कि मेरी यह पुस्तक झारखंड के प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए समर्पित है। इस किताब को सरल एवं सटीक बनाने में भरपूर कोशिश किया गया है ताकि विद्यार्थी आसानी से समझ सके। पांच मॉडल सेट्स के साथ विगत वर्षों के हल प्रश्न पत्र को भी शामिल किया गया है। कार्यक्रम में झारखंडी भाषा संघर्ष समिति के संस्थापक सदस्य राजेश ओझा ने कहा कि मुझे विश्वास है ,कठिन परिश्रम से तैयार यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा।

## सरला बिरला स्कूल में इंद्रप्रस्थ कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में इंद्रप्रस्थ नामक एक रोमांचक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंद्रप्रस्थ व्यापार, वित्त और रणनीति की दुनिया का प्रतिनिधित्व करने वाला एक रोचक कार्यक्रम है। इस आयोजन में आकर्षण के तीन मुख्य कार्यक्रम थे। पहला कार्यक्रम था द हंग्री वुल्फ, जो कि स्टॉक सिमुलेशन से संबंधित था। दूसरा अभिनव कार्यक्रम था बजट योर बिड, जो एक मनोरंजक नीलामी प्रतियोगिता थी। तीसरा हैच पिच था, जो कि एक अनुभव व्यावसायिक योजना प्रतियोगिता थी।

इन कार्यक्रमों ने छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने, अपनी क्षमता का पता लगाने तथा व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में अमूल्य अनुभव प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया। रणनीति और प्रतिस्पर्धा के मिश्रण के साथ इंद्रप्रस्थ एक अविस्मरणीय कार्यक्रम साबित हुआ, जिसने अगली पीढ़ी को व्यापार और वित्त संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियां सशक्त ढंग से उपलब्ध करायी। हैच पिच सेगमेंट की विजेता धृति माहेश्वरी की टीम बनी, बजट योर बिड सेगमेंट के विजेता वत्स शर्मा और उनकी टीम बनी, जबकि सलीम अफरोज और उनकी टीम हंग्री वुल्फ प्रतियोगिता की चैंपियन बनी। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन में स्कूल के अभिनव प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने इस तरह के आयोजन करने में छात्रों की अपार क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में इस तरह के और भी नवीन कार्यक्रमों की योजना बना रहा है।

## एक्सआइएसएस और पीएसआइ के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआइएसएस), रांची और पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल (पीएसआइ), भारत ने ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और जेंडर स्टडीज के क्षेत्रों पर अध्ययन हेतु तीन वर्षों के लिए गुरूवार को एमओयू हुआ। इस मौके पर एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान डॉ कुजूर ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा, पीएसआई इंडिया के साथ इस सहयोग पर उत्साहित हैं, जो एक्सआईएसएस के मिशन और विजन के साथ प्रतिध्वनित होता है।

## पांच शहरी थाना क्षेत्रों के 33 स्थान अतिसंवेदनशील

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुहर्रम को लेकर स्पेशल ब्रांच ने रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, सांप्रदायिक दृष्टिकोण से रांची जिला के पांच शहरी थाना क्षेत्रों में 33 स्थानों को अतिसंवेदनशील स्थान के रूप में चिन्हित किया गया है।

इसके अलावा चार थाना क्षेत्र में पांच स्थानों को संवेदनशील स्थान के रूप में चिन्हित किया गया है। इन पांच शहरी थाना क्षेत्रों में 33 स्थान अतिसंवेदनशील हैं।

**लोअर बाजार थाना क्षेत्र :** कर्बला चौक, फतेहउल्लाह रोड स्थित फतेहउल्लाह मस्जिद, चिश्तियानगर, डोमटोली, आजाद बस्ती, कलाल टोली, काली मंदिर और चर्च रोड

**डोरंडा थाना क्षेत्र :** दर्जी मोहल्ला

**डेली मार्केट थाना क्षेत्र :** महावीर मंदिर मेन रोड, छाता मस्जिद, राईन मस्जिद, राईन मोहल्ला, तस्लीम मस्जिद, तिवारी टैंक रोड, टैक्सी स्टैंड।

**हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र :** एकरा मस्जिद, बड़ा तालाब के पास सूर्य मंदिर, पहली गली स्थित महावीर मंदिर, फर्स्ट स्ट्रीट, सेकेंड स्ट्रीट, थर्ड स्ट्रीट, लेक रोड, नदी टोला, कुर्बान चौक, सरफराज चौक, निजामनगर और मोजाहिद नगर।

**कोतवाली थाना क्षेत्र :** जामा मस्जिद, हंडा मस्जिद अपर बाजार, शनि मंदिर, पुरानी रांची, गाड़ीखाना चौक।

इन चार थाना क्षेत्रों में पांच स्थान हैं संवेदनशील -

**बरियातू थाना क्षेत्र :** बरियातू मस्जिद। **सदर थाना क्षेत्र :** बड़गाई चौक मस्जिद। **अरगोड़ा थाना क्षेत्र :** कडरू मस्जिद। **कांके थाना क्षेत्र :** सुकुरहट्टू और होचर।

## सेंट्रल मुहर्रम कमिटी ने की पहलाम के जूलूस मार्ग की घोषणा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल मुहर्रम कमिटी रांची के सरपरस्त मो. सईद की सरपरस्ती व तीनों प्रमुख अखाड़ा क्रमशः धवताल अखाड़ा के सरपरस्त साहेब अली एवं खलीफा रोजन गद्दी, इमामबख्श अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मो. महजूद, लीलू अली अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मो. सज्जाद सेंट्रल मुहर्रम कमिटी रांची के अध्यक्ष जावेद गद्दी, महासचिव अकीलुर्रहमान, प्रवक्ता मो. इसलाम, उपाध्यक्ष आफताब आलम सहित विभिन्न पदाधिकारीगण के संयुक्त रुप से लिए गए निर्णय के अनुसार मुहर्रम वर्ष 2023 के जुलूस के निर्धारित मार्ग की घोषणा की गई।

गुरुवार को बयान जारी कर सेंट्रल मुहर्रम कमिटी रांची के अध्यक्ष जावेद गद्दी, महासचिव अकीलुर्रहमान, प्रवक्ता मो.इसलाम एवं उपाध्यक्ष आफताब आलम ने संयुक्त रुप से तीनों प्रमुख अखाड़े के अधीन निकाले जाने वाले आगामी शनिवार को मुहर्रम के पहलाम के जुलूस के निर्धारित मार्ग की घोषणा की। मार्ग निम्नलिखित हैं।

**धवताल अखाड़ा :** साहेब अली की सरपरस्ती व रोजन गद्दी के नेतृत्व में भीठा, चंदवे, जयपूर, कोंगे से अपने निर्धारित मार्ग कांके रोड होते हुए रातू रोड स्व. किशोरी सिंह यादव चौक एवं वहां से शहीद चौक पहुंचेगी। बतियातू एवं मोरहाबादी का जुलूस मेडिकल रोड एवं करमटोली होते हुए अपने निर्धारित मार्ग से गुजरकर अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचेगी। हरमू, गाड़ीखाना, पुरानी रांची के सारे जुलूस संयुक्त रुप से किशोरगंज होते हुए कोर्ट सराय रोड, जे. जे. रोड , कोतवाली से शहीद चौक में संयुक्त रुप से रुकेगी। लालपुर एवं थड़पखना के सारे जुलूस अपने निर्धारित मार्ग एच. बी. रोड होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचेगी। धवताल अखाड़ा के सारे जुलूस 11 बजे दिन तक अल्बर्ट एक्का चौक पहुचकर वहां से संयुक्त रुप से मेन रोड, सर्जना चौक होते हुए टैक्सी स्टैंड के पीछे से गुजर कर कुमुद बाबू लेन होते हुए लेक रोड स्थित मिलन चौक 12 बजे दिन तक पहुंचेगी।

**तीन प्रमुख अखाड़े के अधीन निकाले जाने वाले जुलूस के मार्ग निर्धारित**

**इमामबख्श अखाड़ा :** खलीफा मो. महजूद के नेतृत्व में हिन्दपीढ़ी खेत मुहल्ला, नेजाम नगर, मोजाहिद नगर सहित हिन्दपीढ़ी के समस्त अखाड़े ग्वाला टोली चौक होते हुए सेन्ट्रल स्ट्रीट से होकर एकरा मस्जिद चौक एवं कर्बला चौक, कोनका रोड के जुलूस भी एकरा मस्जिद चौक अपने निर्धारित मार्ग से होकर पहुंचेगी एवं वहां से सारे जुलूस संयुक्त रुप से मेन रोड होते हुए उर्दू लाईब्रेरी मेन रोड पहुंचेगी। हिनदपीढ़ी, बंसी चौक, कोहिनूर चौक शम्स नौजवान मुहर्रम कमिटी की अगुवाई में सारे जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से हो कर लेक रोड स्थित छत्ता मस्जिद के पास पहुंचेगी। इमामबख्श अखाड़ा के भी सारे जुलूस 12 बजे दिन से पहले मिलन स्थल तक पहुँच जाएगी।

**लीलू अली अखाड़ा :** अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मो. सज्जाद के नेतृत्व में मौलाना आजाद कालोनी, चिश्तिया अखाड़ा, रजा कालोनी, कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला, कांटा टोली चौक, रमजान कालोनी सहित कांटा टोली क्षेत्र के तमाम जुलूस अपने निर्धारित मार्ग कांटा टोली मस्जिद गली से गुजर कर मिल्लत कालोनी, इसलाम नगर, पथलकुदवा, पथलकुदवा चर्च लेन फूल बागान, आजाद बस्ती, कुरैशी मुहल्ला, होते हुए सारे जुलूस संयुक्त रुप से गुदरी चौक पहुंचेगी फिर नाजिर अली लेन, बलदेव सहाय लेन, अली नगर, चश्तिया नगर सहित तमाम अखाड़े संयुक्त रुप से एक दूसरे के पीछे काली स्थान रोड, रमा शर्मा लेन, चर्च रोड प्रथम स्ट्रीट होते हुए उर्दू लाईब्रेरी के पीछे से होकर उर्दू लाईब्रेरी के पास 12 बजे दिन से पहले पहुंचेगी। तीनों प्रमुख अखाड़े के निर्धारित समय 12 बजे दिन से पहले पहुंचने के बाद लेक रोड स्थित मिलन चौक में 12 बजे दिन में तीनों प्रमुख अखाड़े के खलीफाओं का मिलन होगा एवं मिलन के बाद पहले धवताल अखाड़ा,इमामबख्श अखाड़ा एवं लीलू अली अखाड़ा के सारे जुलूस विधिवत रूप से मेन रोड उर्दू लाईब्रेरी के पीछे से होकर टैक्सी स्टैंड, सर्जना चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, शहीद चौक, श्रधानंद रोड होते हुए अपर बाजार स्थित धवताल इमामबाड़ा 03 बजे दोपहर तक पहुँच कर सलामी देने के बाद वापसी अपने निर्धारित मार्ग हंडा मस्जिद, जामा मस्जिद, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, सर्जना चौक, टैक्सी स्टैंड,डेली मार्केट, उर्दू लाईब्रेरी से होकर डा. फतेउल्लाह रोड, विक्रांत चौक, कर्बला चौक एवं वहां से कर्बला स्थित कर्बला में नेयाज फातेहा के बाद समापन कर सभी जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए अपने अपने क्षेत्र में मध्य रात्रि तक चले जाएंगे। धवताल अखाड़ा का समापन कांके रोड स्थित रिलायंस फ्रेश के बगल गली स्थित अली मैदान के धवताल कर्बला में नेयाज फातेहा के बाद समापन किया जाएगा।

## सभी समुदायों को एक साथ लेकर चलना ही सौहार्द है : उपायुक्त

**रांची।** सावन महोत्सव और मुहर्रम पर्व को एकता, सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के द्वारा गुरूवार को परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि रांची शहर काफी बड़ी हो गई है। वर्तमान में फ्लाईओवर ,सड़क ,नाली का निर्माण बड़ी तेजी के साथ हो रहा है। जगहें कन्जेस्टेड हो गए हैं, गाड़ियों की भीड़ हो गई है, जनसंख्या बढ़ गई है, सभी चीजों को देखते हुए पर्व को भी मनाना है। जिस तरह से पुलिस प्रशासन काम कर रही है, जनता का सहयोग मिल रहा है, हर बड़ी घटनाओं को रोकने में या फिर उसके उद्भेदन में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सफल साबित हो रही, इसलिए शांति पूर्ण तरीके से सभी मिलजुल कर पूर्व को मनाएं। कांवरियों और मुहर्रम के अखाड़ा धारियों का स्वागत ही भाईचारगी है। सभी समुदायों को एक साथ लेकर चलना ही सौहार्द है, एकता है। इसे बरकरार रखना है।

## खबर एक नजर में

### सती, सीता, सावित्री ही आदर्श नारी हैं : पं. रामदेव पांडेय

**रांची।** श्री राम जानकी मंदिर हाउसिंग कॉलोनी बरियातू में श्रीमद् देवी भागवत कथा के दूसरे दिन गुरुवार को पं. रामदेव पांडेय ने कुंती प्रसंग में बताया कि आदर्श नारी के प्रश्न पर अनुसुइया जी ने माता सीता को कहा- वह नारी तुम हो, जो अपने पति में देवत्व का निवास करा देती है। वह अपने मन में पति को सिर्फ नायक ही नहीं, ब्रह्मा विष्णु महेश समझती है। पं. रामदेव पांडेय ने कहा- सती, सीता, सावित्री, शकुंतला, कुंती और मुगलकालीन जौहर करने वाली देवियां आदर्श नारी की उदाहरण हैं। बता दें कि यह कथा बारह अगस्त तक चलेगी।

### यूजीसी नेट में देश में दूसरे स्थान पर चरकुडीह की कविता

**रांची।** सोनाहातू पूर्वी के चरकुडीह-मारांगकिरी की कविता कुमारी ने यूजीसी नेट में हिंदी विषय में 99.94 प्रतिशत अंक लाकर देश भर में दूसरा स्थान हासिल किया है। उनकी इस सफलता से झारखंड का नाम पूरे देश में रौशन हुआ है। कविता ने पेपर वन में 80 प्रतिशत और पेपर टू में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

### दीदी नीलम के जन्मोत्सव पर 71 हजार से अधिक पौधे लगाये गये

**रांची।** शिव शिष्यता के जनक साहब श्री हरींद्रानंद की अर्द्धांगिनी और साहब श्री के साथ इस धरा पर शिव जन जन के गुरु हैं का उद्घोष करने वाली दीदी नीलम आनंद के 71वें जन्मोत्सव पर साहब श्री हरींद्रानंद के आवास उपवन में श्रद्धांजलि का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें करीब पांच हजार लोग उपस्थित हुए और दीदी नीलम के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। न्यास/संस्था के मुख्य सलाहकार अर्चित आनंद ने बताया कि पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिव शिष्यों/शिष्याओं ने पूरे देश और विदेश में 71 हजार से अधिक पौधों को लगाया और उसके संरक्षण का संकल्प लिया।

### सीआइटी के विद्यार्थियों ने किया इंडस्ट्रीयल विजिट

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलीटेक्निक, टाटीसीलवे के कंप्यूटर साइंस डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने इंडस्ट्रियल विजिट के तहत नामकुम स्थित सॉफ्टवेयर डेवलपर कंपनी कॉडजिल टेक्नोलॉजीज का भ्रमण किया। इस दौरान कंपनी की अनिता कुमारी ने विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर डेवलपिंग, डेवलप एडवांस डाटा, डाटा हैंडलिंग आदि से संबंधित तकनिकी जानकारी दी।

### कारगिल विजय दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

**रांची।** कारगिल विजय दिवस पर मां शारदे मंच की ओर से कवि सम्मलेन सह सम्मान समारोह का आयोजन रांची के अशोक नगर क्लब में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची के विधायक सीपी सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हटिया के विधायक नवीन जायसवाल थे। मौके पर समाजसेवी अरुण शर्मा, मुकेश कुमार तथा हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पीके लाला विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित थे।

### विधायक सीपी सिंह ने प्रधानमंत्री की उपलब्धियों की जानकारी दी

**रांची।** रांची के विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने गुरुवार को रातू रोड में दिन में वार्ड संख्या 30 में जनसम्पर्क अभियान चलाया। वार्ड क्षेत्र में आर्यपुरी रोड नंबर एक से चार समेत आसपास के अन्य मुहल्ले में पदयात्रा कर उन्होंने आमजन को कार्यकाल के नौ वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों की जानकारी दी और पार्टी का सहयोग करने का आग्रह किया।

### आइसीएआर नेट परीक्षा में बीएयू के 8 विद्यार्थियों को मिली सफलता

**रांची।** राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)- 2023 में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 8 विद्यार्थियों को सफलता मिली है। इस परीक्षा में विश्वविद्यालय के कृषि संकाय अधीन मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग में अध्ययनरत पीएचडी छात्रा पल्लवी भारती, एग्रोनोमी विभाग की पीएचडी छात्र पीयूष कुमार एवं पीजी छात्रा चित्रोतपाला देहरी उत्तीर्ण हुए है।

### इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने सब्जी मंडी में बांटे थैले

**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट 325 की ओर से गुरुवार को सब्जी बिक्रेताओं के बीच थैले बांटे गये। क्लब की अध्यक्ष माला श्रीवास्तव और सचिव सोमा भादुड़ी के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट से मिले गोल जीरो वेस्ट के तहत पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मोराबादी सब्जी मंडी में पुराने कपड़े से बने थैले को सब्जी विक्रेताओं और राहगीरों को बांटा गया। क्लब की आईएसओ अर्चना त्रिवेदी ने स्पॉन्सर किया।

### अग्रवाल सभा की वार्षिक आमसभा 30 को

**रांची।** अग्रवाल सभा कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक गुरूवार को अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया की अध्यक्षता में अग्रसेन भवन में हुई। इस बैठक में अग्रवाल सभा की नई कमेटी द्वारा 1 वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किया गया। बैठक में अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने कहा कि अग्रवाल सभा रांची की वार्षिक आम- सभा 30 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। आम- सभा मे अग्रवाल सभा द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा, मंत्री का प्रतिवेदन, वर्ष 2022-23 के आय-व्यय का अंकेक्षित ब्यौरा, अंकेक्षक की नियुक्ति, आगत प्रस्तावो पर विचार, तथा अध्यक्ष की अनुमति से विविध बातों पर विचार- विमर्श किया जाएगा।

### वेद प्रकाश प्रकरण में सरकार व अपीलकर्ता की ओर से बहस पूरी

**रांची।** वेद प्रकाश सिंह को रांची नगर निगम के वार्ड पार्षद पद से हटाए जाने मामले में एकल पीठ के द्वारा वेद प्रकाश के पक्ष में दिए गए आदेश के खिलाफ राज्य सरकार और अपीलकर्ता अभिषेक कुमार की अपील की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में अभिषेक कुमार एवं राज्य सरकार की ओर से बहस पूरी हो गई। अब प्रतिवादी वेद प्रकाश सिंह के बहस के लिए कोर्ट ने मामले की सुनवाई 3 अगस्त निर्धारित की है। मामले में राज्य सरकार ने भी हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी है।

# तीसरी पारी की बात

देश में 2024 के लोक सभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। यह तो तय था कि भाजपा सहित सहयोगी दल चुनाव प्रचार का आंरभ पहले कर देंगे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस प्रकार आत्मविश्वास से भरकर अपनी तीसरी पारी का दावा किया वह भाजपा और उसके सहयोगी दलों के लिये आत्मविश्वास भरने वाला था। पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि हम तीसरी बात चुनाव जीत कर आयेंगे और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना देंगे। निश्चित तौर पर आज देश का विकास दर दुनिया में सबसे अधिक है। हर क्षेत्र में तुलनात्मक सुधार भी देखने को मिल रहें हैं। चाहे सरकारी बैंको की स्थिति हो या सड़को की, रेल परिवहन का मामला हो या जहाज रानी का, किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार की राशि देने की बात हो या 80 करोड़ लोगों को राशन देने की मोदी सरकार ने एक लकीर अवश्य बना दी है। प्रतिपक्ष चाहे लाख आलोचना करे कारोना काल में वैक्सीन की बात हो या अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश के सम्मान का विषय मोदी ने देश की सम्मानजनक तस्वीर बनाने का पूरे जोर-शोर से प्रयास किया है। देश की अर्थव्यवस्था में ढांचागत सुधार के लिये सड़क, रेल और विमानन क्षेत्र में तेज सुधार हुए है। तीसरी पारी की बात हो लेकिन इस विकास में देश की एक बड़ी आबादी जो गांव में किसान और मजदूर किसान है उनकी आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कार्रवाई करने की आवश्यकता है। देश के इस तेज विकास में पूंजी के असमान वितरण की समस्या बहुत बड़ी समस्या है इस समस्या के समाधान के लिये लोकउपकारी योजनाओं के साथ ही रोजगार के क्षेत्र में तेज विकास के लिये योजनाओं पर भी जोर देने की जरूरत है।

# तेज अनुसंधान

भारत में अनुसंधान और विकास कार्यों की रफ्तार कई क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही है। सरकार के सहयोग और समर्थन के साथ, वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष अनुसंधान, विनिर्माण, जैव-ऊर्जा, जल-तकनीक और परमाणु ऊर्जा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त निवेश और विकास भी हुआ है। हम धीरे-धीरे परमाणु प्रौद्योगिकी में भी आत्मनिर्भर हो रहे हैं। शोध के क्षेत्र में सीएसआईआर, डीआरडीओ, आईसीएआर, इसरो, आईसीएमआर, एनडीआरआई, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और भारतीय विज्ञान संस्थान जैसे कई विश्वविख्यात संस्थान भारत में हैं। 2035 तक तकनीकी और वैज्ञानिक दक्षता हासिल करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने टेक्नोलॉजी विजन 2035 नाम से एक रूपरेखा भी तैयार की है। इसमें शिक्षा, चिकित्सा और स्वास्थ्य, खाद्य और कृषि, जल, ऊर्जा, पर्यावरण जैसे बारह विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि ऐसे कई अवरोध हैं, जिन्हें पार करना भारतीय अनुसंधान और विकास के लिए बहुत जरूरी है। कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में उपलब्धियों को छोड़ दें तो वैश्विक संदर्भ में भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकास तथा अनुसंधान की स्थिति धरातल पर उतनी मजबूत नहीं, जितनी कि भारत जैसे बड़े देश की होनी चाहिए। ऐसे में कुछ तथ्यों पर गौर करना जरूरी है। जैसे, भारत विश्व में वैज्ञानिक प्रतिद्वंद्विता के नजरिए से कहां है? नोबेल पुरस्कार एक प्रतिष्ठित पैमाना है, जो विज्ञान और शोध के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों के जरिए किसी देश की वैज्ञानिक ताकत को बताता है। इस मामले में देश के बड़ें हिस्से की उपलब्धि लगभग शून्य है।

# पर्यावरणीय नुकसान के भयावह खतरे सामने



**प्रदूषित** हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इस तरह की समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन और मौसम चक्र में आते बदलाव के कारण जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हमें यह भली-भांति जान लेना चाहिए कि इन प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्वम्भावी है। सबसे पहले यह जानना बेहद जरूरी है कि प्रकृति आखिर है क्या? प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विडम्बना है प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने भी आने लगी है।

पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है।

दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हमारे जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ हवा के लिए जाने जाते थे, आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी अब तपने लगने हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है, वहां भी बाढ़ का ताण्डव देखा जाने लगा है। इसका एक बड़ा कारण पहाड़ों में भी विकास के नाम पर जंगलों का सफाया करने के साथ-साथ पहाड़ों में बढ़ती पर्यटकों की भारी भीड़ भी है। कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आने पर हम आदतन प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि अगर हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।



**- योगेश गोयल**

> प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं बल्कि दोषी तो हम स्वयं है।

प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं बल्कि दोषी तो हम स्वयं हैं, जो इतने साधनपरस्त और आलसी हो चुके हैं कि अगर हमें अपने घर से थोड़ी ही दूरी से भी कोई सामान लाना पड़े तो पैदल चलना हमें गवारा नहीं। इस छोटी सी दूरी के लिए भी हम स्कूटर या बाइक का सहारा लेते हैं। छोटे-मोटे कार्यों की पूर्ति के लिए भी निजी यातायात के साधनों का उपयोग कर हम पैट्रोल, डीजल जैसे धरती पर ईंधन के सीमित स्त्रोतों को तो नष्ट कर ही रहे हैं, पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं और पैदल चलना छोड़कर अपने स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ रहे हैं। हमारे क्रियाकलापों के चलते ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है।

पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए जरूरत है कि हम अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण में दिलचस्पी लें और पौधारोपण के पश्चात उन पौधों की अपने बच्चों की भांति ही देखभाल भी करें। पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें खुद सोचना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। अगर हम वाकई चाहते हैं कि हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ-सुथरे वातावरण में बीमारी मुक्त जीवन जीएं तो हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? अपनी छोटी-छोटी पहल से हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाई ऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। पानी की बचत के तरीके अपनाते हुए जमीनी पानी का उपयोग भी हम केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही करें। जहां तक संभव हो, वर्षा के जल को सहेजने के प्रबंध करें। प्लास्टिक की थैलियों को अलविदा कहते हुए कपड़े या जूट के बने थैलों के उपयोग को बढ़ावा दें। बिजली बचाकर ऊर्जा संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दें। कागज की बचत की जा सके और कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले। विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर जो खिलवाड़ हो रहा है, उसके मद्देनजर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने की जरूरत अब कई गुना बढ़ गई है। **(विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस 28 जुलाई)**

## खास बात
# मन का शृंगार

**निवेदिता श्रीवास्तव**

**शृंगार चिह्न** के औचित्य पर मनन करने से भी प्रबल प्रश्न मेरे मन में यही उठता है कि शृंगार है क्या... क्या मात्र तन को नानाविध सज्जा करना ही शृंगार है या मन को सज्ज करना भी! बहुधा हम मन को भूल ही जाते हैं और विविध सामाजिक और पारिवारिक परम्पराओं की ही टीका करते रह जाते हैं। चेतना का बोध होते ही सबसे पहले मन को शृंगारित करना चाहिए। मनन की धारा सन्तुलित करके आत्मबल को दृढ़ करना चाहिए, साथ ही वाणी पर संयम भी हो। वाणी पर संयम का अर्थ मात्र इतना ही है शब्दों का चयन और बोलने का तरीका कटु न हो। मन के इस सौंदर्य के साथ हम शृंगार चिन्ह की तार्किकता पर मनन करें तो औरों के लिये भी स्वीकार्य होगा। तथाकथित प्रचलित सोलह शृंगार की बात करूं तो यह एक आदत की तरह सोच में शामिल हो गयी है, जो विभिन्न अवसरों पर मुखरित हो उठता है और शकुन-अपशकुन के मकड़जाल में फंसाये रखता है। सनातन काल से स्त्री घरों के अन्दर ही रहती थी और परिवार की प्रतिष्ठा की द्योतक भी समझी जाती थी। स्त्रियों के साज-शृंगार को भी इसी से जोड़ा जाता था। जितना अधिक सम्पन्न घर, उतने ही अधिक आभूषणों और शृंगार से सज्जित होगी उस घर की स्त्री।

साथी की मृत्यु के बाद स्त्री के लिये शृंगार वर्जित करने के पीछे पुरुषवादी सोच का मूल कारण उसको अधिकारहीन अनुभव करवाना ही रहता होगा। इन शृंगार चिन्हों को धारण करने के पीछे स्वयं के आकर्षक दिखने से मिलने वाला आत्मविश्वास भी एक कारण है। इनके पीछे कुछ वैज्ञानिक कारण भी हैं। पति के न रहने पर शृंगार न करने देना सर्वथा अमानवीय कृत्य है। वह कैसे रहना चाहती है, यह निर्णय स्वयं स्त्री का होना चाहिए। जो और जैसे करने से उसके मन को शान्ति मिले, वही करना चाहिए। परम्पराओं को मात्र परम्परा न मान कर जीवित रहने में सहायक की तरह ही अपनाना चाहिए, न कि किसी के मन को और भी तोड़ने के लिये और तन से ज्यादा मन के शृंगार के प्रति सजग और सन्नद्ध रहना चाहिए।

# संतोष भरा जीवन

## विचार-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**समझदारी** और विचारशीलता का तकाजा है कि संसार चक्र के बदलते क्रम के अनुरूप अपनी मनः स्थिति को तैयार रखा जाए। लाभ, सुख, सफलता, प्रगति, वैभव आदि मिलने पर अहंकार से ऐंठने की जरूरत नहीं है। कहा नहीं जा सकता कि वह स्थिति कब तक रहेगी ? ऐसी दशा में रोने-झींकने, खीजने, निराश होने में शक्ति नष्ट करना व्यर्थ है। परिवर्तन के अनुरूप अपने को ढालने में, विपन्नता को सुधारने में, सोचने, हल निकालने और तालमेल बिठाने में मस्तिष्क को लगाया जाए तो यह प्रयत्न रोने और सिर धुनने की अपेक्षा अधिक श्रेयस्कर होगा।

बुद्धिमानी इसी में है कि जो उपलब्ध है उसका आनंद लिया जाय और संतोष भरा संतुलन बनाए रखा जाए।

विचार और कार्य सन्तुलित करो

एक साथ बहुत सारे काम निबटाने के चक्कर में मनोयोग से कोई कार्य पूरा नहीं हो पाता। आधा-अधूरा कार्य छोड़कर मन दूसरे कार्यों की ओर दौड़ने लगता है। यहीं से श्रम, समय की बबार्दी प्रारंभ होती है तथा मन में खीझ उत्पन्न होती है। विचार और कार्य सीमित एवं संतुलित कर लेने से श्रम और शक्ति का अपव्यय रुक जाता है और व्यक्ति सफलता के सोपानों पर चढ़ता चला जाता है।

कोई भी काम करते समय अपने मन को उच्च भावों से और संस्कारों से ओत-प्रोत रखना ही सांसारिक जीवन में सफलता का मूल मंत्र है।

हम जहाँ रह रहे हैं उसे नहीं बदल सकते पर अपने आपको बदल कर हर स्थिति में आनंद ले सकते हैं।

**राजस्थान** में कानून व्यवस्था की दुखद परिस्थिति और महिलाओं के प्रति कष्टदायक असंवेदनशीलता उनके स्वयं के विधायकों मंत्रियों और यहाँ तक कि मुख्यमंत्री के वक्तव्यों से भी स्पष्ट और जगजाहिर हो रही है।

**- सुधांशु त्रिवेदी**

## आपके ट्वीट

**देश** के पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइल मैन और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत भारत रत्न डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।

**-हेमंत सोरेन**





**शुभ** फलदायिनी श्रावण मास की #शिवरात्रि की आप सभी को अनन्त मंगलकामनाएं।

भगवान भोले भंडारी और माता पार्वती सम्पूर्ण जगत का कल्याण करें।

ॐ नमः शिवाय।

**-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# श्रम शक्ति में महिलाओं की घटती भागीदारी

**महेश व्यास**

**श्रम शक्ति** भागीदारी का उम्र के आधार पर वितरण अंग्रेजी के उलटे यू अक्षर के आकार का नजर आता है। युवा अवस्था में यानी 15 से 19 वर्ष की आयु में बहुत कम लोग रोजगार की तलाश करते हैं। यह बात समझी जा सकती है क्योंकि इस उम्र में अधिकांश लोग पढ़ाई कर रहे होते हैं। जनवरी-अप्रैल 2022 के कंज्यूमर पिरामिड्स हाउसहोल्ड सर्वे के मुताबिक इस आयु वर्ग के केवल 4.2 प्रतिशत लोग ही रोजगार की तलाश में थे। 20 से 24 वर्ष की आयु के लोगों में से 34 प्रतिशत लोगों ने जनवरी से अप्रैल 2022 के बीच रोजगार की तलाश की। 25 से 59 वर्ष की आयु के लोगों में यह प्रतिशत बढ़कर 50 से 60 के बीच हो गया। वहीं आयु के दूसरे छोर पर देखें तो 60 से 64 वर्ष की उम्र के की उम्र के लोगों में से 24 प्रतिशत लोग श्रम बाजार में थे जबकि 65 वर्ष से अधिक आयु के 7 प्रतिशत लोग श्रम बाजार में हिस्सेदारी के इच्छुक थे।

श्रम भागीदारी दर का यह वितरण महिलाओं और पुरुषों के लिए एकदम अलग-अलग है। पुरुषों के मामले में यह एकदम उलटे यू के आकार का है जबकि महिलाओं के मामले में इसका आकार उलटे यू जैसा अवश्य है लेकिन सटीक बिल्कुल भी नहीं है।

ध्यान से देखने पर पता चलता है कि युवा महिलाओं का बड़ा हिस्सा श्रम बाजार में शामिल अवश्य होता है लेकिन उनमें से कई बहुत जल्दी श्रम बाजार से दूर भी हो जाती हैं। ये महिलाएं 20 से 30 की उम्र के बीच श्रम शक्ति से बाहर होती हैं और तीसरे दशक के आखिर में दोबारा काम पर वापसी करती हैं। यह पुरुषों के व्यवहार से एकदम उलट है।

## राज्यों से


पुरुषों की श्रम भागीदारी दर 15 से 19 वर्ष के लिए 6 फीसदी से बढ़कर 20 से 24 वर्ष के लिए 46 फीसदी हो जाती है। इसके बाद इसमें तेज इजाफा होता है और यह 90 प्रतिशत पर पहुंच जाती है। 25 से 59 आयुवर्ग के पुरुषों की औसत श्रम शक्ति भागीदारी दर 95 प्रतिशत है। जाहिर है एक उम्र के बाद अधिकांश पुरुष रोजगार की तलाश में रहते हैं।

श्रम बाजार में पुरुषों की भागीदारी में कमी तब आती है जब वे 60 की उम्र में होते हैं। भारत में यही सेवानिवृत्ति की उम्र है। 60 से 64 वर्ष के पुरुषों में श्रम शक्ति भागीदारी घटकर 46 फीसदी रह जाती है। 64 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों में यह और गिरती है लेकिन यह करीब 13 फीसदी रहती है। वरिष्ठ नागरिकों की यह श्रम शक्ति भागीदारी उम्र के दायरे में अधिक समावेशी स्थिति का प्रतिनिधित्व करती है।

महिलाओं की श्रम भागीदारी दर पुरुषों की तुलना में काफी कम है। जनवरी-अप्रैल 2022 के दौरान पुरुषों की श्रमशक्ति भागीदारी दर 66 फीसदी थी जबकि महिलाओं की 9 फीसदी। 25 से 59 की आयु के पुरुषों की श्रम शक्ति भागीदारी दर 90 फीसदी से अधिक है जबकि इस आयुवर्ग की महिलाओं में यह दर कभी 20 प्रतिशत का स्तर पार नहीं कर पाई। 2016 के बाद लगे आर्थिक झटकों के बावजूद पुरुषों की श्रम शक्ति भागीदारी में आयु का वितरण अपेक्षाकृत स्थिर रहा है। महिलाओं के साथ ऐसी बात नहीं है। पुरुषों में श्रमशक्ति भागीदारी के आयु वितरण के मामले में उलटे ह्ययूह्ल के आकार की व्यवस्था लगभग अपरिवर्तित रही है जबकि महिलाओं के मामले में यह अपेक्षाकृत कमतर रहा।

अगर 2016, 2018, 2020 और 2022 के जनवरी-अप्रैल के आंकड़ों की तुलना की जाए तो हमें पता चलता है कि 2016 में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी दर सबसे अधिक थी। यानी 2016 में हर आयु वर्ग में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी उच्चतम स्तर पर थी। उसके बाद इसमें लगातार गिरावट आती जा रही है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सामंजस्य से प्रगति

**लैंगिक** असमानता महिलाओं के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देती है। महिलाओं के साथ सम्मान के साथ सही व्यवहार किया जाना चाहिए। पुरुष वर्ग को इसके लिए अपनी संकीर्ण सोच से बाहर निकलने की जरूरत है। स्त्री और पुरुष दोनों समाज के सिक्के के दो पहलू हैं। इनके आपसी सामंजस्य से ही समाज प्रगति करता है। समाज की यह उचित व्यवस्था है।

**- नेहा, जमशेदपुर**

### मीडिया को चेतावनी

**प्रधान** न्यायाधीश ने यह भी कहा कि गलत जानकारी और एजेंडा से चलने वाली डिबेट लोकतंत्र के लिए खतरनाक साबित होती हैं। उन्होंने कहा ह्यमीडिया के फैलाए जा रहे पक्षपातपूर्ण विचार लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं और सिस्टम को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अपनी जिम्मेदारी से भागकर आप हमारे लोकतंत्र को दो कदम पीछे ले जा रहे हैं।

**- अविनाश सिंह, रांची**

# सोशल मीडिया का समाज पर बढ़ता प्रभाव

**नितिन देसाई**

**विगत** दो दशकों में भारत में इंटरनेट का उपयोग बहुत तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2000 में जहां इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या महज 50 लाख थी, वहीं आज यह संख्या बढ़कर 50 करोड़ से भी अधिक हो चुकी है। लेकिन सेवा प्रदाता प्लेटफॉर्म जिस तरह से इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं उसका नियमन इन सेवाओं के परंपरागत प्रदाताओं की गतिविधियों की तुलना में बहुत कम है।

सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि फिल्म एवं मनोरंजक कंटेंट देने वाले प्लेटफॉर्म और समाचार एवं सामयिक मुद्दों पर जानकारी परोसने वाले ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अब सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के निगरानी दायरे में आ गए हैं। जब फिल्मों की बात आती है तो इसके पीछे मंशा सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली फिल्मों पर लागू होने वाले सेंसरशिप मानदंडों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए भी लागू करने का नजर आता है। लेकिन हाल के वर्षों में तेजी से बढ़े ऑनलाइन समाचार प्लेटफॉर्मों के बारे में इस अधिसूचना के संभावित असर को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इंटरनेट प्रिंट मीडिया या टेलीविजन चैनल जैसे परंपरागत स्त्रोतों की तुलना में समाचार एवं सूचनाओं से परिचित होने का कहीं बड़ा जरिया होता जा रहा है। कहीं से भी पहुंच आसान होने से यह एक अच्छी बात भी है। लेकिन इसका एक प्रमुख नकारात्मक

## सामयिक

पहलू यह है कि फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब या व्हाट्सऐप जैसे इंटरनेट प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध खबरों के स्रोत का जिक्र सही ढंग से नहीं होता है और इसकी वजह से यह माध्यम फर्जी खबरों को बहुत आसानी एवं जल्दी से फैलाने का अहम साधन बन गया है। ऑक्सफर्ड स्थित रॉयटर्स इंस्टीट्यूट की इंडिया डिजिटल न्यूज रिपोर्ट ने मुख्य रूप से शहरों के अंग्रेजी-भाषी लोगों के बीच एक सर्वे किया था। इस सर्वे से पता चला कि ऑनलाइन समाचार ने सामान्य तौर पर (56 फीसदी) और खासकर सोशल मीडिया (28 फीसदी) ने 35 साल से कम उम्र के प्रतिभागियों के बीच समाचार जानने के मुख्य स्रोत के तौर पर प्रिंट (16 फीसदी) को काफी पीछे छोड़ दिया है। वहीं 35 साल से अधिक उम्र के प्रतिभागी खबरों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यमों का मिलाजुला इस्तेमाल करते हुए पाए गए।

ऑनलाइन खबरें देखने-पढ़ने के लिए 68 फीसदी प्रतिभागी स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे थे जबकि 52 फीसदी लोगों ने कहा कि वे व्हाट्सऐप पर आने वाली पोस्ट को पढ़कर खबरें जानते हैं। व्हाट्सऐप कोई समाचार प्रदाता प्लेटफॉर्म नहीं है लेकिन इसका इस्तेमाल फर्जी खबरों को आसानी से फैलाने के लिए खूब किया जाता है। साझा की जाने वाली खबरों में एक बड़ा हिस्सा राजनीतिक खबरों का होता है और फर्जी खबरों को फैलाने के मामले में दक्षिणपंथी सोच वाले मंच वामपंथी रुझान वाले मंचों की तुलना में कहीं अधिक संगठित हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक फर्जी खबरों को साझा करने में सामाजिक-आर्थिक पहचान की भूमिका अहम होती है। खासकर दक्षिणपंथी विचार वाले लोग एक साझा आख्यान पेश करने वाली खबरें शेयर करते हैं जबकि वामपंथी धड़े एक आख्यान पेश करने को लेकर बंटे हुए दिखाई देते हैं। फर्जी खबरों के स्रोत में भी सबसे अधिक दिलचस्पी दिखाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 'फर्जी खबरें देने वाले ट्विटर हैंडल में से अधिक भाजपा-समर्थक खेमे में आते हैं, भाजपा-विरोधी धड़े में होने के बजाय'।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### प्रदूषण के खिलाफ राजभवन मार्च आज



**कुजू।** आलोक स्टील प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री द्वारा फैलाए जा रहे बेतहाशा प्रदूषण, जंगल बचाओ समेत अन्य समस्याओं को लेकर राजभवन रांची के लिए बुढ़ाखाप के सैंकड़ों ग्रामीण पैदल मार्च करते हुए रवाना हुए। पैदल मार्च में शामिल लोग रांची के विकास में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद शुक्रवार को पुनः पैदल मार्च कर राजभवन पहुंचेंगे। जहां महामहिम राज्यपाल को फैक्ट्री से जुड़ी समस्याओं को लेकर अपना मांग पत्र सौंपेंगे। ग्रामीणों ने फैक्ट्री प्रबंधन के अनदेखी की वजह से राजभवन तक पैदल मार्च कर पत्र सौंपने का निर्णय लिया। पैदल मार्च में सुलेखा देवी, ममता देवी, जयंती देवी, प्रियंका देवी, रेनू देवी, सुनीता देवी, बबीता देवी, बबली देवी, दीपू देवी, सुजती देवी, गुड़िया देवी समेत सैकड़ों की संख्या में महिला –पुरुष ग्रामीण शामिल थे।

### आंगनबाड़ी जीर्णोद्धार का शिलान्यास



**कुजू।** डीएमटीएफटी फंड से कुजू दक्षिणी पंचायत अंतर्गत कुंदरिया के लाटो टोला में आंगनबाड़ी केंद्र का जीर्णोद्धार का शिलान्यास मुखिया राकेश मेहता रॉक ने किया। उन्होंने कहा कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र की हालत काफी जर्जर हो चुकी थी। जिसे देखते हुए तत्काल डीएमएफटी फंड से केंद्र का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिससे बच्चों को पठन–पाठन में काफी सहुलियत होगी। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका सनी देवी, सहायिका सरिता देवी, गूंजा देवी, सोहन माँझी, खीरू करमाली, राजेश कुमार, प्रिया मुर्मू, सुकरमनी देवी, पूनम देवी, मुकेश हांसदा आदि मौजूद थे।

### सर्पदंश से वृद्ध महिला की मौत

**गिद्दी ।** डाड़ी प्रखंड के कनकी गांव में बुधवार रात सर्पदंश से एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी। बितन साव की पत्नी को रात लगभग एक बजे करैत सांप ने इनके सर के पीछे काट लिया था। इन्हे गुलशन कुमार,बिनोद एवं मनोज यादव द्वारा निजी वाहन से तत्काल सदर अस्पताल रामगढ़ ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद इन्हे रिम्स रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान अहले सुबह इनकी मौत हो गई। वहीं कनकी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार महतो के पिता एवं वर्तमान मुखिया लक्ष्मी देवी के ससुर हीरा लाल महतो का निधन हो गया।

### खिलाड़ियों को मिला फुटबॉल किट



**उरीमारी (रामगढ़)।** न्यू बर टोला की फुटबॉल कमेटी ने बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ है की पोटंगा पंचायत सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारी जाएगी। इसी के तहत प्रत्येक सप्ताह के बुधवार को फुटबाल प्रतियोगिता कराई जाएगी। इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमो को अवसर दिया जाएगा। विजेता टीम को 20 केजी, उप विजेता को 15 केजी और तीसरे व चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 5 किलो मुर्गा दी जाएगी।पंचायत समिति सदस्य बभनी देवी ने खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिये हर संभव मदद करने की बात कही है।

### निःशुल्क कुष्ठ जांच शिविर लगा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में गुरूवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में निःशुल्क कुष्ठ जांच शिविर लगाया गया। इसका शुभारंभ मुखिया अजय पासवान व स्वास्थ्स कर्मियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा एलसीडीसी स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें कोई भी ग्रामीण कुष्ट मरीज नहीं पाये गये। शिविर को सफल बनाने में मुखिया अजय पासवान, पंसस रेणु देवी, सीएचसी सरोज महुआ, सहिया रेखा देवी का विशेष योगदान रहा। मौके पर विमला देवी, रूपा देवी, उर्मिला देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, समाना खातुन, सावित्री देवी, गुड़िया देवी, पम्मी देवी, पारो देवी, सीमा देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### बालू लदे ट्रैक्टर ने बच्चे को कुचला, मौत

**गोला।** बंदा गांव के कर्बला चौक के समीप बुधवार शाम को बालू लदे एक ट्रैक्टर ने एक बच्चे को चपेट में ले लिया। जिससे मासूम बच्चे की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इसकी सूचना गोला पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। जिसके बाद गोला पुलिस गुरुवार को कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। पुलिस के द्वारा ट्रैक्टर को भी जब्त कर थाना लाया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि बंदा गांव निवासी गुलाम सरवर का पांच वर्षीय पुत्र रौशन अली घर के पास खेल रहा था। इस बीच उस रास्ते से गुजर रहे ट्रैक्टर ने बच्चे को चपेट में ले लिया। घटना को लेकर बच्चे के पिता ने गोला थाना में आवेदन दिया है। दिये आवेदन के आधार पर ट्रैक्टर चालक पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### शांतिपूर्वक मनायें मुहर्रम : अमित कुमार



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी में मुईरम पर्व को ले गुरूवार को शांति समिति की बैठक हुई। ओपी प्रभारी अमित कुमार ने क्षेत्रवासियों से मुईरम पर्व को शांति पूर्ण एवं भाईचारगी माहौल मे मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सरकारी गाईड लाइनो का शत प्रतिशत पालन करें। साथ ही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही। मुईरम जुलूस राशि बजे 10 बजे तक समाप्त हो जानी चाहिए। ओपी प्रभारी श्री कुमार ने विधि–व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस–प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। साथ अप्रिय घटना की जानकारी पर पुलिस को तत्काल सूचना देने की बात कही। कहा गया कि पर्व के दौरान हुडदंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर एसआई अक्षय कुमार, मयंक प्रसाद, रामप्रवेश शर्मा, परमहंस प्रसाद, सआनि बीरेंद्र ओझा, सामंत कुमार दास, मुंशी मो.सनाउल्लाह खान, समाजसेवी चमन लाल, मुखिया मुखिया उपेंद्र शर्मा व अजय पासवान, पूर्व पार्षद दर्शन गांझु, रोबिन मुखर्जी, सतीश मोहन मिश्रा, राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, डब्लू पांडेय, प्रदीप मांझी, आजाद अंसारी, जगतार सिंह, मुस्तकिम अंसारी, प्रेम विश्वकर्मा, अमित कुमार, मुकेश राउत, विश्वरंजन सिन्हा, , समीम सहित कई लोग मौजूद थे।

# बरही में 18 लाख रुपये समेत एटीएम को उखाड़ ले गये चोर

- मकान मालिक की गाड़ी में एटीएम मशीन लोडकर चोर हुए फरार, जांच में जुटी पुलिस
- एसडीपीओ व इंस्पेक्टर ने घटना स्थल पर पहुंचकर लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-02 जीटी रोड स्थित बरसोत चौक के समीप लगे एसबीआई के एटीएम सहित लाखों रुपये बुधवार रात चोरों साफ फिल्मी तरीके से ले भागे। घटना लगभग 12:30 बजे की है। चोरों ने गैस कटर का प्रयोग करते हुए शटर को तोड़कर एटीएम रूम में प्रवेश किया।स्वयं की पहचान से बचने के लिए चोरों ने स्प्रे पेंट का प्रयोग कर सीसीटीवी कैमरों को रंग दिया। चोरों ने पूरी एटीएम मशीन उखाड़कर उसमें रखी नकदी 18 लाख 11 हजार पांच सौ रुपये लूट ली। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बताते चलें कि एसबीआई एटीएम बरसोत चौक निवासी मनोज कुमार उर्फ मणिलाल पिता स्व. मुरली महतो के घर में लगा था। बरही थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोर अब एटीएम नहीं बल्कि पूरी मशीन चुरा रहे हैं। मकान मालिक ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह वह लगभग 10 से 11 बजे रात के बीच एटीएम का शटर बंद कर सोने चले गए। सुबह आकर देखा तो उनकी गाड़ी गायब थी एवं एटीएम लगे कमरे का ताला एवं शटर भी टूटा हुआ था। शटर खोलकर देखा तो पाया कि पूरा एटीएम ही गायब है। उन्होने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी और बरही पुलिस को दिया।हिटाची कम्पनी के चैनल एक्सिक्यूटिव तनवीर सिंह ने बताया कि एटीएम मशीन में कुल 18 लाख 11 हजार 5 सौ रुपये थे। चोरी की सूचना उन्हें मकान मालिक ने दी।जिसके अनुसार घटना स्थल पर पहुंचकर विस्तृत जानकारी उन्होंने एसबीआई के वरीय पदाधिकारियों व अपने वरीय पदाधिकारियों को दे दी है। इस सम्बंध में बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी।इस बाबत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बरसोत के शाखा प्रबंधक संदीप पांडेय ने बताया कि यह एटीएम हिटाची नामक एजेंसी का है, स्टेट बैंक का लोगो लगाया गया था। जिसके बदले में एजेंसी द्वारा स्टेट बैंक को कमीशन पे किया जाता है, चोरी से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी एजेंसी के कर्मी एवं पदाधिकारी बताएंगे।

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई पूरी वारदात**



# रामगढ़ में अवैध खनन पर लगायेंगे लगाम : उपायुक्त

**नये डीसी चंदन कुमार ने किया पदभार ग्रहण, गिनायी प्राथमिकता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले के 13वें डीसी के रूप में चंदन कुमार ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया है। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकता भी जाहिर की है। डीसी चंदन कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि रामगढ़ जिला अवैध खनन को लेकर काफी चर्चा में रहा है। अवैध खनन पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अभी जिले में उन्होंने पदभार ग्रहण किया है और यहां स्थानीय स्तर पर समस्याओं को जानने के लिए अधिकारियों के साथ विस्तार से बैठक करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की योजनाओं पर उनकी पैनी निगाह रहेगी। रामगढ़ जिले में एक निजी कंपनी में उन्होंने पहले भी काम किया है। रामगढ़ के वातावरण से वह काफी हद तक वाकिफ भी हैं। उन्होंने कहा है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और डीएमएफटी फंड को लेकर जितनी भी योजनाएं यहां चल रही है और किस स्तर तक पहुंची हैं, इसकी जानकारी लेंगे। डीसी माधवी मिश्रा से प्रभार लेने के बाद उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं दी।

### घायल ज्योति प्रकाश का रिम्स में ऑपरेशन सफल, खतरे से बाहर



**हजारीबाग।** लोहसिंघना थाना क्षेत्र में बुधवार की रात इंद्रपुरी चौक निवासी ज्योति प्रकाश को मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। उन्हें गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए चिकित्सको द्वारा रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। ज्योति इस वक़्त रिम्स में इलाजरत है और जिन्दगी और मौत से जूझ रहे है। फिलहाल रिम्स में दोनों ऑपरेशन कामयाब बताया जा रहा है। डॉक्टरों के द्वारा 2 दिन आईसीयू में रखने के बाद जनरल वार्ड में रखा जाएगा।इधर इस मामले में लोहसिंघना पुलिस द्वारा आरोपियों की खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है।घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि ज्योति प्रकाश बाजार से लोहसिंघना अपने गंतव्य स्स्थल की ओर जा रहे थे इसी दौरान उनपर अमन खान और टिंकू खान ने हमला कर दिया।जिसमे वो बुरी तरह जख़्मी हो गए. मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है।

### बिजली को लेकर अधीक्षण अभियंता से मिले पूर्व विधायक

**बरही।** बरही विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या को लेकर हजारीबाग अधीक्षण अभियंता से मिले पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव। बिजली आँख मिचौनी से अवगत कराया।उन्होंने बताया कि जले हुए ट्रांसफार्मर का विभाग को सूचना देने के बाद समय पर ट्रांसफार्मर रिप्लेस नहीं होने से आम जन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौपारण चटट्टी में 200 केवीए का एवं चतरो ट्रांसफर्मर कई दिनों से जला हुआ है।विभाग को सूचना देने के बावजूद अधिकारी मौन है।साथ ही चौपारण प्रखंड के ग्राम जोकट तिलैया में बोधो भुइया के घर के पास 25 केवीए का ट्रांसफार्मर अधिक उपभोक्ता रहने के कारण लोड नहीं ले पा रहा है। पूर्व विधायक ने अभियंता को सुझाव दिया कि आम जनों के इस समस्या को तत्काल संज्ञान मे लिया जाये। अधीक्षण अभियंता ने स कहा कि शीघ्र ही चौपारण चट्टी में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर रिप्लेस कर दिया जायेगा और जहां 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से लोड नहीं संभल रहा है, उसे बढ़ाते हुए 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा।

### ओवरब्रिज का जीएम ने किया उद्घाटन



**उरीमारी (रामगढ़)।** बिरसा परियोजना के रेलवे ओवरब्रीज का बरका-सयाल के जीएम अजय सिंह ने उद्घाटन किया। मौके पर जीएम अजय सिंह ने कहा कि पुल के चालू हो जाने के बाद बिरसा परियोजना में कार्यरत लोग सहित आमजनों को आवागमण में काफी सहूलियत होगी।

## सदर विधायक ने दो परिवारों को दिया नमो श्राद्ध राशन किट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** गुरुवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने विधायक सेवा कार्यालय परिसर में दारू प्रखंड के दो जरूरतमंद परिवार को नमो श्राद्ध राशन किट उपलब्ध कराया। जायसवाल ने दारू प्रखंड के इरगा पंचायत के ग्राम बड़वार निवासी स्व.विनोद यादव और स्व.पप्पू यादव के परिजनों को यह किट सौंपा, जिसमें करीब 150 लोगों के लिए राशन उपलब्ध है। जायसवाल ने कहा कि जरूरतमंद परिवार के दिवंगत आत्मा की शांति की कामना के साथ उनके प्रति मेरे तरफ से एक गिलहरी प्रयास का सहयोग के माध्यम से श्रद्धांजलि दिया जाता है जिससे हमें आत्मिक शांति मिलती है। मौके पर विशेष रुप से भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, दारू विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, अनिल शुक्ला सहित दारू क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं कलाम : शैलेश कुमार

**बरही।** पंचमाधव में संचालित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में भारत के पूर्व राष्ट्रपति व मिसाईल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को बताया कि 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वरम धाम की माटी में जन्मे, पले-बढ़े और समुद्र सा विशाल और अगाध व्यक्तित्व के स्वामी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन में कई अनगिनत अभाव आये। बावजूद उनकी दृढ़ता ने मंजिल तक पहुचने में रूकावटें बाधा नही बन स्की। आज सारा भारत विकसित राष्ट्रों की प्रथम पंक्ति में स्वयं के बलबूते खड़ा हो गया। इस सपने को साकार करने में न केवल स्वयं जुटे बल्कि उन्होंने भारत के सभी बच्चों और युवा होते तरूणों की निगाहों में स्वप्न बांट दिया। उनका कथन था कि यदि आप सूरज की तरह चमकना चाहते हो तो सूरज की तरह जलना सीखो। ऐसा ही एक महान शख्सियत जिन पर हमें हमेशा गर्व रहेगा वो हैं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम। वह एक भारतीय वैज्ञानिक होने के साथ-साथ एक राजनीतिज्ञ नेता भी थे।

## आजसू का हल्ला बोल चार अगस्त को

**जिला उपाध्यक्ष द्वारिका महतो ने चैनगड़ा में किया जनसंपर्क, कहा- ऐतिहासिक होगा कार्यक्रम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**भदानीनगर (रामगढ़)।** आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष द्वारिका महतो ने 4 अगस्त को निर्धारित हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर गुरूवार को चैनगड़ा में बैठक एवं जनसंपर्क किया। द्वारिका महतो ने कहा की मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। युवा रोजगार को तरस रहे हैं। रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर हो रहे हैं। महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही है। वहीं अपराध का ग्राफ भी काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विभिन्न योजनाओं के लिए आमजनता को परेशान किया जा रहा है। विकास कार्य ठप है। विधायक अंबा प्रसाद सिर्फ विस्थापितों के नाम पर दिखावे का हल्ला करने में व्यस्त हैं। श्री महतो ने कहा कि विस्थापितों को उनका उचित मुआवजा, स्थायी रोजगार तक नहीं दिलवा पा रहीं हैं। सिर्फ वादों की पोटली लेकर घूमने वाली विधायक अम्बा प्रसाद हो गई हैं। दिनभर विधायक के कार्यकर्ता किसी उद्घाटन अथवा शिलान्यास कार्यक्रम के शिलापट्ट में स्थानीय विधायक का नाम बड़ा कराने के लिए जोर आजमाइश करते दिख जायेंगे। उन्होंने कहा कि अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सम्मान का हनन किया जा रहा है। जनहित के कार्य से कांग्रेस और जेएमएम को कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने बताया कि इन्हीं सब मुद्दो के खिलाफ आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कगांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के आह्वान पर सभी प्रखण्ड कार्यालयों में आंदोलन के क्रम में पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रांगण में पार्टी के द्वारा 4 अगस्त को हल्ला बोल कार्यक्रम का आगाज किया जाएगा। पूरे प्रखंड से हजारों कार्यकर्ता एवं आम जनता इस कार्यक्रम में भाग लेकर जनहित की आवाज बुलंद करेंगे।

### रोजगार के लिए तरस रहे हैं युवा : विजय साहू

**बासल (रामगढ़)।** आजसू के केंद्रीय सचिव विजय साहू ने 4 अगस्त को हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर कुरसे पंचायत के कुशीयारा ग्राम में बैठक की। विजय साहू ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। युवा रोजगार को तरस रहे हैं। रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विभिन्न योजनाओं के लिए आमजनता को परेशान किया जा रहा है और विकास कार्य ठप है। श्री साहू ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद सिर्फ विस्थापितों के नाम पर दिखावे का हल्ला करने में व्यस्त हैं।

## एक नजर में

### कटकमदाग : पूर्व मुखिया और पूर्व जिप सदस्य बरी



**कटकमदाग।** बानादाग रेलवे साइडिंग में कार्यरत मजदूर की मौत के बाद थाना प्रभारी अजीत कुमार ने मुखिया उदय साव और जिला परिषद प्रियंका कुमारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। 6 वर्ष के बाद सूचक थाना के बड़ा बाबू एवं एक भी स्वतंत्र साक्ष्य, पुलिस अधिकारी अपना बयान देने के लिए न्यायालय नहीं पहुंचे जिसके कारण दंडाधिकारी एस एस मिंज की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व मुखिया उदय साव पर पूर्व थाना प्रभारी के दर्ज किए गए मुकदमे में इज्जत बरी कर दी। पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने कहा कि थाना प्रभारी अजीत कुमार के ऊपर मानहानि का मुकदमा दर्ज करूंगी। 6 वर्षों से मुझे कोर्ट का चक्कर लगाना पड़ा और उनका शोषण भी सहना पड़ा है। मैं न्यायालय का सम्मान करते हुए कटकमदाग थाना के पूर्व थाना प्रभारी अजीत कुमार पर मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाऊंगी । उदय साव ने कहा कि इस तरह के दर्जनों फर्जी मुकदमा जैसे छेड़खानी,सरकारी काम में बाधा,रेकी करना, हत्या करवाना ,हत्या के प्रयास ,चोरी , छींतई,हरिजन एक्ट इत्यादि गंभीर गंभीर मिथ्या आरोप लगा कर परेशान किया जा रहा है। हम इस से भयभीत नहीं हैं ।

२७ है पी २ : प्रियंका कुमारी, मुखिया उदय साव

### नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष बने सुनील

कटकमदाग। सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित होने वाले नमो फुटबॉल टूर्नामेंट– 2023 के भव्य आगाज की तैयारी शुरू हो गई है। कटकमदाग प्रखंड में 20 से 27 अगस्त तक यह टूर्नामेंट चलेगा। बुधवार की देर शाम को विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके कार्यालय सभागार में नमो फुटबॉल टूनार्मेंट संचालन समिति की एक बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नमो फुटबॉल टूनार्मेंट 2023 के कटकमदाग अध्यक्ष कटकमदाग मुखिया प्रतिनिधि सुनील यादव, उपाध्यक्ष कमल कुमार साहू और बेस मुखिया दीपक यादव, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार राणा को बनाया गया। संरक्षण समिति में कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, कटकमदाग जिला परिषद सदस्य जीतन राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव, रामदुलार यादव, नीरज कुमार, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विजय गिरी, भाजयुमो महामंत्री आशीष कुमार गुप्ता, उपप्रमुख विमल गुप्ता, खपरियावां मुखिया राजेश गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष लीलावती देवी, संध्या राय, फुलचंद प्रसाद, जगन्नाथ प्रजापति, सुरेंद्र बांदो, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष तुलसी प्रसाद कुशवाहा, किसान मोर्चा अध्यक्ष मिथिलेश यादव, कुसुंबा मुखिया प्रतिनिधि कल्लू राम, एसटी मोर्चा मंत्री परमेश्वर भोक्ता, साहेब राणा, दीपक पंडित, मनीष कुमार, पवन पुरी, लखन कुमार, बासुदेव प्रसाद, धनेश्वर साहू, पीयूष राणा, राजेंद्र कुमार शर्मा, नवल किशोर प्रसाद, गौतम प्रसाद सहित अन्य शामिल रहेंगे ।

### शिव मंदिर की जमीन बचाने को दिया आवेदन




**हजारीबाग।** गोपाल शिवागना शिव मंदिर सेवा संस्थान के द्वारा सदर प्रखंड स्थित बैहरी सखिया रामनवमी मेला ,दुर्गा पूजा मेला परिसर मे भू माफियाओं के द्वारा जो अतिक्रमण किया गया है तथा जमीन की खरीद बिक्री किया गया है। इस जमीन को बचाने को लेकर आज उपायुक्त हजारीबाग, पुलिस अधीक्षक , उप समाहर्ता उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल कमिश्नर अनुमंडल पदाधिकारी अंचल अधिकारी , थाना प्रभारी को आवेदन दिया गया और आवेदन में मांग किया गया है की इस मेला परिसर में लगभग 100 वर्षो से रामनवमी मेला दुर्गा पूजा मेला , शादी विवाह कार्यक्रम, एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम , सामाजिक कार्यक्रम पूजा पाठ का आयोजन किया जाता है । जिसमें 13 गांव के अखाड़ा मे लाखो श्रद्धालु गन शामिल होते है । बताया जा रहा है कि यहां पर हजारीबाग का सबसे पहला रामनवमी मेला की शुरूआत हुई है। यहां रामनवमी मेला के बाद ही शहर में रामनवमी मेला दशमी को लगाई जाती है । प्रत्येक वर्ष जिला प्रशासन के द्वारा दंडाधिकारी भी नियुक्त किया जाता है एवं जिला प्रशासन के द्वारा सभी अखाड़ों को प्राइज दिया जाता है। आवेदन देने वालों में मुख्य रूप से सदर प्रखंड उप प्रमुख रवि कांत सिंह ,बैहरी पंचायत मुखिया पप्पू यादव, सखिया पंचायत मुखिया इम्तियाज आलम, अध्यक्ष रामस्वरूप महतो, सचिव जानकी महतो सुबल कुशवाहा, उपाध्यक्ष राजकिशोर रविदास, लाइब्रेरियन विनोद कुमार साव, पूर्व मुखिया अरुण यादव पूर्व मुखिया उमेश कुमार, उपाध्यक्ष हुलास महतो, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, उप कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रेरणा दीक्षित ने किया योजनाओं का निरीक्षण

**हजारीबाग।** प्रेरणा दीक्षित ने निगम क्षेत्रान्तर्गत चल रही योजनाओं का भौतिक निरक्षण किया। उन्होंने खिरगांव स्थित डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया। नगर निगम हजारीबाग द्वारा लिगेसी वेस्ट के निस्तार हेतु संवेदक द्वारा कार्य प्रारम्भ किया गया है। इसे बायोरेमिडिशन ऑफ लिगेसी वेस्ट कहा जाता है।इसमें कचरो को अलग अलग कर निस्तारण का प्रावधान है।प्लास्टिक को सीमेंट कंपनी को भेजा जायेगा तथा मिट्टी से सॉइल फिलिंग का कार्य लिया जाएगा। प्रशासक ने संवेदक को कार्य को ससमय ,गुणवत्तापूर्ण पूर्ण करने का निदेश दिया। साथ ही उन्होंने खजांची तालाब में चल रहे उसके रेजुवेनशन का कार्य का निरक्षण किया।वहां उन्होंने कार्य को ससमय पूर्ण करने का निदेश संवेदक को दिया तथा वहाँ पौधारोपण तथा वृक्षारोपण करने का निदेश दिया। निरक्षण के दौरान प्रशिक्षु आई ए एस सुलोचना मीणा, कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह तथा सभी कनीय अभियंता उपस्थित थे।

### संस्कृत परिषद की बैठक और कार्यशाला शुरू

**हजारीबाग।** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय संस्कृत परिषद बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में हुआ। बैठक एवं कार्यशाला का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन फणींद्र झा, विभाग निरीक्षक, रांची विभाग ने किया। उन्होंने कहा इस बैठक एवं कार्यशाला का उद्देश्य संस्कृत शिक्षा क्षेत्र में व्यापक अध्ययन अध्यापन पर बल देना है जिससे भैया –बहनों का सर्वांगीण विकास हो सके। मौके पर सत्यनारायण पाठक, प्रांत संस्कृत शिक्षा प्रमुख का मार्गदर्शन आचार्यों को प्राप्त हुआ 'इस अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र के द्वारा व्यवस्था संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### तिलक लगा विद्यालय में प्रवेश पर आपत्ति से आक्रोश

**विष्णुगढ़।** तिलक लगाकर विद्यालय प्रवेश पर आपत्ति से लोगों मे आक्रोश है। आदर्श डीएवी विष्णुगढ़ मे बच्चों द्वारा माथे पर तिलक लगा कर प्रवेश करने पर शिक्षिका तृप्ती दास द्वारा तिलक को रुई से साफ कर विद्यालय प्रवेश करने की इजाजत देने का मामला प्रकाश मे आया है । गुरुवार को बच्चों के गार्जियन विद्यालय पहुंच कर विद्यालय प्रबंधक को घेरे मे ले कर बात की। विद्यालय प्रबंधक ने अपनी गलती को माना व भविष्य मे ऐसे मामले की पुनरावृति नहीं होने का दिया आश्वासन दिया।

### खैरा पंचायत में हाथी ने दो घरों को तोड़ा

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत के नारायणपुर, खैरा, बेडमक्का, भराजो पंचायत के करंबा में झुंड से बिछड़ा एक हाथी का आतंक जारी है ।कभी खैरा जंगल में कभी नारायणपुर बेडमक्का, तो कभी करंबा में उत्पात मचा रहा है। ग्रामीण सब डर से सहमे हुए है। हाथी ने बुधवार की मध्य रात्रि को दो घरों को निशाना बनाया। बेडमक्का के बिंदवा देवी पति काजा तुरी के घर अचानक हाथी आकर घर का मुख्य दरवाजा, बाउंड्री तोड़ दिया और घर में घुसकर रखे अनाज को चट कर गया। उस समय घर के सदस्य सो रहे थे. अचानक हाथी की आवाज और चिंघाड़ सुन कर किसी तरह खिड़की तोड़कर घर के लोग भाग कर अपनी जान बचाई।

# नागाओं की रहस्यमयी दुनिया



भारत के चार प्रमुख तीर्थ स्थानों – प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में 12 साल के अंतराल में कुंभ मेले और अर्द कुंभ का आयोजन होता है। आस्था से जुड़े इस कुंभ मेले में नागा साधु सभी के आकर्षण का केंद्र होते हैं। संन्यास परंपरा से आने वाले नागा साधू कहां से आते हैं और कुंभ खत्म होते ही कहां चले जाते हैं, इसे लेकर अक्सर हमारे मन में सवाल उठता रहता है। भारत के चार प्रमुख तीर्थ स्थानों – प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में 12 साल के अंतराल में कुंभ मेले का आयोजन होता है। आस्था से जुड़े इस कुंभ मेले में नागा साधु सभी के आकर्षण का केंद्र होते हैं। संन्यास परंपरा से आने वाले नागा साधू कहां से आते हैं और कुंभ खत्म होते ही कहां चले जाते हैं, इसे लेकर अक्सर हमारे मन में सवाल उठता रहता है।कुंभ मेले बड़ी संख्या में आने वाले साधु के आने और जाने का शायद ही किसी को पता चलता है।

कहते हैं कि नागा साधु कभी भी आम मार्ग से नहीं जाते, बल्कि देर रात घने जंगल, आदि के रास्ते से अपनी यात्रा करते हैं।दीन-दुनिया से अमूमन दूर तप-साधना में लीन रहने वाले नागा साधुओं के बारे में माना जाता है कि एक आम आदमी के मुकाबले कहीं ज्यादा कठिन जीवन होता है। संतों के 13 अखाड़ों में से सिर्फ सात संन्यासी अखाड़े ही नागा साधु बनाते हैं। इनमें जूना, महानिर्वाणी, निरंजनी, अटल, अग्नि, आनंद और आवाहन अखाड़ा शामिल हैं। नागा साधुओं को दीक्षा के बाद उनकी वरीयता के आधार पर पद दिए जाते हैं। जैसे – कोतवाल, बड़ा कोतवाल, महंत, सचिव आदि।नागा साधुओं के अखाड़े से जुड़ा कोतवाल अखाड़े और नागा साधुओं के बीच सेतु का कार्य करता है। सुदूर जंगल, कंदराओं आदि में रहने वाले इन नागा साधुओं को कुंभ में बुलाने का कार्य हो या फिर कोई सूचना पहुंचाने का काम, यही कोतवाल करते हैं।आम आदमी की तरह नागा साधु भी श्रृंगार करते हैं। सूर्योदय से पूर्व उठ जाने के बाद नित्यक्रिया और स्नान के बाद नागा साधु अपना श्रृंगार करते हैं।

भभूत, रुद्राक्ष, कुंडल आदि से श्रृंगार करने वाले नागा साधु अपने साथ त्रिशूल, डमरू, तलवार, चिमटा, चिलम आदि साथ रखते हैं।आम आदमी की तरह नागा साधु भी श्रृंगार करते हैं। सूर्योदय से पूर्व उठ जाने के बाद नित्यक्रिया और स्नान के बाद नागा साधु अपना श्रृंगार करते हैं। भभूत, रुद्राक्ष, कुंडल आदि से श्रृंगार करने वाले नागा साधु अपने साथ त्रिशूल, डमरू, तलवार, चिमटा, चिलम आदि साथ रखते हैं।अपने अखाड़े से जुड़े देवता की साधना और ध्यान करने वाले ये नागा साधु तमाम तरह की यौगिक क्रियाएं करते हैं। शैव परंपरा से जुड़े नागा साधु ध्यान–साधना के अलावा अपने गुरु की विशेष रूप से सेवा करते हैं। नागा साधुओं को शंकराचार्य की सेना कहा जाता है। सनातन परंपरा के प्रतीक माने जाने वाले इन अखाड़ों और इनसे जुड़े नागा साधुओं का वैभव कुंभ और महाकुंभ में ही देखने को मिलता है।

कुम्भ मेले का सबसे बड़ा आकर्षण अखाड़ों के साधु-संत होते हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से साधु-संतों की टोली यहां पहुंचती है। इनमें दर्जनों अखाड़े भी शामिल होते हैं। मेले में पहुंचने वाले अखाड़ों में से एक प्रमुख अखाड़ा होता है निर्वाणी अनी अखाड़ा। यह अखाड़ा बैरागी वैष्णव से जुड़ा है। श्री निर्वाणी अनी अखाड़ा हनुमान गढी, श्री अयोध्याा में है। यहां के रीति रिवाजों और परम्पराओं के बारे में पत्रिका टीम ने अखाड़े के श्री महंत धर्मदास से मुलाकात की। और उनसे इस अखाड़े के इतिहास और वर्तमान गतिविधियों के बारे में जानने की कोशिश की। पेश है निर्वाणी अनी अखाड़ा के बारे में रोचक जानकारी।

निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्री महंत धर्मदास ने बताया कि मठों और मंदिरों में रह रहे युवा साधुओं के लिए यह नियम बना कि वे कसरत करके शरीर को सुदृढ. बनाएं और कुछ हथियार चलाने में भी कुशलता हासिल करें। इसके लिए ऐसे मठ स्थापित किए गए, जहां कसरत के साथ ही हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया जाने लगा। ऐसे ही मठों को अखाड़ा कहा जाने लगा। सनातन संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए ही अखाड़े बने। हिंदू धर्म के अलग-अलग संप्रदायों से जुड़े अखाड़ों के नियम-कानून और परम्पराएं अलग हैं। अखाड़े में शामिल साधुओं को नागा की उपाधि दी जाती है। नागा का मतलब है जो अपनी बात पर अडिग रहे। देश और समाज की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दे। परिवार और रिश्ते-नातों को बुलाकर भगवान की सेवा पूजा और देश की रक्षा करे। जब-जब समाज पर कोई संकट आता है और धर्म पर खतरा उत्पन्न होता है तब अखाड़े के साधु भगवान की पूजा उपासना के साथ शस्त्र उठा कर देश और समाज के लिए संघर्ष करते हैं।

### तीन मतों में बंटे 13 अखाड़े

देश में मुख्य रूप से 13 अखाड़े हैं। यह तीन मतों में बंटे हैं। यह हैं शैव सन्यासी संप्रदाय, इनके पास सात अखाड़े हैं। वैरागी संप्रदाय के पास तीन अखाड़े हैं। श्री निर्वाणी अखाड़ा अयोध्या इसी के तहत आता है। इसके अलावा तीसरा है उदासीन संप्रदाय। इसके भी तीन प्रमुख अखाड़े हैं। अखाड़े में मल्लयुद्ध विद्या और तलवारबाजी सहित अन्य कलाओं का ज्ञान नागा साधुओं को एक सैनिक की भांति दिया जाता है। अखाड़ों के नियम-कानून बहुत सख्त होते हैं। प्रातः काल उठने से लेकर स्नान, पूजा पाठ करने और रात्रि विश्राम तक के लिए समय नियत होता है। ब्रह्मचर्य का पालन नागा साधु की पहली शर्त है। गृहस्थ जीवन त्यागकर उसे आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन करना होता है। इसके लिए प्रत्येक नागा साधु को अयोध्या में हनुमान जी के सामने प्रतीक चिन्ह को साक्षी मानकर शपथ लेनी पड़ती है। इसके बाद ही उसे नागा साधु की उपाधि मिलती है।

### ऐसे मिलती है नागा उपाधि

अखाड़े के नियम के अनुसार प्रत्येक 5 साल पर नागापना महोत्सव का आयोजन होता है। इसमें बाल्यकाल से लेकर युवावस्था तक के व्यक्ति को नागा परंपरा में दीक्षित किया जाता है। नागा साधु बनने से पहले उस व्यक्ति को अपने गुरु का चुनाव करना पड़ता है। गुरु का चुनाव करने के बाद ही गुरु दीक्षा मिलती है। अखाड़ों में नागा साधुओं की पूरी मंडली होती है। अखाड़ों के संचालन के लिए सेना की ही तरह प्रत्येक साधु के काम बांटे जाते हैं।

पुजारी से लेकर कोठारी सुरक्षा व्यवस्था के लिए अलग-अलग नागा साधु होते हैं। भोजन बनाने के लिए भंडारी, अर्थव्यवस्था देखने के लिए मुख्तार होते हैं। इनका चयन अखाड़े के महंत करते हैं। अखाड़ों का संचालन समाज से मिलने वाले दान और चढावे से होता है।

# इन गलतियों से बचें ,आपको कभी नहीं होगी धन की कमी



आज के भागदौड़ भरी जिंदगी में धन की आवश्कता हर एक मोर्चे पर रहती है। इसके लिए व्यक्ति दिन रात मेहनत करता है। लेकिन कई बार मेहनत करने के बाद भी सफलता नहीं मिलती। अगर आपको जीवन में धन की परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो इसकी वजह रोजमर्रा की जिंदगी में की गई कुछ गलतियां हो सकती है। शास्त्रो में पैसा और संपत्ति बढाने के कुछ टिप्स बताए गए हैं। इनके अनुसार जीवन में बदलाव करने से लक्ष्मी जी प्रसन्न होती हैं।आज के भागदौड़ भरी जिंदगी में धन की आवश्कता हर एक मोर्चे पर रहती है। इसके लिए व्यक्ति दिन रात मेहनत करता है। लेकिन कई बार मेहनत करने के बाद भी सफलता नहीं मिलती। अगर आपको जीवन में धन की परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो इसकी वजह रोजमर्रा की जिंदगी में की गई कुछ गलतियां हो सकती है। शास्त्रो में पैसा और संपत्ति बढाने के कुछ टिप्स बताए गए हैं। इनके अनुसार जीवन में बदलाव करने से लक्ष्मी जी प्रसन्न होती हैं।जिन घरों में पितृपक्ष में पितरों का श्राद्ध नहीं किया जाता है वहां लक्ष्मी नहीं रुकती। साथ ही पितर भी नाराज होते है जिससे घर पर हमेशा धन की हानि होती है।जिन घरों में सूर्यास्त के बाद झाड़ू लगाया जाता है वहां लक्ष्मी रहना पसंद करती हैं। इसलिए शाम के वक्त भूलकर भी झाड़ू नहीं लगाना चाहिए।उस घर में माता लक्ष्मी कभी भी नहीं आती जिस घर के सदस्यों में नाखून चबाने की आदत होती है।अगर आप रात के जूठे बर्तनों को घर में रखे रहते हैं और उसे सुबह साफ करते हैं तो इस आदत को बदलें। ऐसे करने से घर में लक्ष्मी नहीं ठहरती हैं।शास्त्रों में बताया गया है कि सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच स्त्री पुरुष को समागम करने से बचना चाहिए। जहां दिन के समय स्त्री पुरुष समागम करते हैं वहां लक्ष्मी का वास नहीं रहता है।जो व्यक्ति रात में बिना हाथ पैर धोए सोते हैं धन के लिए अच्छा शगुन नहीं माना जाता है।जिन घरों में पूजा का दीपक फूंक मारकर बुझाया जाता है वहां लक्ष्मी नहीं ठहरती हैं।अगर आप टूटी हुई कंघी से बाल संवारते हैं तो यह धन के लिए अपशगुन माना जाता है।

# रिसर्च फेलो आकांक्षा महाजन को 40 लाख की राष्ट्रमंडल स्कॉलरशिप



**पंजाब** यूनिवर्सिटी (पीयू) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज (यूआईपीएस) की रिसर्च फेलो आकांक्षा महाजन को प्रतिष्ठित ह्यकॉमनवेल्थ स्प्लिट-साइट स्कॉलरशिप-2023 प्रदान की गई है। आकांक्षा यूआईपीएस के प्रो. ओपी कटारे, पीयू के पूर्व निदेशक-अनुसंधान और यूआईपीएस के अध्यक्ष, और प्रो. भूपिंदर सिंह भूप, यूआईपीएस के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में एमेरिटस प्रोफेसर चितकारा विश्वविद्यालय राजपुरा, के मार्गदर्शन में फार्मास्युटिकल विज्ञान संकाय में डॉक्टरेट शोध कर रही हैं। उनका शोध बेहतर बायोफार्मास्युटिकल गुणों के साथ सामयिक वितरण के लिए एंटी फंगल और एंटी-गठिया एजेंटों के लिपिड-आधारित उपन्यास ड्रग कैरियर के क्यूबीडी-उन्मुख डिजाइन और विकास पर केंद्रित है। कॉमनवेल्थ स्प्लिट-साइट स्कॉलरशिप में वे यूके के प्रेस्टन में सेंट्रल लंकाशायर विश्वविद्यालय में प्रो. कमलिंदर के. सिंह की देखरेख में आणविक और जैविक तरीकों का उपयोग करके एंटी फंगल दवाओं के सामयिक वितरण और उनके व्यापक लक्षण वर्णन पर शोध कार्य जारी रखेंगी।इसके तहत यूके की राउंड-ट्रिप अंतर्राष्ट्रीय यात्रा खर्च, विश्वविद्यालय में ट्यूशन फीस, अनुसंधान आकस्मिकताएं, यूके या विदेश में अध्ययन यात्रा अनुदान और एक वर्ष के लिए रहने का भत्ता शामिल है। इन लाभों का कुल मूल्य करीब 40 हजार पाउंड यानी करीब 40 लाख रुपये है। आकांक्षा पूरे भारत में फार्मास्युटिकल साइंसेज और नैनोमेडिसिन के क्षेत्र से एकमात्र शोधार्थी हैं, जिन्हें इस प्रतिष्ठित राष्ट्रमंडल छात्रवृत्ति पुरस्कार के लिए चुना गया है।

# सरहद पार प्यार: सोशल मीडिया के असामाजिक दंश

**अभी** पाकिस्तानी नागरिक सीमा गुलाम हैदर और भारत के सचिन की असामान्य प्रेम कहानी के उलझे तार सुलझे भी नहीं थे कि राजस्थान की अंजू और पाकिस्तानी प्रेमी नसरुल्ला की प्रेम कहानी के किस्से सुर्खियां बनने लगे। सीमा रेखा के आर-पार के प्रेमिल रिश्तों की तमाम कहानियां हम अतीत में सुनते आये हैं। सालों लोगों ने अपने प्रेमी-प्रेमिका का इंतजार किया। ये विषय फिल्म निमार्ताओं को भी मुनाफा देता रहा है क्योंकि ऐसे विषयों का रोचक कथापक्ष दर्शकों को खूब लुभाता रहा है। लेकिन इन हालिया प्रेम कहानियों में कई तरह के उलझे पेच भी हैं। एक तो ये रिश्ते अलग-अलग धर्मों के बीच पनपे हैं दूसरे इनमें परिवारों की कोई भूमिका नहीं रही है। अन्यथा विगत में रिश्तेदारों-पड़ोसियों या कारोबारी संबंधों के जरिये ये प्रेम कहानियां सिरे चढ़ती रही हैं। हालिया दोनों प्रेम कहानियों में ये चीज एक जैसी है कि प्रेम सोशल मीडिया के जरिये परवान चढ़ा। सीमा हैदर का चार बच्चों को लेकर भारत आना एक चौंकाने वाला पक्ष है। वह भी बिना वीजा के नेपाल के रास्ते भारत में एंट्री। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा गठित एसआईटी की जांच में कई विरोधाभासी तथ्य सामने आए हैं। आम धारणा यह भी रही है कि सामान्य देहयष्टि व मामूली सी नौकरी वाले सचिन में सीमा हैदर को क्या नजर आया कि वह अपना घर-परिवार, धर्म व देश छोड़कर भारत चली आई। हालांकि, पुरानी कहावत है कि प्रेम आंख मूंदकर होता है और उसमें तर्कों की कोई गुंजाइश नहीं होती। लेकिन हाल के दिनों में



सैकड़ों ऐसे प्रकरण सामने आए हैं जिनमें सोशल मीडिया के जरिये रिश्ते गांठकर सेना, वायुसेना व नौसेना के अधिकारियों व कर्मचारियों को किसी सुंदरी के जरिये पाकिस्तान से जासूसी के लिये इस्तेमाल किया जाता रहा है। सीमा के भाई व अन्य रिश्तेदारों का पाक सेना से जुड़ा होना संदेह को गहरा करता है। ऐसे ही अंजू के मध्य प्रदेश स्थित मायके के सदस्यों का बीएसएफ से जुड़ाव का मुद्दा भी उठा है। फिर उनके व पति के बीच बातचीत के लीक होने से कई असामान्य तथ्य उजागर हुए हैं।

वैसे इन घटनाक्रमों के जरिये भारतीय समाज में एक बहस नये सिरे से उठ खड़ी हुई है कि सोशल मीडिया कितना सोशल है और संबंधों में आ रही विकृतियों में इसकी कितनी भूमिका है। निस्संदेह, हर मां-बाप प्यार व कष्टों से पाली गई संतान के बेहतर भविष्य को लेकर सोचता है। दस बातें सोचकर बेटी-बेटे के रिश्तों को अंजाम देते हैं। इस रिश्ते में इस बात की गुंजाइश होती है कि यदि किसी वजह से संबंधों में ऊंच-नीच हो भी जाए तो मायके के दरवाजे खुले रह सकते हैं। ऐसे में आजादी के बाद से जहरीली शत्रुता रखने वाले देश पाकिस्तान से क्या उम्मीद की जा सकती है कि उसके हुक्मरान सरहद पार करके पनपते प्यार को सहजता से स्वीकार करेंगे। या क्या कोई मां-बाप कटुता के चरम दौर में पहुंचे भारत-पाक रिश्तों के दौर में अपनी बेटी-बेटे की खैर-खबर लेने पाकिस्तान जा सकता है? अल्पसंख्यक लड़कियों के धर्म परिवर्तन, जबरन निकाह व क्रूर व्यवहार के किस्से रोज अखबारों की सुर्खियां बनते रहते हैं। ऐसे में भारत से गई किसी लड़की का प्रेमिल जीवन पाक में सामान्य रह सकेगा, सवाल पैदा करता है। इन घटनाक्रमों ने एक बार फिर से सोशल मीडिया की सामाजिकता को लेकर बहस तेज कर दी है। हाल की दोनों घटनाओं को छोड़ भी दें तो देश में हजारों किस्से ऐसे हैं कि जिनमें सोशल मीडिया के जरिये लड़कियों से छल किया गया। उन्हें लूटा गया और उनकी हत्या तक कर दी गई। एक परिपक्व व्यक्ति के लिये सोशल मीडिया के गहरे निहितार्थ हैं। लेकिन छोटी उम्र में बहकने को भटकाव ही कहा जायेगा। वहीं वैवाहिक रिश्तों के दरकने को भारतीय समाज के लिये एक बड़ी चुनौती माना जाएगा। जो समाज में कई तरह की विकृतियों को जन्म दे सकता है। रिश्तों की पवित्रता को लेकर पश्चिमी जगत में जिस भारत की मिसाल दी जाती रही है आज वह ही रिश्तों के संक्रमण वाले दौर से गुजर रहा है।

# खत्म हो रही है बच्चों की मासूमियत चुप है समाज

**–क्षमा शर्मा**

इंडोनेशिया के क्यूरी बारोह गांव में बहुत से साइबर कैफे को कहा गया है कि वे सस्ती दरों पर उपलब्ध अपनी वाई-फाई सेवाओं को तत्काल प्रभाव से बंद कर दें, क्योंकि इस कारण बड़ी संख्या में बच्चे पोर्न और वे साइट्स देख रहे हैं, जो उनके लिए बेहद हानिकारक हैं। यह सिर्फ इंडोनेशिया की बात नहीं है। स्कूलों में अध्यापकों से बात करें, तो पता चलता है कि इन दिनों उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि बच्चे पोर्न खूब देख रहे हैं। लगातार आती खबरों पर गौर करें, तो पता चलता है कि छोटी उम्र के बच्चे दुष्कर्म जैसे अपराध कर रहे हैं। उन्हें इसकी गंभीरता के बारे में पता नहीं है। वे तो वह कर रहे हैं, जो वे देख रहे हैं।

भारत सरकार ने हाल ही में ऐसी बहुत-सी साइट्स पर रोक लगाई है, जिनमें बच्चों के साथ होते बलात्कार या दूसरे अपराध दिखाए जाते हैं। ऐसी साइट्स तक मौजूद हैं, जो दुष्कर्म को एक



आनंददायक घटना की तरह पेश करती हैं। और इनके दो-दो लाख से ज्यादा सदस्य बताए जाते हैं। इसके अलावा बाल वेश्यावृत्ति या चाइल्ड सेक्स संबंधी साइट्स भी बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं। जब भी इन पर रोक की बात होती है, तो कुछ लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देकर शोर मचाने लगते हैं। लेकिन अभिव्यक्ति का यह मतलब नहीं है कि समाज में अच्छे-बुरे की पहचान भुला दी जाए। बच्चों के दिमाग में बालपन से ही सेक्स से जुड़ी बातें दिखाना और लड़कियों- महिलाओं को सेक्स की वस्तु की तरह पेश करना बेहद घातक है। यह किसी भी समाज के लिए अच्छा नहीं है, चाहे वह पश्चिम का समाज हो या हमारा समाज।

तकनीक को बच्चों के लिए भगवान की तरह पेश किया जाता रहा है। कहा जाता रहा है कि अगर बच्चा टेक्नो सेवी या तकनीक में पारंगत है, तो उसकी सारी समस्याएं आनन-फानन में हल हो सकती हैं। दुनिया के दरवाजे उसके लिए खुल जाते हैं। पर बहुत बार खुले दरवाजे तमाम तरह के अपराधों को भी निमंत्रित करते हैं। साइबर स्पेस ऐसा ही दरवाजा है, जिसके दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं।

खास तौर से बच्चों के हाथों में अगर हमेशा लैपटॉप, टैबलेट या मोबाइल रहता है, तो उसका असर पड़ता है। इससे बच्चे चिड़चिड़े और हिंसक हो रहे हैं। वे मामूली बातों पर बदला लेने को तैयार हो रहे हैं। इसका हल यह बताया जाता है कि माता-पिता और अध्यापकों को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि बच्चे क्या देख रहे हैं, वे क्या कर रहे हैं। मगर क्या चौबीसों घंटे बच्चों पर नजर रखना संभव है? फिर ज्ञान की एक उम्र भी होती है। अगर पांच साल के बच्चे को पचास साल के व्यक्ति का ज्ञान यों ही मिल जाए, तो उसका क्या होगा!

समय और उम्र के साथ हमें अपने आप ही बहुत-सी बातों का पता चल जाता है। सेक्स से जुड़ी बातों को जानने की भी इसीलिए एक खास उम्र निर्धारित की गई है। लेकिन तकनीक इन दिनों बच्चों को समय से पहले वह सब कुछ सिखा रही है, जो उनके लिए ठीक नहीं है। इससे बच्चों की मासूमियत खत्म हो रही है।

# महिलाओं के प्रति अपराध दशार्ते है हमारा पिछड़ापन

**लेखा रत्तनानी**
**मैनेजिंग एडिटर, द बिलियन प्रेस**

जहां हिंसा, ताकत की भाषा बन जाए और कमजोर को काबू में करने के लिए इसका इस्तेमाल करने लग जाएं तो हदें भी पार होने का खतरा हमेशा रहता है। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर सडक पर घुमाने के घटनाक्रम ने समूचे देशवासियों की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। जो घटनाक्रम हुआ, उसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और बदले की हिंसा में एक आरोपी का घर जला दिया गया। सीधे तौर पर इस घटना की दुर्भाग्यपूर्ण परिणति मणिपुर में बहुसंख्यक मैतेई व अल्पसंख्यक कुकी समुदायों के बीच कुछ माह से जारी हिंसक संघर्ष के रूप में हुई है। मणिपुर का मामला सुर्खियों में बने रहने के बाद हो सकता है कि बाद में फाइलों में बंद होकर रह जाए। हो सकता है लोग इसे भुला भी दें। मणिपुर का तो यह एक घटनाक्रम है पर ऐसे सैकड़ों मामले महिला उत्पीड? से जुड़े होते हैं जिनका शायद कहीं संज्ञान ही नहीं लिया जाता।

इसी माह के शुरूआती दिनों में एक और वीभत्स



घटना बिहार के खगरिया जिले के एक गांव में हुई। खबर आई कि खेत में काम कर रही 45 वर्षीय महिला की जमीन विवाद के चलते हत्या कर दी गई। मृतका के परिजन ने पांच पड़ोसियों को जिम्मेदार ठहराया। इन्हें नौ साल पहले मृतका के पति व उसके भाई की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वे जमानत पर जेल से बाहर थे। बिहार के ही भागलपुर में गत दिसम्बर में एक महिला के कान, हाथ व टांगें काट दी गईं, आंखें निकाल दी गईं। अस्पताल ले जाते वक्त ही पीड़िता ने दम तोड़ दिया और उसकी कहानी वहीं खत्म हो गई। नेशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, यूपी, बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल तक सब जगह कहानी एक जैसी है। कहीं महिलाओं की हत्या तो कहीं हत्या के प्रयासों के मामलों में राज्य अपना नाम शीर्ष पर लिखाते हुए दिखते हैं। संपत्ति विवाद, पारिवारिक अनबन जैसी कई वजह ऐसे अपराधों की रहती है। पर मणिपुर में हिंसा व उत्पीड़न का जो रूप सामने आया वह तो सत्ता को चुनौती देना जैसा है। जनता को भी चेतावनी की तरह, कि यदि उनके अनुकूल नहीं चला गया तो नतीजे अच्छे नहीं होंगे।

बड़ी चिंता इस बात की है कि प्रत्यक्षदर्शियों में से भी ज्यादातर लोग ऐसे प्रकरणों में चुप्पी साध लेते हैं। ऐसा बर्ताव करते हैं जैसे वे मौजूद थे ही नहीं। एक किताब का शीर्षक है वायलेंस इन अवर बोन्स। इसके अनुसार, हम यह मान बैठे हैं कि एक साथ जीने के लिए हिंसा को जीवन का हिस्सा मानकर रहना होगा। सही मायने में हिंसा ने हमें चिड़चिड़ा बना दिया है। यही वजह है कि हिंसक अपराध असुरक्षा का सबसे बड़ा कारण बनते हैं। हमारे देश की बात तो है ही, ब्रिटेन तक में 2021 में करवाए गए एक सर्वे में सामने आया कि 49 प्रतिशत महिलाएं रात के अंधेरे में सडकों पर निकलने में डरती हैं। एनसीआरबी के अनुसार, राजधानी दिल्ली महिला अपराधों की दृष्टि से देश में सबसे असुरक्षित है। मुम्बई, पुणे, गाजियाबाद या इंदौर के मुकाबले वर्ष 2020 में दिल्ली में महिला उत्पीड़न के दोगुने मामले दर्ज हुए थे।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि कानून-व्यवस्था की लचर स्थिति भी महिलाओं के खिलाफ हिंसा और तमाम अपराधों के लिए जिम्मेदार है। लेकिन जिस तरह से मानवीय मूल्य कम होते जा रहे हैं, समाज भी संवेदनाशून्य होता जा रहा है। ऐसे दौर में सिर्फ सिस्टम को ही जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं लगता। सभी तरह के अपराधों को महज आंकड़ों में गिनना ही काफी नहीं। कठोर दण्ड के प्रावधान भले ही हमारे कानून में हैं लेकिन जब तक कोई सजा नजीर बनकर सामने नहीं आए तब तक अपराधों पर लगाम लगाना आसान नहीं लगता।

ये अपराध तो हमारे पिछड़ेपन की निशानी बनते जा रहे हैं जो हमें लगातार आईना दिखाते रहते हैं कि आखिर हम कैसा समाज बनाते जा रहे हैं। बेहतर होगा कि जिम्मेदार समाज के इस बदलते चेहरे पर संज्ञान लें।

## स्पीड न्यूज

### पेड़ पर लटका हुआ मिला लड़की का शव

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत बांसडीह पंचायत के अहिराहि टोला में पूजा कुमारी 17 वर्ष पिता जमुना सिंह का शव मृतक के घर के 500 मीटर की दूरी पर पेड़ से लटका हूआ मिला। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। प्रभारी ने कहा कि हत्या है या आत्महत्या इसकी जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है।

### मुहर्रम को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च



**चैनपुर।** पुलिस ने गुरुवार को मुहर्रम को लेकर प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में शांति फ्लैग मार्च निकाला, जो चैनपुर थाना से होकर बस स्टैंड, बाजार गाड़ी, ब्लॉक मोड़ होते हुए पुनः चैनपुर थाना में समाप्त हुआ। थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि मुहर्रम के दौरान क्षेत्र में अमन शांति कायम रहे। इसके लिए चैनपुर पुलिस शांति फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से अपील कर रही है कि आपसी भाईचारे को निभाते हुए त्योहार मनायें एवं अफवाहों पर बिल्कुल भी ध्यान न दें। मौके पर एएसआई मदन शर्मा, एस आई आलोक कुमार, मुकेश कुमार, विजय उरांव, मिथलेश दुबे समेत जवान मौजूद थे।

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के डांडू कोयल नदी से बालू उठाव की गुप्त सूचना मिल रही थी। जिसपर पुलिस गश्ती दल ने बालू माफिया पर कार्रवाई के लिए छापामारी तेज कर दी थी। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि अवैध बालू उठाव की सूचना पर पुलिस लगातार कार्रवाई विशेष अभियान एवं पुलिस गस्ती टीम कर रही थी। परंतु कोयल नदी से बालू उठाते किसी वाहन को नहीं पाया गया था। गुरुवार अहले सुबह छापेमारी के दौरान मेढो पथ स्थित एकागुड़ी के समीप से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर (जेएच 08 जे 5834) को पुलिस ने जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रख लिया है।

### नुक्कड़ सभा कर भाजपा ने किया जागरूक



**कुडू, लोहरदगा।** भाजपा कुडू मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद के नेतृत्व में एक नुक्कड़ सभा कुडू बाजारटांड़ में की गयी। जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद उपस्थित हुए। राजकुमार ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि भारत सरकार सभी स्तरों पर समय-समय पर समाज के अनुप्रस्थ वर्ग के लिए कल्याण योजनाओं की घोषणा करती है, जिससे आमजनों को बहुत लाभ होता है। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार की किसान व वंचितों के लिए कई प्रकार की योजनाएं चल रही हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के किसानों को सालाना ₹6000 देने का प्रावधान है। मौके पर राजू रजक, धीरज प्रसाद, राजेश प्रसाद, भूषण प्रसाद, यदुनंदन तिवारी, वरुण बैठा, रामखेलावन राम, विश्वजीत भारती, सरजू साहू, सुधांशु कुमार आदि मौजूद थे।

### मुहर्रम को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल



**घाघरा।** मुहर्रम को लेकर घाघरा थाना परिसर में पुलिस ने मॉक ड्रिल किया। इस निमित्त किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस के जवानों को मॉक ड्रिल के माध्यम से बताया गया। साथ ही ग्रामीणों को भी मॉक ड्रिल में शामिल कर जागरूक किया गया। इस दौरान आंसू गैस के गोले पुलिस ने छोड़कर ग्रामीणों को जागरूक किया कि किस तरह से आंसू गैस के गोले काम करते हैं और भीड़ को तितर-बितर करने में मदद मिलती है। थाना प्रभारी अमित चौधरी और सार्जेंट अर्जुन महथा ने ग्रामीणों से कहा कि माहौल को बिगड़ता देख सतर्कता जरूरी है। मौके पर आईआरबी के प्रशिक्षक रवि कुमार सहित कई पुलिस के जवान मौजूद थे।

### सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें मुहर्रम



**डुमरी।** थाना परिसर में बीडीओ एकता वर्मा, सीओ रेशमा रेखा मिंज एवं पुलिस निरीक्षक बैजू उरांव के संयुक्त नेतृत्व में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। पुलिस निरीक्षक ने सभी को नये थानेदार रवि कुमार से परिचय कराते हुए बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। साथ ही आपसी भाईचारगी के साथ पुलिस प्रशासन से सामंजस्य स्थापित करते हुए पर्व त्योहार को शांति पूर्वक मनाने की अपील की। बीडीओ-सीओ ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति हम सभी सौहार्दपूर्ण ढंग से मुहर्रम मनायें। मौके पर मुखिया प्रदीप मिंज, बसंत भगत, ज्योति बहेर, सुभाष ठाकुर, जगरनाथ प्रसाद, हैदर अली, शमीउल्लाह अंसारी, मो इब्राहिम, सब्जीलाल साहू, मकबूल आलम आदि उपस्थित थे।

### इलेक्ट्रिक पावर टूल किट का वितरण

**गुमला।** जिले के पारंपरिक उद्यमियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त सुशांत गौरव लगातार पहल कर रहे हैं। इसी क्रम में बांस कारीगरों के विकास के लिए एक वर्षों में जिले में कई महत्वपूर्ण पहल किये गये हैं। जिले के बांस कारीगरों के लिए उपायुक्त के निर्देश से 8 बांस कला केंद्र (सीएफसी सेंटर) बनाये गये थे। जहां सभी कारीगरों को एक साथ मिलकर एक छत के नीचे कार्य करने का मौका मिला। गुरुवार को प्रधान मंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत, जिले में नव निर्मित सीएफसी केंद्र के सभी बांस कारीगरों के लिए सांकेतिक रूप से 10 पावर टूल किट का वितरण किया। शेष 70 पावर टूल किट का वितरण जल्द होगा। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए, प्रशासक नप, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला उद्यमी समन्वयक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

### सुभाष मुंडा हत्याकांड की जांच हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज से कराये सरकार : राजेंद्र प्रसाद

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने समाज सेवी व माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड की कड़ी भर्त्सना की है। उन्होंने जल्द से जल्द हत्यारे की गिरफ्तारी करने की मांग की है। साथ ही सरकार से इस हत्याकांड की जांच हाईकोर्ट के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए अच्छी सोच रखने वाले समाज सेवी की साजिश के तहत हत्या कर दी जा रही है। व्यवसाय से जुड़े लोगों का भी यही हाल है। पुलिस को अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार को खुली छूट देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हत्यारे की गिरफ्तारी जल्द से जल्द होनी चाहिए। इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए न्यायिक जांच भी आवश्यक है।

# इंटर की पढ़ाई को लेकर केओ कॉलेज में बेमियादी तालाबंदी

- कॉलेज गेट के सामने घंटों किया रोड जाम, एसडीपीओ की अपील पर हटाया जाम
- कॉलेज प्रशासन अपनी जिद के कारण छात्रों के भविष्य से कर रहा है खिलवाड़ : छात्र संगठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में इंटर की पढ़ाई शुरू नहीं करने के फैसले से अक्रोशित विभिन्न छात्र संगठनों ने गुरुवार को कॉलेज गेट में तालाबंदी की और घंटो रोड पर बैठे रहे। वहीं अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते रहे। कॉलेज प्रशासन के द्वारा इंटर की पढ़ाई शुरू नहीं करने का छात्र संगठन शुरू से विरोध कर रहे है। छात्र अपनी मांगों को लेकर धूप और बारिश में डटे रहे। छात्रों का कहना है की जब तक मांगे पूरी नहीं होगी कॉलेज कॉलेज में अनिश्चित तालाबंदी रहेगी। आंदोलन के दौरान छात्रों ने एक ने कहा कि कॉलेज प्रशासन निर्दई हो चुका है। कॉलेज प्रशासन अपनी जिद के कारण छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रही है। कॉलेज प्रशासन इतना असंवेदनहीन हो गई है की छात्र अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते रहे लेकिन पुलिस प्रशासन के किसी भी सदस्य ने वार्ता करने को लेकर पहल नहीं किया। आंदोलन के दौरान पुलिस प्रशासन मौके पर उपस्थित थी। पुलिस प्रशासन ने छात्र नेताओं को समझाने की कोशिश की और आंदोलन को खत्म करने की बात कही। छात्र नेताओं ने पुलिस प्रशासन की बात मानकर रोड में आवागमन को फिर से शुरू कराया। छात्र नेताओं का कहना है कि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने कॉलेज के कार्यक्रम के दौरान मंच पर छात्रों का आश्वस्त करते हुए कहा था कि इंटर की पढ़ाई को जारी रखने के लिए एक घंटे मे निर्णय ले लिया जायेगा। जिस पर छात्र संगठन ने समय-समय पर कॉलेज प्रशासन से इंटरमीडिएट में नामांकन प्रक्रिया जारी नहीं किया जाने पर रोष जताया और इंटर की पढ़ाई शुरू कराने की मांग की। जिस पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सीमा कुमारी ने बताया कि कुलपति के द्वारा हमें हमारे विवेक पर इस पर निर्णय लेने की बात कही थी। जिस पर हमने इंटर नहीं खोलने पर निर्णय लिया है। जिस पर छात्र आक्रोशित हो गए और तालाबंदी करने का निर्णय लिया।



कार्तिक उरांव कॉलेज के गेट पर तालाबंदी कार्यक्रम के समर्थन में प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

**क्या कहते हैं विद्यार्थी**

छात्रों का कहना है कि गुमला जिले में जनजाति भाषाओं की पढ़ाई का एकमात्र केंद्र बिंदु कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला है। जहां इंटरमीडिएट में जनजातीय भाषा की पढ़ाई होती थी। सरकारी नियुक्ति में भी सरकार ने क्षेत्रीय भाषा को अनिवार्य रखा है। छात्रों का कहना है कि सरकार और कॉलेज प्रबंधन स्पष्ट करें छात्रों को लेकर उनकी क्या मंशा है। एक तरफ सरकार सभी अंगीभुत कॉलेजों इंटर की पढ़ाई जारी करने का पत्र जारी करती है और कॉलेज प्रशासन कहता है की इंटर की पढ़ाई हम जारी नहीं रखेंगे। आंदोलन में सभी छात्र संगठन और छात्रावास और कॉलेज के छात्र मौजूद थे।

केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

# आदिवासियों पर अत्याचार के खिलाफ डीसी ऑफिस घेरा

- आदिवासी एकता परिषद 22 सूत्री मांगों को लेकर कर रहा है आंदोलन
- कॉमन सिविल कोड कानून बनाकर सरकार आदिवासियों की पहचान छीन लेगी : संजय उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



डीसी कार्यालय का घेराव करते राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के सदस्य।

**गुमला।** आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ गुरुवार को देशव्यापी आंदोलन के तहत राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद गुमला ने उपायुक्त कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इससे पूर्व करमडीपा के पास से विरोध स्वरूप जुलूस निकाला गया और केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। मौके पर राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद गुमला जिला सचिव संजय उरांव ने कहा कि सरकार आदिवासियों के खिलाफ अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि कॉमन सिविल कोड कानून बनाकर सरकार आदिवासियों की पहचान छीनने की कोशिश करने वाली है।

**कार्यक्रम की खास बातें**

साथ ही उनका अधिकार भी खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भारत माला प्रोजेक्ट के तहत फोर लेन व सिक्स लेन सड़क बनाकर आदिवासियों को विस्थापित करने का प्रयास कर रही है। मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हैवानियत की तरह व्यवहार किया जा रहा है। इन सभी मुद्दों सहित 22 सूत्री मांग को लेकर राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद आंदोलन कर रही है। सरकार मांगें नहीं मानती है तो 7 अगस्त को देशव्यापी बंद किया जाएगा। घेराव कार्यक्रम में भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय क्रिस्चन मोर्चा, राजी पड़हा, सरना प्रार्थना सभा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के लोग शामिल हुए।

# विवाहिता की संदेहास्पद मौत ससुराल वाले फरार, जमकर हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया।** ससुराल की चौखट पर नहीं थम पा रही है बहूओं पर अत्याचार का सिलसिला। ऐसा ही एक मामला तिलैया थाना क्षेत्र के झुमरी में देखने को मिला, जहां लड़की पक्ष के द्वारा ससुराल वालों पर हत्या कर शव को आत्महत्या का शक्ल देने के लिए फंदे से लटका कर मारे जाने का आरोप लगाया गया है। घटना गुरुवार सुबह 8:30 बजे की बताई गई है। सूचना के बाद आक्रोशित मायके वालों ने ससुराल के घर तोड़फोड़ शुरू कर दी। वहीं ससुराल पक्ष के लोग फरार हो गए। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस के समक्ष आक्रोशित परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। बाद में पुलिस को अतिरिक्तपुलिस बल मंगाना पड़ा। घटना के संबंध में मायके वालों से मिली जानकारी के मुताबिक मसौंदा चाराडीह निवासी बिनोद यादव अपनी 19 वर्षीय बेटी अंजली कुमारी का शादी झुमरी निवासी सुमन कुमार उर्फ अन्नू कुमार पिता सुरेश यादव के साथ 4 माह पूर्व कराई थी। शादी के पुर्व से ही लड़का मुंबई एक बीयरबार में कार्यरत था। शादी के एक माह बाद लड़की को अपने पति का मुंबई में एक अन्य लड़की से प्रेम प्रसंग का पता चला, जिसका विरोध किया करती थी और दोनों में बराबर विवाद होते रहता था। गत 17 जुलाई को दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह के बाद लड़के से स्टांप पेपर पर एक बांड भराया गया, आगे से अब ऐसा नहीं होगा। लेकिन दोनों में आपसी विवाद जारी रहा और गुरुवार की सुबह नवविवाहिता का शव ससुराल में फंदे से झुलता पाया गया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस छानबीन में जुट गयी है कि हत्या या आत्महत्या।

## डीएसइ ने की मध्याह्न भोजन और नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा

- स्कूलों में बच्चों को मेन्यू के हिसाब से भोजन देने तथा सभी रिकार्ड दुरुस्त करने का दिया गया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला शिक्षा अधीक्षक मो वसीम अहमद की अध्यक्षता में जिले के सभी प्रखंडों में संचालित मध्याह्न भोजन, शिक्षा परियोजना तथा नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई। शिक्षा अंतर्गत बेहतर कार्य को प्रोत्साहन तथा प्रेरणा से अन्य प्रखंड में उपलब्धि में सुधार के उद्देश्य से रायडीह प्रखंड को बेहतर कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह ऑडियो वीडियो प्रेजेंटेशन सहित समीक्षा आहूत की जाएगी तथा उत्कृष्ट प्रखंड एवं कर्मियों को पुरस्कृत किया जायेगा। मध्याह्न भोजन की समीक्षा में विद्यालयों में 6 से 14 आयुवर्ग के सभी बच्चों के नामांकन और उनकी उपस्थिति की समीक्षा करते हुए विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने तथा प्रयास कार्यक्रम संचालित करने का निर्देश दिया गया।

## इफको और पीएमकेएस को लेकर किसान सभा आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** प्रखंड बस्ती स्थित डाक बंगला भवन में गुरुवार को पीएम किसान सम्मान निधि के 14 वे किस्त का किसानों को हस्तांतरण के उपलक्ष में कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का लाइव भाषण किसानों को सुनाया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के नेतृत्व में पूरा देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा देश का किसान सशक्त नहीं होगा तब तक हमारा देश आगे नहीं बढ़ सकता। अतः किसानों के हित मैं किसानों को सशक्त करने के लिए प्रधानमंत्री जी के द्वारा पी एम किसान सम्मान निधि का आज 14 वें किस्त के रूप में सभी किसानों के बैंक खाते में भेजा गया। ताकि किसान अपना खेती बारी कर सके। आज भारत छोड़ सभी देशों में खाद यूरिया, डीएपी का दाम बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ है।

## लोहरदगा में कांग्रेस की बैठक आज 10 बजे से

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक 28 जुलाई (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 10 बजे से कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में रखी गयी है। जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने बताया कि इस बैठक में 09 अगस्त 2023 को विश्व आदिवासी दिवस समारोह आयोजित करने के संबंध में विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी के सभी सम्मानित पदाधिकारियों, जिप अध्यक्ष, सदस्य, सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं पार्टी के आदिवासी पदाधिकारियों से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

## सीआईएसएफ रिजर्व बटालियन-2 में एड्स को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



**रांची।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसफ) के रिजर्व बटालियन-2, धुर्वा में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता कार्यक्रम जेसेक्स द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर समिति के संयुक्त निदेशक रवि प्रकाश ने सीआईएसएफ के जवानों तथा अधिकारियों को एचआईवी एड्स के संक्रमण के बारे में बताया। एचआईवी के संक्रमण से कैसे बचा जा सकता है तथा इसकी रोकथाम के लिए क्या-क्या उपाय हैं इसकी जानकारी दी।

**असिस्टेंट कमांडेंट ने एड्स से बचाव की दी जानकारी**

कार्यक्रम में सीआईएसफ के असिस्टेंट कमांडेंट एसपी गौतम ने कहा कि एचआईवी का संक्रमण भारत देश में लंबे समय से चला आ रहा है। जागरूकता के अभाव में लोग इसकी चपेट में आ जाते हैं। बीमारी से बचने के लिए आम लोगों के साथ ही सैन्य बलों तथा केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में आईसीटीसी प्रभारी सत्य प्रकाश ने बताया कि एचआईवी की जांच पूरी तरह से गोपनीय और सुरक्षित रखी जाती है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में सीआईएसएफ के अधिकारियों जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम डिप्टी कमांडेंट के वेगकैम के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया।

## कैरो खरता के पीएम किसान समृद्धि केंद्र पर सैकड़ों किसानों ने देखा पीएम का लाइव प्रसारण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो /लोहरदगा।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 27 जुलाई गुरुवार को प्रखंड के सढाबे पंचायत के ग्राम खरता दिनेश दुबे के पीएम किसान स्मृद्धि केंद्र पर सैकड़ों किसानों ने पीएम का लाईव सुना। लाइव सुनने पहुंचे भाजपा कैरो प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव, जिला कार्य समिति सदस्य विशेश्वर प्रसाद दीन एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू ने भी किसानों के साथ लाइव प्रसारण सुना। श्री साहू ने कहा कि पीएम मोदी ने देश के किसानों को फिर एक बार फिर बड़ी सौगात दी है। पीएम ने राजस्थान के सीकर से देश के 1.25 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र को राष्ट्र को समर्पित किया है।

## शिक्षकों सहित राज्यकर्मियों की स्वास्थ्य बीमा लाभ देने पर हेमंत सरकार का आभार : संघ

**रांची।** शिक्षकों सहित राज्यकर्मियों की स्वास्थ्य बीमा लाभ देने पर शिक्षक संघ ने हेमंत सरकार का आभार जताया है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा शिक्षकों व राजकर्मियों को पारिवारिक स्वास्थ बीमा संबंधी बहू प्रतीक्षित मांग को लागू किए जाने पर झारखंड सरकार के कर्मठ व युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विशेष रूप से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सहित पूरी कैबिनेट सदस्यों का कोटी कोटी आभार। हेमंत सरकार की दूरदर्शी नीति और राजकर्मियों की स्वास्थ्य के प्रति चिंता स्पष्ट रूप से झलकता है। इसी का नतीजा है कि घोषणा के अनुरूप अमल में लाया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि इससे राज्य कर्मियों तथा शिक्षकों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करने में पांच लाख का बीमा से बहुत सुविधा होगी।

मालूम हो कि लंबे समय से संघ की मांग थी। कई दौर की बैठक हुई और समझौतों के अनुरूप पिछले लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध को दूर करते हुए कैबिनेट से पारित कर शिक्षक सहित राज्य कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा का तोहफा दिया गया। आभार व्यक्त करने वालों में उत्तील यादव, धीरज कुमार, सुनील कुमार, विजेंद्र चौबे, राममूर्ति ठाकुर, नसीम अहमद, असदुल्लाह, संतोष कुमार, दीपक दत्ता, बाल्मीकि कुमार, हरेकृष्ण चौधरी, अनिल कुमार, राकेश कुमार, सुनील दुबे, अमरेश सिंह, संजय कुमार, नंदकिशोर यादव, रामचंद्र खेरवार, सुरंजन कुमार आदि शामिल हैं।

## बकोरिया मुठभेड़ की फाइल सुनवाई के बाद कोर्ट ने किया बंद

## पीड़ित परिजन क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ किया प्रोटेस्ट फाइल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बहुचर्चित बकोरिया मुठभेड़ केस की फाइल गुरुवार को अंतिम रूप से बंद कर दी गई है। सीबीआई ने जांचोपरांत मुठभेड़ को सही बताते हुये मामले में पिछले दिनों क्लोजर रिपोर्ट अदालत में दाखिल की थी। सीबीआई की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर विशेष न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण उरांव की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में सीबीआई की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट को सही पाते हुये केस बंद करने का आदेश दिया। क्लोजर रिपोर्ट को अदालत ने स्वीकार किया। अदालत ने पिछले दिनों पीड़ित परिवारों को नोटिस जारी कर मामले में पक्ष रखने का निर्देश दिया था। इसी निर्देश पर मृतक उदय यादव के पिता जवाहर यादव समेत छह के पीड़ित परिवार पहुंचे और पक्ष रखा। सभी ने क्लोजर रिपोर्ट को मानने से इनकार किया। पीड़ित पक्ष ने कहा कि क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ प्रोटेस्ट अर्जी दाखिल करेंगे। अदालत के आदेश पर जवाहर यादव ने प्रोटेस्ट अर्जी दाखिल की। इस अर्जी में अन्य पक्षकारों को गवाह बनाया गया है। जल्द ही मामले को दर्ज कर सुनवाई प्रारंभ होगी।

**घटना के तीन साल बाद सीबीआई ने शुरू की थी जांच**

बकोरिया मुठभेड़ के बाद सीआईडी ने नौ जून 2015 को जांच शुरू की थी। जांच के खिलाफ मृतक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। झारखंड हाईकोर्ट ने साल 2018 में सीबीआई जांच का आदेश दिया था। जिसके बाद सीबीआई दिल्ली की स्पेशल सेल ने प्राथमिकी टेकओवर किया था। सीबीआई ने फोरेंसिक रिपोर्ट में भी मुठभेड़ को सही पाया गया था।

**8 जून 2015 को बकोरिया में हुई थी मुठभेड़**

पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में 8 जून 2015 को मुठभेड़ में डॉ अनुराग समेत 12 लोग मारे गए थे। स्थानीय पुलिस का दावा था कि पुलिस, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के द्वारा मुठभेड़ में लोगों की मौत हुई है। जबकि दारोगा हरीश पाठक ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी कि जेजेएमपी ने उग्रवादियों को मौत का घाट उतारा। इसके बाद इसे पुलिस मुठभेड़ करार दिया गया।

# कहा, जब तक एफओबी न हटेगा, तबतक बूबी ट्रैप नहीं हटेगा

## सारंडा में पोस्टर चस्पा कर पुलिस को दी चुनौती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चाईबासा।** भाकपा माओवादी नक्सलियों ने पश्चिम सिंहभूम के सोनुआ में पोस्टरबाजी की है। नक्सलियों ने पोस्टर साट कर पुलिस का विरोध किया है। पोस्टरबाजी किये जाने के बाद से क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में हैं।

भाकपा माओवादी नक्सली संगठन ने बुधवार देर रात जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सोनुआ थाना क्षेत्र के लोंजो मुख्य मार्ग के जोड़ापोखर चौक के समीप बैनर और पोस्टरबाजी की है। नक्सलियों ने पोस्टर में लिखा है कि कोल्हान वन क्षेत्र से एफओबी हटेगा तो बूबी ट्रैप भी हटेगा। एफओबी नहीं हटेगा तो बूबी ट्रैप भी नहीं हटेगा। ग्रामसभा के बिना गांव में कैंप करके जंगल क्षेत्र की जनता को सूचना दिए बिना दिन-रात 81 एमएम का गोला बरसाने वाला कौन, पुलिस या माओवादी, जैसी बातें लिखीं हुई हैं। इसी तरह बैनर में नक्सलियों ने 28 जुलाई से 3 अगस्त 2023 तक गांव-गांव में जुलूस प्रदर्शन और आम सभा का आयोजन कर स्मृति सभा को सफल बनाने की बात कही है।

गौरतलब हो कि जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस एवं सीआरपीएफ जवानों के विभिन्न बटालियनों के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ जनवरी माह से ही सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस सर्च ऑपरेशन में पुलिस जावनों को कई उपलब्धियां भी मिली। लेकिन पुलिस जावनों के अभियान के क्रम में नक्सलियों की पोस्टरबाजी होने से ग्रामीण तरह तरह की बातें कर रहे हैं। हालांकि पुलिस के लगातार अभियान चलाए जाने से नक्सली बैकफुट पर चले गये थे। परंतु भाकपा माओवादियों ने बुधवार की रात सोनुआ थाना के सोनुआ लोंजो मुख्य मार्ग के जोड़ापोखर चौक के पास पोस्टरबाजी और बैनर टांग कर एक बार फिर अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है।

## स्पीड न्यूज

### चोरी के वायर के साथ चार चोर चढ़े रेल पुलिस के हत्थे

**चंदवा।** टोरी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार की अगुवाई में विशेष छापेमारी अभियान चलाकर टोरी आरपीएफ की टीम ने भारी मात्रा में चोरी का एंटीक्रिप वायर के साथ चार चोरों को गिरफ्तार कर रेल न्यायालय डाल्टेनगंज भेज दिया। प्रेस बयान जारी कर निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि बीते 2 जून को बिराटोली-महुआमिलान के बीच लगभग 160 मीटर एंटीक्रिप वायर (अनुमानित मूल्य 28000) की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गयी थी। इस संबंध में रेसूब थाना टोरी कांड संख्या 05/2023 में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही थी। सघन तलाशी व मुखबिर खास कि सूचना के सत्यापन के क्रम में गुरुवार की सुबह लगभग साढ़े चार बजे चितरपुर गांव के पास से चोरित रेलवे के तांबे तार के साथ चार अभियुक्तों सत्येन्द्र गंझू पिता स्व. कैला गंझू (अमझरिया हेमपुर), कमलू उरांव पिता मंगरू उरांव, मनोज उरांव पिता स्व. बालदेव उरांव व शंकर उरांव पिता कैला उरांव (तीनो ग्राम-चितरपुर तथा सभी थाना-बालूमाथ) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने अपराध की स्वीकारोक्ति की व उक्त कांड में संलिप्तता भी स्वीकार की जिसके बाद अग्रतर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय डाल्टनगंज को अग्रिम कार्यवाही हेतु अग्रसारित कर दिया गया।

### कार ने ट्रैक्टर को पीछे से मारी टक्कर

चंदवा। एनएच-75 रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा के देवनद के समीप गुरुवार की दोपहर गढ़वा से रांची जा रही कार जेएच 05 सीएच/2224 ने खाली ट्रैक्टर के ट्रॉली को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर का ट्राली सड़क पर पलट गयी व कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि सही समय पर कार का एयर बैग खुला, जिस कारण कार सवार लोगों की जान बाल बाल बच गयी। इस दुर्घटना में कार सवार लोगों को हल्की चोटें आई। इधर घटना के बाद एनएच-75 पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति भी बन गई थी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस प्रशासन की टीम के द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटा कर आवागमन को सामान्य कराया गया।

### अज्ञात बीमारी की चपेट में आने से एक सप्ताह के अंदर दर्जनों पशुओं की मौत

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे एक सप्ताह से अज्ञात बीमारी के चपेट मे आने से लगभग एक सप्ताह के अन्दर दर्जनों पशु की मौत हो गई है। अधीकांश कृषक की बैल बीमारी की चपेट मे आ रहे हैं। जिससे किसान काफी परेशान हैं। मॉनसून की पहली बारिश के बाद किसान अपने अपने बैलों से कृषि कार्य कर रहे थे। परन्तु कृषि उत्पादन कार्य पूर्ण करने के पूर्व ही हल चलाने वाले बैलों मे अज्ञात बीमारी फैली गई है। जिससे किसानों को खेती करने मे काफी मुश्किल हो रहा है। जिससे किसान काफी चिंतित है सदर पंचायत बारियातू के अलावा साल्वे, टोंटी, अमरवाडीह, शिबला, गोनिया, बालुभांग, फुलसु व डांढ़ा के सभी 56 गांव के किसान मो अबदाल, अर्विन्द यादव, रघुबीर यादव, प्रभु गंझु, बिनोद उरांव, सहित दर्जनों किसानों के हल जोतने वाले बैल बीमार है। अज्ञात बीमारियों से दर्जनों बैलों की मौत हो गई है। बारियातू मे पशु चिकित्सालय कार्यरत है लेकिन किसानों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने बीमार पशुओं का इलाज किसी निजी पशु चिकित्सक अथवा पारंपरिक जड़ी बुटियां के द्वारा कर रहे हैं लेकिन कोई लाभ नहीं मिल रहा है। किसानों ने उपायुक्त से शिविर लगवाकर पशुओं का समुचित इलाज करवाने का आग्रह किया है। उक्त संबंध में पशु चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर शुशीला वागे से बात करने पर बताया की विभाग द्वारा दवा उपलब्ध है। कैंप कर पशुओं को टीकाकरण किया जा रहा है। यदि बीमारी का कहीं प्रकोप अधिक बढ़ा हुआ है तो किसान कार्यालय से संपर्क करें तत्काल शिविर लगाकर टीकाकरण किया जाएगा।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू में विज्ञान सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू में विज्ञान सप्ताह का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। वंदना सभा में आगंतुक अतिथि विज्ञान आचार्य शशी कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने मां शारदे, ओउम एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर विज्ञान सप्ताह का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने विज्ञान सप्ताह के उद्देश्य के सम्बन्ध में भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम विद्या भारती योजना के अनुसार किया जा रहा है। जिससे छात्र छात्रों के अंदर वैज्ञानिक सोच का विकास होगा। उनके अंदर विज्ञान के प्रति रुचि आएगी। विज्ञान के आचार्य शशि कुमार सिंह ने भी लागों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र छात्रा एवं आचार्य जी दीदी जी उपस्थित थे।

### आक्रोश : मंगरा और मुगीर्डीह में महीनों से खराब पड़ी है जलमीनार

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के मंगरा पंचायत अंतर्गत पानापोटी टोला में ईश्वरी सिंह के घर के पास और ग्राम मुगीर्डीह टोला में बिहारी परहिया के घर के पास पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा लगाया गया सोलर जलमिनार महीनों से खराब है। जिससे लोगों को पेयजल को लेकर काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। गुरुवार को स्थानीय महिलाओं ने जलमिनार के समक्ष तस्ला बाल्टी लेकर जमकर बवाल काटा। ग्रामीणों की शिकायत पर सांसद प्रतिनिधि विवेक सिंह ने बारी-बारी दोनों गांवों में जाकर खराब पड़े जलमिनार का जायजा लिया। ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि के माध्यम से उक्त दोनों टोला में खराब पड़े जलमिनार और चापानल की शीघ्र मरम्मती कराने की मांग की है।

## राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# भूख से किसी की मृत्यु ना हो, यह सुनिश्चित किया जाये : हिमांशु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** परिसदन भवन के सभागार में अध्यक्ष झारखंड राज्य खाद्य आयोग रांची हिमांशु शेखर चौधरी की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित योजना यथा जन वितरण, पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) से जुड़े विषयों पर आमजनों द्वारा अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष के समक्ष रखा गया।

जन सुनवाई कार्यक्रम में मनिका प्रखंड के वितरण प्रणाली के राशन डीलर सुनील सिंह के द्वारा राशन वितरण ससमय पर नही करने एवं पूर्व में कुछ माह का राशन गबन करने से संबंधित कई शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत किया गया। जिसपर अध्यक्ष द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित राशन डीलर के विरुद्ध किए गए कार्रवाई की जानकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी से लेते हुए संबंधित राशन डीलर के विरुद्ध खाद्यान्न रिकवरी करने एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई करने समेत खाद्य सुरक्षा भत्ता प्रावधान के अनुसार सवा गुना राशन लाभुकों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।



बैठक करते पदाधिकारी

**अनाज के अभाव में कोई भी लाभुक भूखा ना रहे एवं भूख से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु ना हो यह सुनिश्चित की जाए: हिमांशु शेखर चौधरी :** अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि अनाज के अभाव में कोई भी लाभुक भूखा ना रहे एवं भूख से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु ना हो यह सुनिश्चित की जाए।

खाद्यान्न वितरण से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु झारखंड राज्य खाद्य आयोग के वाट्सएप्प नंबर- 9142622194 पर शिकायत दर्ज करवा सकते है। अध्यक्ष द्वारा जिले के सभी पंचायत भवन में एनएफएसए से जुड़ी सभी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। जिससे लाभुकों को उन्हें मिलने वाली सरकारी लाभ संबंधित पूर्ण जानकारी मिल सके।

जन सुनवाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदस्य, झारखंड राज्य खाद्य आयोग, शबनम परवीन, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी शेखर कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, जिला शिक्षा अधीक्षक, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, समाजसेवी, लाभुक एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### 50 से भी अधिक मामले अध्यक्ष के समक्ष रखे गये

जनसुनवाई कार्यक्रम में राजकीय उच्च विद्यालय, बरियातू में मध्याह्न भोजन में पिछले एक साल से अंडा नही बटने से संबंधित शिकायत प्रकाश में आया, जिसे गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया गया की मामले की जांच कर शपथ पत्र उपस्थित करें। जन सुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न शिकायतों यथाझ राशन वितरण में गबन, राशन वितरण में अनियमितता, राशन कार्ड निरस्त संबंधित, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, राशन कार्ड बनवाने इत्यादि से संबंधित 50 से भी अधिक मामलें अध्यक्ष के समक्ष रखें गए। इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मामले की पूरी जानकारी ली गई।

## रांची के दलादली में माकपा नेता की हत्या का चंदवा में विरोध, निकली आक्रोशपूर्ण रैली

### राज्य में अपराधियों के हाथ में चली गयी है कानून व्यवस्था : माकपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** रांची के दलादली चौंक पर ऑफिस में घुसकर माकपा युवा योद्धा सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में माकपा ने पेंशनर समाज परिसर से इंदिरा गांधी चौंक तक आक्रोशपूर्ण रैली निकाल कर प्रदर्शन किया।इसका नेतृत्व जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, पार्टी नेता अयुब खान संयुक्त रूप से कर रहे थे। सुभाष मुंडा के हत्यारों को गिरफ्तार करो, झारखंड पुलिस होस में आओ, हेमंत सरकार होश में आओ, राज्य में कानून व्यवस्था बहाल करो जैसे नारा प्रदर्शनकारी लगा रहे थे। जिला सचिव सुरेंद्र सिंह ने इंदिरा गांधी चौंक मे प्रदर्शन मे शामिल लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सीपीआई (एम) के राज्य कमिटी सदस्य और भारत की जनवादी नौजवान सभा के नेता का. सुभाष मुंडा की जधन्य हत्या की कड़ी भर्त्सना करते हुए रांची पुलिस और राज्य के मुख्यमंत्री से मांग करती है कि अविलंब एक एसआईटी का गठन कर सुभाष मुंडा के हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए। अयुब खान ने कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हो गए हैं, हथियार के जगह सरकार हेलमेट जांच करा रही है, राज्य की कानून व्यवस्था अपराधियों के हांथ में चली गई है। प्रदर्शन के पश्चात 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। रैली प्रदर्शन मे अंचल सचिव बैजनाथ ठाकुर, शोभन उरांव, अजीज अंसारी, सनीका मुंडा, गोपी गंझु, पिंतूस भेंगरा, रौशन बारला, नरेश उरांव, बब्लू उरांव, मनु उरांव, ललन राम, रसीद मियां समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।




आक्रोश व्यक्त करते माकपा के लोग।

## मुहर्रम की आठवीं पर निकला निशान जुलूस

### चंदवा में पुलिस ने किया शहर में फ्लैग मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** मुहर्रम के आठवीं के मौके पर गुरुवार को चंदवा में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा निशान जुलूस निकाला गया। प्रखंड के शुक्रबाजार, कामता, बेलवाही, कुजरी, परशाही, से निशान झंडा लेकर लोग हरैया मोड़ पर निशान झंडा मिलान किया। इसके उपरांत फातिया के बाद रेलवे फाटक के पास परसाही के निशान के साथ मिलान किया गया। जुलूस की अगुवाई बाबर खान कर रहे थे।

**मोहर्रम को लेकर चंदवा पुलिस ने किया शहर में फ्लैग मार्च :** इधर मोहर्रम त्योहार के दौरान चंदवा में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च की शुरूआत चंदवा थाना पुलिस करते हुए जो मुख्य बाजार, सुभाष चौक, कंचन नगरी, तिलैयाटांड़ होते थाना परिसर पहुंच कर सम्पन्न हुई। फ्लैग मार्च की अगुवाई एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, इंस्पेक्टर बबलू कुमार व सीआई ऋषिदेव कमल कर रहे थे। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासन के द्वारा लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की गई। फ्लैग मार्च में चंदवा सशस्त्र बल के साथ-साथ, चेटर पिकेट, माल्हन, नवाटोली पिकेट के जवान शामिल थे।



फ्लैग मार्च में शामिल अधिकारी।

## मुहर्रम को लेकर प्रशासन ने बोदा गांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** मोहर्रम त्योहार को शांति एवं सद्भावपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर प्रशासन के द्वारा प्रखण्ड के बोदा गांव स्थित विद्यालय परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने की। प्रशासनिक बुलावे पर उक्त बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू सिन्हा, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष असगर खान, पूर्व उप प्रमुख फिरोज अहमद भी उपस्थित हुए। बैठक में प्रशासन ने निर्धारित मार्ग से जुलूस निकालने, अफवाहों से बचने, सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने, उत्तेजक नारेबाजी से बचने, निशान एवं ताजिए को निर्धारित स्थल पर ही रखने का निर्देश दिया। बैठक में सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार, चौकीदार सदीक अंसारी, सेराज अंसारी, सदर महबूब अंसारी, अख्तर अंसारी, दाऊद अंसारी, अमन अंसारी, मेराजउल अंसारी, अरमान अंसारी, झामुमो युवा मोर्चा नेता बबलू अंसारी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



बैठक में शामिल लोग।

## कर्बला में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़, मांगी दुआ

### हजरत इमाम हुसैन ने पूरी दुनिया में दिया था सुख शांति का पैगाम : रामचंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** पर्यटन नगरी बरवाडीह प्रखण्ड के विभिन्न इलाकों में बुधवार को मुहर्रम की सातवीं तारीख पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने इमाम हुसैन की याद में बरवाडीह, छेंचा, बेतला व पोखरीकला समेत विभिन्न करबला में चादरपोशी सहित अन्य रस्म अदायगी की। जिसके बाद अकीदतमंदों ने फातिया पढ़ा। इस दौरान कर्बला के पवित्र मजार पर मन्नते मांगने के लिए सुबह से देर रात तक अकीदतमंदों का तांता लगा रहा। अकीदतमंदों ने मजार पर मत्था टेक देश की तरक्की और समाज और परिवार के अमन चैन की दुआएं मांगी। कर्बला के समीप सप्तमी के मौके पर मेले जैसा नजारा दिखा। जहां विधायक रामचंद्र सिंह समेत अन्य कई जनप्रतिनिधियों ने भी चादरपोशी कर देश व समाज की तरक्की और सुख चैन की दुआएं मांगी। वहीं लोगों के बीच शिरनी के तौर पर खुरमा व खिचड़ा का वितरण किया गया। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने पूरी दुनिया में सुख शांति का पैगाम दिया था। उनके बताए राह पर चलकर ही देश व समाज की तरक्की व विकास का सपना साकार करना है।

**हुसैन की कुर्बानियों को रहती दुनिया तक याद किया जाएगा: शशि भूषण तिवारी :** उधर बेतला स्थित करबला के प्रांगण में देर शाम नवजवान कमेटी के तत्वाधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जहां रस्मे पगड़ी आपसी सौहार्द के साथ सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित जेएमएम वरिष्ठ नेता सह बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी ने अपनी ओर से कमेटी के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोगों को भी अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

इसके पूर्व दोपहर में नवजवान कमेटी बरवाडीह के तरफ से अलम के जुलूस के साथ चादर निकाला गया। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए करबला पहुंचकर चादर को पेश किया गया।



कर्बला में उपस्थित विधायक।

### चंदवा प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर अभाकिस ने की बैठक

**चंदवा।** चंदवा प्रखण्ड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा चंदवा के बैनर तले गुरुवार को स्थानीय पेंशनर समाज प्रांगण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता धन्नेश्वर तुरी ने किया। बैठक की शुरूआत रांची में माकपा नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने की घटना पर शोक सभा के उपरांत श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। घटना के प्रति रोष जताते हुए हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की गई। इसके उपरांत बैठक में आए विभिन्न पंचायतों के किसानों ने कहा कि वर्षा के अभाव में कही रोपनी का कार्य नही हुआ है। धान का बीचड़ा खेत में ही मरने लगा है। जुलाई बीतने को है लेकिन बारिश का कोई आसार नहीं दिख रहा है। सरकार व प्रशासन चंदवा को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर सुखाड़ राहत योजना अविलंब चालू करे। बैठक में अनिल कुमार साहू, इंदुभूषण रजक, मो अलाउद्दीन, राजू उरांव, फूलदेव उरांव, तेजू उरांव, बाबूलाल गंझू, किटका गंझू, प्रकाश गंझू, आह्लाद यादव, श्याम सुंदर उरांव समेत कई किसान मौजूद थे।

## खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड सभागार चंदवा में खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत उप प्रमुख अश्विनी मिश्र, बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गझू, प्रखंड कृषि पधाधिकारी रामनाथ यादव ने संयुक्त रूप से किया। प्रखंड कृषि पधाधिकारी रामनाथ यादव के द्वारा खरीफ सह मिलेट कार्यशाला पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अबतक 163 एमएम बारिश हुई है, जबकि बीते वर्ष 149 एमएम बारिश हुई थी। दोनो ही वर्ष में 2021 की तुलना में बहुत कम बारिश हुई है। ऐसे सुखाड़ की स्थिति बनती दिख रही है, ऐसे में किसान मोटे अनाज जैसे माड़ूवा, ज्वार बाजरा, मक्का आदि की खेती पर विशेष जोर देने की बात कही, साथ ही पीएम किसान, केसीसी, कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा व 20 सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू ने कहा कि सरकार किसानों के हित में बहुत कार्य कर रही है ताकि उनका जीवन स्तर ऊपर उठ सके।कार्यक्रम में जनसेवक अजीत रंजन, लवकुमार पासवान, रंजित यादव, राहुल रंजन, मुकेश भगत, सीआई ऋषि देव कमल, कर्मचारी, कृषक मित्र व किसान उपस्थित थे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुख्यालय के शांति निकेतन पब्लिक स्कूल बरवाडीह में गुरुवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 8वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं व छात्र- छात्राओं ने डॉ. कलाम की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं कक्षा सात की छात्राओं ने अपने उद्बोधन में डॉ. कलाम की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा खुद से अलग-अलग तरह की हस्तनिर्मित मिसाइल बनाकर प्रदर्शनी लगाई गई थी। जहां विद्यालय के डायरेक्टर डॉ.पवन कुमार ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब्दुल कलाम जितने महान शख्स थे उनके विचार भी उतने ही प्रेरक हैं, जो युवाओं और छात्रों को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उधर प्लस 2 विद्यालय के प्रांगण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा डॉ.कलाम की पुण्यतिथि मनाई गई।



विद्यार्थियों को संबोधित करते डायरेक्टर पवन कुमार।

## शांति व्यवस्था भंग होने पर तुरंत थाना को करें सूचित : दिल्लू लोहरा

### मनिका थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में दिन गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह दिल्लू लोहरा की अध्यक्षता में शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक किया गया। बैठक का संचालन थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह ने किया। वहीं आज की शांति समिति के बैठक में मनिका थाना क्षेत्र के कोपे, रेवद, मटलोंग, पल्हेया, भटको, नामुदाग, बांड़ी, नहिरा, बरवईया, बंदुआ समेत कई अन्य गांव के मोहर्रम कमेटी के सदस्यों के अलावा शांति समिति के सदस्य और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी ने शांति तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाने का निर्णय लिया और बैठक में उपस्थित लोगों ने मुहर्रम पर्व को लेकर अपने अपने सुझाव भी दिए। मौके पर डीएसपी दिल्लू लोहरा, थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने लोगों से मोहर्रम पर्व के दौरान खतरनाक खेल नहीं खेलने का अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व भड़काऊ पोस्ट करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी शांति व्यवस्था भंग करने वाले उपद्रवियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जुलूस के लिए जो रूट बना हुआ है उसी गाइडलाइन का पालन करते हुए जुलूस निकालें और जो भी मोहर्रम जुलूस का लाइसेंस नहीं लिए हैं वह अपना लाइसेंस थाना में आवेदन देकर प्राप्त कर लेंगे। वहीं वहीं स्पेक्टर चंद्रशेखर चौधरी ने भी लोगों को संबोधित किया। मौके पर एसआई राजकुमार तिगा,प्रदीप कुमार राय,एएसआई मनदीप तिवारी,प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, पूर्व उप प्रमुख उमेश यादव, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, तस्लीम अंसारी, मुखिया सुदेश्वर सिंह, नारायण यादव, मनोज यादव, सफीक अंसारी,ग्राम प्रधान भरत प्रसाद,युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी,अनवर मियां, जीतन हुसैन, अमरेंद्र कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

### दीवार तोड़कर डीजे साउंड की दो मशीन सहित छह लाइट की हुई चोरी

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत ग्राम नवाडीह ग्राम के टोला डगबंधी में मनराज कुमार गंझु पिता लालधारी गंझु का घर में रखे डीजे साउंड का दो बड़े मशीन सहित 6 पीस डीजे लाइट को बीते रात अज्ञात चोरों ने ईंट का दिवार तोड़कर चोरी कर लिया। भुक्तभोगी मनराज गंझू ने बताया कि मेरा दो जगहों पर आमने सामने घर है। प्रत्येक दिन की भांति सभी परिवार मिट्टी खपरैल घर में सोए हुए थे। सामने वाले नवनिर्मित इट ढलाई का घर में कई दिनों से डीजे साउंड, लाइट, जनरेटर, कुर्सी साउंड का सामग्री रखा करते थे। गुरुवार सुबह उठकर जब देखें तो बीते रात्रि अज्ञात चोरों ने नवनिर्मित घर का दीवार और ताला तोड़कर डीजे बजाने वाली दो बड़े मशीन सहित 6 पीस डीजे लाइट को चोरी कर ली गई। मशीन व लाइट की मूल्य लगभग एक लाख तीस हजार रुपए की बताई जा रही है। घटना की सूचना बारियातू थाना मे देने की बात कही।



चोरी होने की जानकारी देते लोग।

# पाकिस्तान ने श्रीलंका का किया सूपड़ा साफ

## दूसरा टेस्ट पारी और 222 रन से जीत

एजेंसी

कोलंबो। अब्दुल्लाह शफीक (201) के दोहरे शतक और नोमान अली (70/7) की तिलस्मी गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट में श्रीलंका को पारी और 222 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीत ली। कोलंबो स्थित सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज को 2-0 से जीतकर श्रीलंका पर क्लीन स्वीप किया है। पाकिस्तान की टीम खेल के हर क्षेत्र में श्रीलंका पर पड़ी और आसानी से बड़ी जीत दर्ज की। ओपनर बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक ने अपने दोहरा शतक में 19 चौके और 4 छक्के जड़े। इस शानदार पारी के लिए अब्दुल्ला शफीक को प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार से नवाजा गया। दूसरे टेस्ट में टॉस जीतकर पहले

### अब्दुल्ला शफीक बने प्लेयर आफ द मैच

बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की पहली पारी मात्र 166 रन के स्कोर पर सिमट गयी। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी 5 विकेट के नुकसान पर 576 रन बनाकर घोषित की थी। पाकिस्तान की ओर से सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक ने सबसे ज्यादा 201 रनों की पारी खेली वहीं आगा सलमान 132 रन बनाकर नाबाद रहे।

पाकिस्तान द्वारा दिये गये 411 के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए फिर श्रीलंका की टीम दूसरी पारी में पाकिस्तान के गेंदबाजों के सामने मात्र 188 रन पर सिमट गयी। इस तरह पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट को पारी और 222 रनों से जीत कर श्रीलंका पर क्लीन स्वीप दर्ज की।

# कटिहार गोलीकांड पर सुशील मोदी बोले- सीएम लें जिम्मेदारी

## मृतकों के परिजनों को दें 10 लाख का मुआवजा

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। कटिहार के बारसोई में अनियमित बिजली को लेकर बुधवार (26 जुलाई) को हुए प्रदर्शन मामले में गोली लगने से दो लोगों की हुई मौत के बाद सियासत तेज हो गई है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने गुरुवार (27 जुलाई) को बयान जारी कर कहा कि कटिहार में बिजली की मांग करने वालों पर गोली चलवा कर दो लोगों की जान लेना और इस बर्बरता को जायज ठहराना शर्मनाक है। सुशील कुमार मोदी ने कहा कि पुलिस की गोली से मारे गए लोहों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाए और दोषी



पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और गृह विभाग के मंत्री के नाते नीतीश कुमार को कटिहार गोलीकांड की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। महागठबंधन की सरकार पर हमला करते हुए आगे सुशील कुमार मोदी ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार के समय ग्रामीण क्षेत्रों को 18 से 20 घंटे तक बिजली मिलती थी। आज मात्र चार घंटे बिजली मयस्सर होती है, जिससे ग्रामीणों में व्यापक रोष है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपना घाटा कम रखने के लिए खुले बाजार से बिजली नहीं खरीद रही है, जिसकी मार जनता पर पड़ रही है। कटिहार में गोली लगने से हुई दो लोगों की मौत और एक शख्स के जख्मी होने पर सियासत खूब हो रही है। एक तरफ बीजेपी सरकार को घेर रही है तो दूसरी ओर सरकार में शामिल ऊर्जा विभाग के मंत्री बिजेंद्र यादव ने बेतुका बयान दिया है। बिजेंद्र यादव ने गुरुवार को कहा कि अगर कोई बदमाशी करेगा तो पुलिस क्या करेगी? लाठीचार्ज और गोली तो चलेगी।

# सीआरपीएफ ने शहीदों को याद कर मनाया 85वां स्थापना दिवस



माल्यार्पण करते सीआरपीएफ कमांडेंट।

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ कैंप में सीआरपीएफ की 172वीं बटालियन ने 85वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान वाहिनी के कमाण्डेंट सहित सभी अधिकारियों जवानों ने बटालियन मुख्यालय परिसर में शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर इस महत्वपूर्ण दिवस की शुरूआत की। मौके पर सीआरपीएफ कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह ने सीआरपीएफ की वीर गाथा के संबंध में अधिकारी व जवानों को बताया तथा शहीदों के बलिदान को याद कर वाहिनी कार्मिकों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने लोगों को पॉलिथीन बैग के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया।

## स्पीड न्यूज

### विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्य योजनाओं में लगभग एक करोड़ रूपये का विधायक अमित कुमार यादव ने गुरुवार को शिलान्यास किया। इसमें छोटकी हिरोडीह में गार्डवाल, घंघरी में स्कूल उन्नयन कार्य और कुशाहन में अस्पताल निर्माण कार्य का पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया गया। वहीं विधायक ने कहा कि पूरे क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्य करवाए जा रहे है, क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता है। मौके पर मुखिया सुनीता देवी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष रामदेव मोदी, जमुना यादव, अर्जुन चौधरी, दिनेश यादव, अर्जुन यादव, आदि मौजूद थे।

### मन की सुख-शांति के लिए ईश्वर का सानिध्य जरूरी : शालिनी

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय अड्डी बांग्ला झुमरीतिलैया में संस्था की पूर्व अतिरिक्तमुख्य प्रसाशिका दीदी मनमोहिनी का पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, आनंद गुप्ता, सुनीता सेठ तथा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन उपस्थित थे। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मौके पर बीके लक्ष्मी बहन ने दीदी मनमोहिनी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की दीदी मनमोहिनी एक सिंधी धनी परिवार से होते हुए भी ईश्वर का सच्चा स्वरूप जान कर विश्व सेवा में लग गई। वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा नारी वह शक्ति है जो शिव के साथ जुड़ी रहने पर विश्व का कल्याण कर सकती है। मौके पर सुनील बर्णवाल, शंकर चौरसिया, विनय कुमार धनु, प्रदीप साव, संजय अग्रवाल, मिलन चक्रवर्ती, स्वाति अग्रवाल, रीता चौरसिया, सुधा चौरसिया आदि लोग मौजूद थे।

### किसान सम्मान निधि कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का आयोजन

जयनगर (कोडरमा)। कृषि विज्ञान केंद्र कोडरमा में किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 14वीं किस्त के रूप में 5 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 17500 करोड रुपए मिले जनपद के लगभग 100 किसानों कृषि विज्ञान केंद्र में आकर सीधा प्रसारण के द्वारा देखा। साथ ही साथ एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डॉ.भूपेंद्र सिंह बागवानी विशेषज्ञ ने किया और उन्होंने किसानों को मौसम के अनुकूल सब्जियों की खेती पर अपने विचार रखे। वहीं केंद्र में तकनीकी अधिकारी मनीष कुमार ने कम वर्षा होने पर धान की खेती पर अपने विचार रखे और किसानों की समस्या को सुना। वही रुपेश रंजन तकनीकी अधिकारी ने अपने संबोधन में आए हुए किसानों को बताया कि इस मौसम में दलहनी फसलों का किस प्रकार लगाएं और कैसे अधिक मुनाफा ले। मौके पर संजय सिंह, विजय कुमार, मुकेश राम, रूपेश, देवेंद्र कुमार, संजय रजक, कंचन देवी, शांति देवी, अनू कुमारी, नगमा परवीन, रंजना देवी आदि मौजूद थे।

### युवती ने फांसी लगा की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधी स्कूल रोड स्थित महावीर मुहल्ला में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की पहचान 16 वर्षीय विधि रानी पिता पवन शर्मा महावीर मुहल्ला वार्ड नं 25 निवासी के रूप में किया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही तिलैया थाना के एसआई अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेने में जूटे हैं। मिली जानकारी के अनुसार विधि पिछले 3-4 दिनों से सर्दी जुकाम को लेकर विद्यालय नहीं जा रही थी। इससे नाराज पिता ने गुरुवार की सुबह स्कूल नहीं जाने पर उसे डांट लगाया, जिससे गुस्सा होकर विधि ने अपने कमरे में लगे सीलिंग फैन में अपनी मां के दुपट्टे के सहारे आत्महत्या कर ली।

# तालाब में डूबने से महिला की मौत

दुमका। शौच के लिए गई महिला का तालाब में पैर फिसलने से पानी में डूबने की वजह से गुरुवार को मौत हो गई। घटना सरैयाहाट थाना क्षेत्र के असवारी पिंडरा गाँव का है और महिला की पहचान रूपा देवी(18) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने महिला के शव को थाना लाकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। इस मामले में मृतक महिला के पिता कुलदेव यादव बयान पर थाना में यूडी केस दर्ज किया है। जिसमें बताया गया कि उसने अपनी बेटी की शादी वर्ष 2021 में असवारी पिंडरा गांव के बलराम महतो के साथ किया था। जिससे एक पुत्री भी है। गुरुवार को गांव के ही एक चाची से खबर मिली कि सुबह उसकी बेटी सुबह शौच के लिए तालाब की ओर गई थी। इसी दौरान तालाब में फिसलकर गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई है। खबर सुन घटना स्थल पर पहुंचे तो देखा कि ग्रामीणों द्वारा शव को तालाब से निकालकर बाहर रखा गया था। बताया है कि मृतक महिला को तैरने नहीं आता था। जिससे पानी में डूबने से मौत हो गई।

# मुजफ्फरपुर में 12वीं के छात्र की हत्या

मुजफ्फरपुर। जिले के सदर थाना क्षेत्र के खबरा में गुरुवार (27 जुलाई) को बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने इंटर के एक छात्र को गोली मार दी। इलाज के दौरान छात्र ने दम तोड़ दिया। घायल अवस्था में 12वीं के छात्र आकाश कुमार को इलाज के लिए स्थानीय एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना की सूचना पर पहुंची सदर थाने की पुलिस छानबीन कर रही है। हालांकि गोली मारने के पीछे की वजह सामने नहीं आई है। छात्र की उम्र 16 से 17 साल के करीब बताई गई है। स्वर्गीय नगीना पासवान का पुत्र आकाश अपने घर से किसी काम के लिए निकला था। इसी दौरान सदर थाना क्षेत्र के खबरा चौक के पास बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उसके सीने में गोली मार दी। गोली मारने के बाद बदमाश भाग निकले। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी और इलाज के लिए छात्र को भर्ती कराया। घटना सुबह आठ से नौ बजे की बताई जा रही है। मौत से पहले अस्पताल पहुंचे घायल छात्र आकाश के भाई ने बताया कि अचानक उन लोगों को सूचना मिली कि आकाश को किसी ने गोली मार दी है। इसके बाद परिजन देखने के लिए अस्पताल पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने देखा कि उनके भाई की हालत गंभीर है और इलाज चल रहा है। बताया कि आकाश की किसी से कोई दुश्मनी नहीं नहीं थी।

# अधिग्रहित भूमि का मुआवजा ग्रामीणों को शीघ्र मिलेगा : गीता कोड़ा



खबर मन्त्र संवाददाता

चाईबासा। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा की उपस्थिति में जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन द्वारा सरबिल एवं पदापहाड़ के ग्रामीणों द्वारा रेलवे द्वारा भूमि अधिग्रहण पर मुआवजा का मांग पर भूमि का सत्यापन शुरू किया गया। ग्रामीणों की जमीन रेलवे के थर्ड लाईन निर्माण में रेलवे द्वारा अधिग्रहण किया गया था। ग्रामीण लम्बे समय से जमीन के बदले मुआवजा का इंतजार कर रहे थे। सांसद गीता कोड़ा के प्रयास से ग्रामीणों में मुआवजा की भरोसा जगा है।

ज्ञातव्य हो कि मानसून सत्र के दरमियान केवल ग्रामीणों को रेलवे द्वारा मुआवजा दिलवाए जाने एवं भूमि के सत्यापन के लिए दिल्ली से आज ही लौटी है सांसद गीता कोड़ा। सांसद ग्रामीणों को मुआवजा भुगतान पर पिछले दिनों 12 जुलाई को चक्रधरपुर में डीआरएम कार्यालय में जिला प्रशासन एवं रेलवे प्रशासन की संयुक्त बैठक कराई थी। जिसमें आज की तारीख को भूमि सत्यापन की बात रखी गई थी। आज से रेलवे प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा भूमि सत्यापन कार्य शुरू किया। सभी रैयत अपने कागजातों के साथ सर्वे स्थल पर मौजूद थे। सांसद गीता कोड़ा ने सभी रैयतों को संबोधित करते हुए कहा सभी रैयत के जमीन अधिग्रहण का सत्यापन होगा और अधिग्रहण की सत्यापन के उपरांत प्रावधानों के अनुरूप मुआवजा, नौकरी आदि दिलाया जाएगा। रेलवे प्रशासन की ओर से चक्रधरपुर मंडल अभियंता मनीष गुप्ता और जिला प्रशासन की ओर से एडीसी संतोष सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर, जगन्नाथपुर अनुमंडल पदाधिकारी शंकर एक्का, बीडीओ नोवामुन्डी अनुज बांडों उपस्थित थे। सर्वे स्थल में सैकड़ों की संख्या में रैयत भी उपस्थित रहे।

# कांटी गांव में फलदार वृक्ष के पौधों का किया गया वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। ग्रिजली एजुकेशनल सोसाइटी के तत्वाधान में ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने कांटी पंचायत के कांटी विद्यालय के प्रांगण में फलदार वृक्ष के पौधों का वितरण किया गया। कलकत्ता से मंगाए गए तकरीबन 400 विशेष फलदार पौधों का वितरण छात्रों द्वारा कांटी पंचायत के मुखिया लखन यादव की उपस्तिथि में किया गया। इस अवसर पर कांटी के मुखिया लखन प्रसाद यादव ने कहा की ग्रिजली एजुकेशनल सोसायटी की यह पहल ग्रिजली विद्यालय के छात्रों के नेतृत्व में किया गया एक अच्छा उदाहरण है, जो समाज के लिए और विशेष रूप से पर्यावरण के लिए एक सकारात्मक परिवर्तन के लिए मानवता को एक साथ लाने में सक्षम है। छात्र अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को अदा करने का प्रयास कर रहे हैं।

विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा की ग्रिजली विद्यालय हर वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित करते रहती है, ताकि छात्र जिम्मेदार नागरिक बन सकें और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता बढ़ा सकें। वहीं प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने कहा की छात्रों का यह प्रयास काफी सराहनीय है और इसे स्कूल और समुदाय के बीच संपूर्ण सहयोग के रूप में देखा जा रहा है। जो विद्यार्थियों के लिए एक सबक से कम नहीं है, जो पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण योगदान है। इस कार्य में अंकित कुमार, ऋषिकेश कुमार, अनिरुद्ध पांडेय, सोनम पांडेय, आंचल कुमारी अपने शिक्षक रवि दत्ता पांडेय के साथ शामिल हुए।

# 24वें उपायुक्त के रूप में पदभार संभालेंगी मेघा भारद्वाज

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। राज्य सरकार ने कई जिलों के डीसी का स्थानांतरण कर दिया है। इसमें कोडरमा के निवर्तमान डीसी आदित्य रंजन भी शामिल हैं। श्री रंजन की जगह पर वर्ष 2016 बच की आइएएस अधिकारी मेघा भारद्वाज को कोडरमा का नया डीसी बनाया गया है। वह 24वें डीसी के रूप में जल्द पदभार लेगी। ज्ञात हो कि मेघा भारद्वाज स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत थी। इससे पहले वह हजारीबाग में एसडीओ व पलामू में डीडीसी के रूप में काम कर चुकी हैं। कोडरमा जिले को एक लंबे समय के बाद महिला डीसी मिली है।

# मेधावी बच्चों को विधायक ने किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर के मारवाड़ी प्लस टू विद्यालय में गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन स्कूल के सभागार में हुआ। सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने और आशीर्वाचन देने के लिए बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुखराम उरांव शामिल हुए। विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मान समारोह का उद्घाटन किया। विधायक ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ लिख कर समाज और देश की सेवा करें। हर बच्चे में सम्मान पाने की ललक होनी चाहिए। इच्छाशक्ति होनी चाहिए। किसी की अनुशंसा से नहीं बल्कि आपकी अपनी काबिलियत से बड़े संस्थान में नामांकन होनी चाहिए। विधायक ने विद्यालय प्रबंधन की ओर से मिले मांग पत्र पर कहा कि स्कूल की समस्याओं को दूर करने के लिए उच्चाधिकारी और जिला परिषद से बात करूंगा। मौके पर विधायक ने मारवाड़ी स्कूल में अपनी स्कूली दिनों को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ने और अभिभावकों के सपनों को पूरा करने को कहा।

# महिला को पीटा, निर्वस्त्र कर रातभर पेड़ से बांधे रखा

## दो युवकों समेत चार हिरासत में

खबर मन्त्र संवाददाता

गिरिडीह। जिले में एक शर्मनाक घटना सामने आयी है। कुछ लोगों ने एक महिला के साथ मारपीट की और फिर कपड़ा फाड़कर उसे जंगल में एक पेड़ से बांध दिया। महिला रातभर उसी हालत में रही। सरिया थाना पुलिस को घटना की जानकारी गुरुवार सुबह मिली। एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं थाना प्रभारी संतोष मौर्या ने बताया कि मामले में आरोपित दो युवकों सहित चार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए युवकों के नाम श्रवण और विकास है। फिलहाल ये स्पष्ट नहीं है कि महिला को अर्धनग्न कर उसे पीटा क्यों गया और रात भर उसे पेड़ से बांध कर क्यों छोड़ दिया गया।

यह घटना सरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में घटी। पहले महिला के साथ

मानवता शर्मसार



मारपीट कर पेड़ से बांधकर छोड़ दिया गया था। इतना ही नहीं महिला के कपड़े भी फाड़ दिये। खबर यह है भी है कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने महिला को मुक्त कराकर उसका इलाज कराया। महिला को पेड़ से बंध कर पिटाई और निर्वस्त्र करने का वीडियो होने पर पुलिस सक्रिय हुई। पीड़िता ने पुलिस को आरोपियों के नाम भी बताया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन और आरोपियों की धर-पकड़ में जुटी हुई है। बताया जाता है कि सरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला को रात्रि में किसी ने फोन कर घर से बाहर बुलाया। महिला जब घर से बाहर निकली तब दो युवक बाहर खड़े मिले। उसे युवकों ने बाइक पर बैठाया और फिर गांव से दूर सुनसान जगह पर ले गये। बताया जाता है कि युवकों ने महिला के साथ मारपीट की और फिर उसे एक पेड़ से बांधकर छोड़ दिया। महिला रातभर पेड़ से बंधी रही। पुलिस को जब घटना की जानकारी मिली तब पुलिस गुरुवार को सुबह घटनास्थल पहुंची और महिला को मुक्त कराया। साथ ही इलाज के लिए उसे एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया।

**अवैध संबंध के कारण घटी घटना :** पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनकी गिरफ्तारी की गई है उनमें दो महिला और दो पुरुष हैं। गिरफ्तार लोगों में कबड़िया टोला निवासी विकास कुमार सोनार, श्रवण सोनार, रेखा देवी और मुन्नी देवी शामिल हैं। पूछताछ के बाद पता चला की अवैध संबंद के कारण घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़िता के बयान पर कांड संख्या 122/23 अंकित करते हुए चारों को जेल भेज दिया गया।

## पेज 1 का शेष

### गंभीर अपराध, अपराधियों को...

**दुकानें बंद रहीं :** सुभाष मुंडा की हत्या के विरोध में समर्थकों ने गुरुवार को इटकी रोड, कटहल मोड़, रातू रोड समेत कई इलाकों में दुकानों को बंद कराया। बंद से अस्पताल, दवा दुकान व बैंक को छूट दी गयी थी। पिस्का रेलवे स्टेशन के पास लोगों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया। कई सड़कों को जाम कर दिया। आगजनी और जाम की सूचना पर पुलिस एक्टिव हुई और जलते टायर को सड़क से हटाया। जाम में कई स्कूली बसें भी फंसी रही। जाम के कारण छोटे-छोटे बच्चे घंटों बस में ही फंसे रहे। **एक दर्जन भू-माफिया हिरासत में :** इधर, पुलिस ने सुभाष मुंडा हत्याकांड के मामले में लगभग एक दर्जन भू- माफिया को हिरासत में लिया है। उससे विभिन्न थानों में रखकर पूछताछ की जा रही है। **फॉरेंसिक टीम ने की जांच :** घटना के बाद रांची से डॉग स्कॉवयड की टीम, सीआइडी व फॉरेंसिक विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से कई खोखा भी बरामद किया है। प्रथम द्रष्टया में पुलिस को आशंका है कि सुभाष मुंडा की हत्या जमीन विवाद में की गयी है। हालांकि, पुलिास विभिन्न बिंदुओं पर भी छानबीन कर रही है। **पार्टी कार्यालय में अंतिम विदाई :** सीपीएम के राज्य कमेटी सदस्य सुभाष मुंडा को पार्टी कार्यालय में अंतिम विदाई दी गयी। रिम्स में बुधवार देर रात पोस्टमार्टम के बाद के सुबह पार्थिव शरीर को पार्टी के मेन रोड स्थित राज्य कार्यालय लाया गया। प्रदेश कार्यालय में पार्टी नेताओं उनके शव पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। पार्टी की ओर से इस दौरान निर्णय लिया गया आने वाले तीन दिनों तक सभी माकपा कार्यालयों में झंडा झुका रहेगा। दिन के करीब 12 बजे उनका शव उनके निवास स्थान लाया गया। जहां से दिन के दो बजे लगभग शव यात्रा निकाल कर अंतिम संस्कार किया गया।

### मॉनसून सत्र आज से...

इस बैठक में जनसमस्याओं को सदन में उठाने का निर्देश दिया गया। वहीं मणिपुर की घटना को लेकर सदन में निंदा प्रस्ताव पास कराने की भी बात कही गयी। पार्टी नेता आलमगीर आलम ने कहा कि बैठक में सभी विधायकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह पूरी प्रमुखता से अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठायें।

### सदन में सरकार को घेरने की...

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुये पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि राज्य सरकार की नाकामियों, वादा खिलाफी, नियोजन नीति, ध्वस्त विधि व्यवस्था जैसे जवलंत विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। विधानसभा के मॉनसून सत्र में इन विषयों को मुद्दा बनाते हुये राज्य सरकार से पार्टी जवाब मांगेगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार फिर एकबार युवाओं, बेरोजगारों को छलने का काम कर रही है। राज्य में लाखों पद खाली हैं। लेकिन बिना नियोजन नीति स्पष्ट किये हेमंत सरकार दिखावे केलिए वेकेंसी निकाल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में आम खास कोई भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी बेलगाम हैं। भाजपा विधानसभा में इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठायेगी। नेता विधायक दल के चयन पर उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है। हमारे सभी निर्णय लोकतांत्रिक तरीके से विमर्श आधारित होते हैं। केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के द्वारा सभी विधायकों से इस संबंध में राय ली जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व नये नेता विधायक दल पर फैसला लेगा।

### ...क्या पूरा विभाग अक्षम...

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इडी के निदेशक एसके मिश्रा के कार्यकाल के विस्तार को अवैध ठहराये जाने के कुछ दिन बाद केंद्र ने वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की समीक्षा जारी रहने के मद्देनजर उन्हें 15 अक्टूबर तक पद पर बने रहने की अनुमति देने के लिए बुधवार को शीर्ष अदालत का रुख किया था। उसी पर गुरुवार को सुनवाई हुई। केंद्र ने अपने आवेदन में कहा था कि एफएटीएफ की समीक्षा के दौरान मिश्रा की अनुपस्थिति भारत के राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी।

### गांवों के विकास से ही...

इसके साथ ही डेढ़ हजार से ज्यादा पीएफओ के लिए, हमारे किसानों के लिए ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स का लोकार्पण भी किया। इससे देश के किसी भी कोने में बैठे किसान के लिए अपनी उपज बाजार तक पहुंचाना और आसान हो जायेगा। इसके साथ ही पीएम ने देश के करोड़ों किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के लगभग 18 हजार करोड़ रुपये भेजे, जो सीधे उनके बैंक खाते में जमा हुए हैं। **किसानों का दुख-दर्द समझ रहे हैं :** इस मौके पर पीएम ने कहा कि आजादी के बाद यह पहली सरकार है जो किसानों का दुख-दर्द समझ रही है। हमारी पूर्ववर्ती सरकारों ने किसानों के हित के नाम पर सिर्फ अपना-अपना ही भला किया। आजादी के इतने दशक बाद अभी ऐसी सरकार आयी है जो उसकी चिंता समझती है। नौ वर्षों में लगातार किसान हित में फैसले लिये गये। बीज से बाजार तक किसानों के लिए नयी व्यवस्थाओं का निर्माण कर दिया है। हमारी सरकार देश के किसान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। **किसानों की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त :** पीएम ने कहा कि ये किसान समृद्धि केंद्र सच्चे अर्थों में किसानों की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगे। ये एक तरह से किसानों के लिए वन स्टॉप सेंटर हैं। उन्होंने कहा कि आज ही देश के किसानों के लिए एक नया यूरिया गोल्ड भी शुरू किया गया है। उन्होंने कहा मैं देश के लोगों को, राजस्थान के लोगों को और खासकर मेरे किसान भाई-बहनों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं, बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि किसान भाई-बहनों को अक्सर खेती से जुड़े सामानों के लिए, दूसरी जरूरतों के लिए अलग-अलग जगहों पर जाना पड़ता है। अब किसान को ऐसी मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। अब पीएम किसान समृद्धि केंद्र, किसानों को वहां से बीज भी मिलेगा और खाद भी मिलेगा। इसके अलावा खेती से जुड़े औजारों और दूसरी मशीनें भी इस केंद्र पर मिला करेंगी। ये सेंटर खेती से जुड़ी हर आधुनिक जानकारी किसानों को देंगे। **यूरिया की कमी नहीं होगी :** पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार, यूरिया की कीमतों की वजह से भारत के किसानों को परेशानी नहीं होने देगी और इस सच्चाई को देश का किसान देख रहा है, हर दिन अनुभव कर रहा है। जब यूरिया खरीदने जाता है ना तो उसे पक्का विश्वास होता है कि यह मोदी की गारंटी है। गारंटी किसको कहते हैं वो किसान को पूछोगे तो पता चलेगा।

